डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹77100 10 ग्राम
₹98000 01 किलो
सेंसेक्स 77,500.57 +740.76
डॉलर 86.566 +0.023

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



माघ शुक्ल पक्ष 03, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 01 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-108, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 सूक्ष्म भेदभाव महिलाओं के लिए...

## एक नजर

### डॉ. जगदीश्वर पांडेय बने गढ़वा नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पितांबर विश्वविद्यालय अंतर्गत गढ़वा के सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज के प्राचार्य के रूप में शुक्रवार को डॉ. जगदीश्वर पांडेय को नियुक्त किया गया है। बताते चलें कि श्री पांडेय पूर्व प्राचार्य विनोद कुमार पाठक की जगह ली। इसके पूर्व प्रोफेसर डॉ. जगदीश्वर पांडेय नामधारी कॉलेज में राजनीति विज्ञान के लेक्चरर के तौर पर कार्यरत थे। उनके प्राचार्य बनने व पदभार संभालने पर पूर्व प्राचार्य समेत महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापक सहित अन्य ने बधाई दी है।

### बसंत पंचमी का अवकाश 3 को

**रांची।** झारखंड सरकार ने बसंत पंचमी के अवसर पर आगामी सोमवार (03 फरवरी 2025) को सरकारी अवकाश घोषित किया है। यह अधिसूचना शुक्रवार को राज्य सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने जारी की है। इस अधिसूचना में कहा गया है कि बसंत पंचमी के अवसर पर 02 फरवरी (रविवार) को घोषित अवकाश के स्थान पर अब 03 फरवरी (सोमवार) को कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित किया गया है।

### एसीबी ने पंचायत सचिव को 6 हजार घूस लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**हजारीबाग।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने शुक्रवार को हजारीबाग जिले में कार्रवाई की है। इचाक प्रखंड कार्यालय परिसर में पंचायत सचिव रमेंद्र कुमार सिन्हा को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पंचायत सचिव ने मनरेगा के लाभुक ओमप्रकाश मेहता से मनरेगा योजना के टीसीबी निर्माण को लेकर छह हजार रुपए की मांग की थी।

### सोरेन ने की गुइलेन-बैरे सिंड्रोम की रोकथाम की तैयारियों की समीक्षा, कहा

# जीबीएस के मरीजों के इलाज के लिए करें विशेष व्यवस्था

**बोले सीएम**

- जीबीएस से घबराने की जरूरत नहीं
- बीमारी से बचाव को जागरूकता जरूरी
- अलर्ट मोड में रहे स्वास्थ्य विभाग



नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी के संक्रमण की रोकथाम एवं चिह्नित मरीजों के इलाज की व्यवस्थाओं को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी ऑनलाइन जुड़े थे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के दुष्प्रभाव, लक्षण एवं बचाव से संबंधित जानकारी से अवगत कराया। इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, निदेशक रिम्स प्रो (डॉ) राज कुमार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक अबू इमरान एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त तथा सिविल सर्जन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी से ग्रस्त मरीजों की पहचान करने एवं अस्पतालों में उनके समुचित इलाज की विशेष व्यवस्था रखें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जीबीएस के संक्रमण से बचने के लिए राज्य में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि **शेष पेज 11 पर**

**गिलियन-बैरे सिंड्रोम**

गिलियन-बैरे सिंड्रोम एक दुर्लभ ऑटोइम्यून बीमारी है, जिसमें प्रतिरक्षा प्रणाली चेहरा, हाथ और पैरों की नसों पर हमला करती है। पैरों में कमजोरी या झुनझुनी महसूस होना इसके शुरूआती लक्षण हैं। बाद में यह शरीर के ऊपरी भाग और बांहों तक फैल सकता है। ये लक्षण हल्के भी हो सकते हैं और गंभीर भी। गंभीर मामलों में लकवा लगने का डर रहता है। कभी-कभी ये लक्षण कुछ घंटों में ही तेजी से विकसित होते हैं और कभी-कभी कुछ सप्ताह का भी समय ले लेते हैं। लेकिन, अधिकतर मामलों में देखा गया है कि चार सप्ताह में ये चरम स्थिति में रहते हैं। अगर अचानक मांसपेशियों में कमजोरी महसूस होती है, जो कुछ घंटों में काफी बढ़ जाती है, तो तुरंत किसी डॉक्टर से मिलें। इससे बचाव के लिए शीघ्र उपचार शुरू करना महत्वपूर्ण है।

**स्थिति की गंभीरता पर अन्य लक्षण**

- चलने में कठिनाई होती है।
- चेहरा हिलाने में दिकत होती है।
- मांसपेशियों में दर्द रहता है।
- हृदय तेज गति से धड़कता रहता है।
- सांस लेने या भोजन निगलने में कठिनाई होती है।
- मूत्र विसर्जन को नियंत्रित करने में कठिनाई होती है।
- आंखों को हिलाने में दिक्कत होती है।
- पीड़ित व्यक्ति की दृष्टि धुंधली हो जाती है।

**अस्पतालों में बेड, दवा सहित सभी जरूरी व्यवस्था करें पुख्ता**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी से निपटने के लिए सभी अस्पतालों में बेड, दवा, मेडिकल ऑक्सीजन इत्यादि की पुख्ता व्यवस्था रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बीमारी से संबंधित कोई भी केस मिलने पर तत्काल रिम्स रेफर करें। संदिग्ध मरीजों को रिम्स तक पहुंचाने के लिए ट्रांसपोर्ट सिस्टम को अलर्ट रखें, ताकि ससमय मरीज को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के सिविल सर्जनों को निर्देश दिया कि इस बीमारी से संबंधित न्यूज, एक्टिविटीज एवं अपडेट पर पैनी नजर रखें, ताकि बीमारी के खतरे की तैयारी समय रहते की जा सके। बीमारी के इलाज में किसी को कई दिक्कत न हो, यह भी सुनिश्चित करें।

## हैदरनगर बाजार में हुई गोलीबारी में ग्रामीण की मौत



**पुलिस हत्या के मूल कारणों का पता लगाने में जुटी : थाना प्रभारी**

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर के बीच बाजार में शुक्रवार को दिन दहाड़े एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई है। दोपहर बाद यह घटना मेन रोड स्थित जगदंबा कांप्लेक्स के समीप घटी। अपराधियों के ताबड़तोड़ गोली चलाने के दौरान हैदरनगर थाना क्षेत्र के इमामनगर बरेवा पंचायत अंतर्गत बहेरवाखांड गांव निवासी जमालुद्दीन अंसारी के 40 वर्षीय पुत्र इमामुद्दीन अंसारी को पेट में गोली मारकर हत्या करने के बाद अपराधी आराम से फरार हो गया। गोली चालन की घटना के बाद बाजार क्षेत्र में भगदड़ मच गई। गोली लगने के बाद अचेत अवस्था में ठेला पर घायल व्यक्ति को लादकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां जांच के बाद चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही दलबल के साथ पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्र में गोलीबारी की घटना के संबध में आसपास के सीसीटीवी के फुटेज खंगालने में पुलिस जुटी है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हत्या के कुछ ही देर बाद आरोपी मुमताज मंसूरी को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त हथियार को भी बराम कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर हत्या के करणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। दिन दहाड़े बाजार क्षेत्र में हुई गोलीबारी के बाद में मेन रोड में व्यावसायिक प्रतिष्ठान के सभी शटर धड़ाधड़ बंद हो गए। इस घटना से बाजार क्षेत्र में दहशत का माहौल है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गोलीबारी की आवाज इतनी तेज थी कि उन्हें समझ नहीं आया कि क्या हो रहा है। पुलिस ने लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की है। इस संबंध में थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ की जा रही है। बताया गया है कि आरोपी मुमताज मंसूरी के साथ इमामुद्दीन अंसारी की घटना से पहले मस्जिद मोहल्ला में नोंकझोंक हुई थी। इसके बाद आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## लोहरदगा की जीरो ड्रॉपआउट स्टोरी को नीति आयोग ने दिया पहला स्थान

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** नीति आयोग ने लोहरदगा जिले में सीजनल माइग्रेशन के कारण होने वाले ड्रॉपआउट को रोकने के लिए किए गए प्रयास की सराहना की है। नीति आयोग ने अपने 'नीति फॉर स्टेट्स : विकसित भारत स्ट्रैट्जी प्लेटफार्म' पर लोहरदगा जिले में सेकेंडरी स्कूलों में छात्र-छात्राओं के जीरो ड्रॉपआउट के लिए जिला प्रशासन की ओर से किए गए बेहतर प्रयास पर भेजी गई स्टोरी को देशभर में पहला स्थान दिया है। लोहरदगा के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने इसके लिए जिला प्रशासन की पूरी टीम तथा पिरामल टीम की प्रशंसा की है। जिला प्रशासन की ओर से ग्राम पंचायत स्तर पर इसके लिए अभियान चलाया गया था, जिसका उद्देश्य सेकेंडरी स्कूलों में सीजनल माइग्रेशन के चलते आ रहे ड्रॉपआउट की समस्या को कम करना था। जिला प्रशासन तथा पिरामल टीम की ओर से इसके लिए स्वास्थ्य के कारण, गरीबी के कारण, स्कूल दूर होने के कारण, परिवार से दूर होने के कारण जैसे बिंदुओं पर रणनीति बनाई गई थी और सेकेंडरी स्कूलों में ड्रॉपआउट रोकने के लिए पंचायत की मदद से अभियान चलाया गया था।

**झारखंड बिहार बार्डर सील, वाहनों की लगी लंबी कतार**

**हजारीबाग (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण बिहार-झारखंड सीमा पर गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। बिहार सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हजारीबाग के चौपारण में अपनी सीमा को सील कर दिया है, जिससे झारखंड से बिहार की ओर जाना मुश्किल हो गया है। कोलकाता-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-2) पर पिछले चार दिनों से जाम की स्थिति बनी हुई है। हजारीबाग जिले के पास बिहार सीमा क्षेत्र में वाहनों का परिचालन पूरी तरह से ठप हो गया है। विशेष रूप से छोटी कारों और निजी वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है। चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि केवल बिहार से झारखंड आने वाले यात्रियों के लिए एक तरफ का मार्ग खुला रखा गया है।

### केंद्रीय वित्त मंत्री ने संसद में पेश किया वित्त वर्ष 2024-25 का आर्थिक सर्वेक्षण

# आर्थिक वृद्धि दर 6.3 से 6.8 फीसदी रहने का अनुमान

**निर्मला सीतारमण आज पेश करेंगी 2025-26 का आम बजट**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 का आर्थिक सर्वेक्षण शुक्रवार को संसद में पेश किया। आर्थिक समीक्षा में अगामी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.3 से 6.8 फीसदी रहने अनुमान जताया गया है। वहीं, चालू वित्त वर्ष 2024-25 में देश की आर्थिक वृद्धि दर चार साल के निचले स्तर 6.4 फीसदी पर रहने का अनुमान है। सीतारमण शनिवार को 2025-26 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा के पटल पर आर्थिक सर्वेक्षण रखा। आर्थिक सर्वेक्षण चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन के आकलन के साथ-साथ देश के समक्ष चुनौतियों को बयां करता है। आर्थिक सर्वेक्षण एक वार्षिक दस्तावेज भी होता है, जिसे सरकार केंद्रीय बजट से पहले अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए पेश करती है। यह सुधारों और विकास का खाका भी प्रदान करती है। आर्थिक सर्वे में जमीनी स्तर पर स्ट्रक्चरल रिफॉर्म और विनियमीकरण पर जोर देने की जरूरत पर बल दिया गया है। सर्वे का कहना है कि भू-राजनीतिक तनाव, संघर्षों तथा वैश्विक स्तर पर वाणिज्यिक नीतियों से जुड़े हुए खतरों को देखते हुए दुनिया की अर्थव्यवस्था से समक्ष बड़ी चुनौतियां हैं। आर्थिक सर्वे में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2024 के दौरान 5.4 प्रतिशत रही खुदरा महंगाई दर अप्रैल से दिसंबर तक 4.9 प्रतिशत रह गई है।

आर्थिक सर्वेक्षण अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दृष्टिकोण प्रदान करने के अलावा अर्थव्यवस्था और विभिन्न क्षेत्रों में विकास की रूपरेखा को बयां करती है। आर्थिक सर्वेक्षण को मुख्य आर्थिक सलाहकार की देखरेख में वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग का आर्थिक प्रकोष्ठ तैयार करता है। पहली आर्थिक समीक्षा 1950-51 में पेश की गई थी, जो उस समय बजट दस्तावेज का हिस्सा होती थी। इसे वर्ष 1960 के दशक में केंद्रीय बजट से अलग कर दिया गया और बजट से एक दिन पहले संसद में पेश किया जाने लगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुमान के अनुसार, कमजोर विनिर्माण एवं निवेश के कारण भारत की जीडीपी चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 6.4 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो चार साल का निम्नतम स्तर है। यह पिछले वित्त वर्ष की आर्थिक सर्वेक्षण में अनुमानित 6.5-7 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आरबीआई के 6.6 फीसदी के अनुमान से भी कम है।

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2020 से 2025 के दौरान प्रमुख क्षेत्रों में ढांचागत निर्माण में सरकारी पूंजी व्यय 38.8 प्रतिशत बढ़ा है। इसके अनुसार बिजली क्षेत्र में स्थापित **शेष पेज 11 पर**

**आज | कल**




**इंडिया**

## बजट की मजबूरी प्राथमिकता और झारखंड



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करेंगी। इससे पहले शुक्रवार को संसद में पेश की गई बजट-पूर्व रिपोर्ट में भारत की आर्थिक विकास की बात पर जोर दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत को अपने तेज आर्थिक विकास को बनाए रखने के लिए जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि वैश्विक स्तर पर विकासशील देशों के लिए जलवायु परिवर्तन के उपायों को फंड देने में कमी आ रही है, जिससे भारत को अपने जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने में समस्या हो सकती है।भारत जलवायु परिवर्तन के लिए दुनिया का सातवां सबसे संवेदनशील देश है और 2025 में होने वाली सीओपी30 सम्मेलन की तैयारी कर रहा है। इस सम्मेलन में पेरिस समझौते के तहत देशों को अपने जलवायु लक्ष्यों का अगला संस्करण पेश करना होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर जलवायु लक्ष्यों के लिए फंडिंग नहीं बढ़ी, तो भारत को अपने जलवायु योजनाओं को फिर से समायोजित करना पड़ सकता है।रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत का जलवायु अनुकूलन खर्च 2016 में जीडीपी के 3.7 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 5.6 प्रतिशत हो गया। इसके अलावा, रिपोर्ट ने सीओपी29 में उठाए गए कदमों पर भी सवाल उठाए, जिसमें 2030 तक 300 बिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा गया था, जो वास्तविक जरूरत के मुकाबले बहुत कम है।रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि विकसित देश अपने जलवायु लक्ष्यों से काफी पीछे हैं और भारत को अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने, ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियों और खनिजों के स्रोत को मजबूत करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत ने 2070 तक शून्य उत्सर्जन लक्ष्य रखा है और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। रिपोर्ट में क्षेत्र-विशिष्ट जलवायु अनुकूलन उपायों की आवश्यकता और जलवायु-लचीला कृषि, बैटरी भंडारण अनुसंधान, और कार्बन कैप्चर तकनीकों में निवेश की बात भी कही गई है। इसके अलावा, भारत के लाइफ मिशन की तारीफ की गई, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जागरूकता बढ़ाने पर जोर देता है और इसे शिक्षा में शामिल करने का सुझाव भी दिया गया।




झारखंड के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संसद में बजट पेश किए जाने पर कहा कि उन्हें कोई अपेक्षा नहीं है। केंद्र सरकार कोई स्पेशल पैकेज झारखंड को नहीं दे,बल्कि झारखंड का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये केवल दे दे। बजट से बस यही अपेक्षा रखते हैं । उन्होंने कहा कि अभी ब्याज की बात नहीं करेंगे, यह याचना करने की बात नहीं है यह हक है। यह विभागीय प्रावधान है जो देनदारी झारखंड की बनती है वह केंद्र सरकार दे दे।इधर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि ह्यमंईयां सम्मान योजनाह्न से पूरे देश में राज्य की अलग पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार बाल विकास और महिला कल्याण मंत्रालय पूरे देश के लए 25-26 हजार करोड़ बजट का प्रावधान करती है, लेकिन झारखंड सरकार 15-16 हजार करोड़ रुपये अपनी आधी आबादी को सुपुर्द करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये कोई छोटी बात नहीं हैं, एक राज्य अपने बजट की इतनी बड़ी राशि से आधी आबादी के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने लोग इस योजना को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। लेकिन वो आश्वस्त है और सभी लोग बिल्कुल निर्भीक हो रहे। राज्य सरकार किसी भी तरह से किसी भी व्यक्ति पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं डालने जा रही है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार अपने आंतरिक संसाधनों के स्रोत को ही इस तरह से तलाशने की कोशिश करेंगे, जिससे मंईयां सम्मान योजना के लिए आवश्यक राशि की व्यवस्था हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वक्त झारखंड के लिए नींव मजबूत करना है। हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में कहा-ह्य झारखंड को कहने को तो सोने का चिड़िया कहा जाता है, लेकिन वास्तव में यह राज्य देश के सबसे पिछड़े राज्यों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों में गिरते-पड़ते कई नये आयाम गढ़ने की कोशिश की गई। नीति आयोग की ओर से भी कुछ कार्यों के लिए झारखंड सरकार की सराहना की गई। नीति आयोग की ओर से देश भर के सभी राज्यों के लिए जो मापदंड किए गए, उनमें से कई बिंदुओं पर झारखंड पहले पायदान पर रहा। लेकिन इससे खुश होने की जरूरत नहीं हैं। अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा परिपूर्ण राज्य है, इसका देश की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ा है। राज्य सरकार की ओर से सीमित संसाधनों की ओर से आधारभूत संरचना के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण काम किए। झारखंड फेडरेशन ऑफ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की मांग है कि चतरा में स्टील उद्योग और अन्य स्थानों में औद्योगिकीकरण का केंद्र विकसित करने की आवश्यकता है ।देखना दिलचस्प होगा कि जो वर्ग मुखर नहीं है उसके लिए क्या होता है ?

## गोड्डा में नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, फिर जहर खिलाकर हत्या

**गोड्डा।** झारखंड के गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की का घर से अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म और इसके बाद जहर खिलाकर हत्या की घटना सामने आई है। इसका आरोप उसी थाना क्षेत्र के अनवर अंसारी पर है। स्थानीय सांसद निशिकांत दुबे और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी विधि-व्यवस्था को लेकर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। वारदात को लेकर जिले में उबाल है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मृत नाबालिग की मां के बयान पर दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, अनवर अंसारी पीड़िता से शादी के लिए दबाव डाल रहा था। वह उसे जबरन अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म के बाद दवा खिलाकर उसकी जान ले ली। इसके बाद वह उसकी बेटी का शव उसके घर पर पहुंचाकर भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही सुंदरपहाड़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा भेज दिया है।

एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इधर, सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यह हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र बरहेट की यह घटना है। गोड्डा मेरा भी जिला है। कांग्रेस की नीतियों के कारण पूरा संथाल परगना बांग्लादेशी घुसपैठियों से भर चुका है। आदिवासी लड़कियों के साथ जबरन शादी, बलात्कार, जमीन हथियाना आम बात है। आदिवासियों की संख्या 45 प्रतिशत से घटकर केवल 25 प्रतिशत रह गई है। जार्ज सोरोस, बांग्लादेश के प्रधानमंत्री यूनुस और कांग्रेस की तिकड़ी हमारा अस्तित्व समाप्त कर देगी।

## एक नजर

### विद्यार्थियों के बीच 80 साइकिल का वितरण

**उंटारी रोड।** प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण भगत ने शुक्रवार को सीड़हा स्कूल के प्रांगण में राजकीय मध्य विद्यालय डेवडर, बिंदुआ, विरजा विद्यालयों के छात्र छात्राओं के बीच कुल 80 साइकिल प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण भगत ने कहा कि छात्रों के अध्ययन क्षमता बढ़ाने और इसे सुगम बनाने की उद्देश्य से झारखंड सरकार ने साइकिल वितरण योजना लायी है। स्कूली छात्र-छात्राओं में शिक्षा के प्रति ललक पैदा करने, एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहें और बच्चे सुगमता से अपने घर से विद्यालय तक पहुंच सके। इस उद्देश्य से सरकार की यह योजना काफी कारगर साबित हो रही है।

### प्रेमनाथ बने एसबीएस कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य

**हुसैनाबाद।** शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज जपला में पूर्व प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार सिंह के सेवानिवृति के बाद वरीय व्याख्याता प्रेमनाथ को शासी निकाय के अध्यक्ष, विधायक संजय कुमार सिंह यादव व अंतरिम सचिव सुशीला मिश्रा के आदेशानुसार प्रभारी प्राचार्य का पदभार दिया गया है। नये प्रभारी प्राचार्य प्रेमनाथ को अंतरिम सचिव के अलावे कॉलेज के शिक्षक - शिक्षकेत्तर कर्मचारी ने माला पहनाकर स्वागत किया। जिसमें अरविन्द कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, शंभू शरण सिंह, हरिहर प्रसाद मेहता आदि शामिल थे।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर डीसी ने अंचल निरीक्षक को सस्पेंड किया


अंचल निरीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर उपायुक्त शशि रंजन ने राजस्व निरीक्षक का रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने के बाद तत्काल प्रभाव से मुकेश कुमार को सस्पेंड कर दिया है। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को पूरे मामले से अवगत भी करा दिया है। बता दें कि समाज सेवी सह युवा एक्टिविस्ट एआर रहमान खान ने संबंधित वायरल वीडियो को मुख्यमंत्री और डीसी को ट्वीट करते हुए इस मामले की जांच कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की थी।

### म्यूटेशन में कैसे चल रहा था रिश्वतखोरी का खेल

वायरल वीडियो में देखा जा रहा था कि रामबांध पंचायत के बलडिहरी गांव की विधवा ऐशुन बीबी से म्यूटेशन के एवज में राजस्व अंचल निरीक्षक मुकेश कुमार रिश्वत ले रहा है। वृद्धा रिश्वत की राशि कम करने के लिए गिड़गिड़ाती रही, लेकिन राजस्व अंचल निरीक्षक उनकी एक नहीं सुनी। अंत में म्यूटेशन के लिए 10 हजार रुपये एक युवक के माध्यम से लेते हुए दो हजार रुपये बाद में देने को कहकर उसे हाथ में थाम लिया। दोनों के चले जाने के बाद एक अन्य युवक से वातार्लाप करते हुए कितना है, पूछते हुए उसके कहने पर टेबल की आड़ लेकर रुपये की गिनती कर रहा है। गिनती के बाद 42 हजार का पता चलता है। इसी बीच युवक बता रहा है कि पापा सात म्यूटेशन के लिए यही दिए हैं। पूरे वीडियो में म्यूटेशन के निर्धारित रेट का वृद्धा और युवक से वातार्लाप में खुलासा भी हुआ है। इसमें एक म्यूटेशन का 15 हजार तक की बात सामने आई है। कुल मिलाकर 52 हजार रुपए एक दिन का कलेक्शन भी सामने आया है। साथ ही इस मामले में फील्ड में कलेक्शन करने वाले बिचौलियों का भी पता चला है। इस प्रकार वायरल वीडियो ने खुलेआम रिश्वतखोरी के खेल को दर्शा दिया है। जबकि राज्य सरकार ने इस मामले में चेतावनी देते हुए ऐसा नहीं करने की हिदायत दी है। इस मामले में शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। बावजूद इसके बेधड़क और निर्भयता के साथ रिश्वतखोरी का खेल चल रहा था। जो इंटरनेट मीडिया पर चुनौती के रूप में सामने आया। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने इसे अक्षम्य अपराध बताते हुए रिश्वतखोरी पर लगाम कसने के लिए दोषी पाए गए राजस्व अंचल निरीक्षक को मुअत्तल करने की जरूरत बताया है।

### महाकुंभ के भगदड़ में मृतक के परिजनों से मिले विधायक

**नावाबाजार पलामू।** प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन स्नान करने गई गायत्री देवी की भगदड़ में मौत हो गई थी। जानकारी मिलते पर विश्रामपुर के राजद विधायक नरेश प्रसाद सिंह मृतक के गांव राजहरा पहुंचे। वहां मृतक के पति अमरेश पांडेय से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाते हुए घटना की जानकारी प्राप्त की। मौके पर विधायक ने पार्टी की तरफ से मृतक के पति को 51 हजार रुपए का सहयोग प्रदान किया। साथ ही पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग करने का भी आश्वासन दिया। इसके पूर्व मृतक की आत्मा को शांति के लिए परिवार के सदस्यों के साथ विधायक व राजद कार्यकर्ताओं ने एक मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त किया। मौके पर आरजेडी के पलामू जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान, नावाबाजार पूर्व जिला परिषद् सदस्य अनुज राम, जमालुदीन खान, मीर वारिश, नावा प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, जंमेजय पांडेय सहित पार्टी के कार्यकर्ता व परिवार के सदस्य मौजूद थे

## न्यूज बॉक्स

### सीएचसी में जरूरी सामाग्रियों की क्रय का निर्णय

**मोहम्मदगंज।** सीएचसी भवन में संचालित आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में आयोजित जन आरोग्य समिति की बैठक में कई निर्णय लिए गए हैं। बताया गया कि बैठक में मुख्य रूप से स्वच्छता के प्रति विशेष ध्यान देते हुए कैंपस की साफ सफाई और जरूरी सामग्रियों के क्रय करने पर सहमति बनी है। बैठक की अध्यक्षता समिति के सदस्य हरिहर मेहता ने की। मौके पर सीएचओ रामी किण्डो सहित स्वास्थ्य सहिया, स्वास्थ्यकर्मी और समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### सरस्वती पूजा को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक

**उंटारी रोड।** सरस्वती पूजा मनाने को लेकर शुक्रवार को थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे ने बैठक में जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों से आपसी सौहार्दता एवं भाईचारे के माहौल में सरस्वती पूजा संपन्न कराने को लेकर आवश्यक सहयोग का अनुरोध किया। कहा कि इस बार भी सरस्वती पूजा शांति एवं सौहार्द के माहौल संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पूर्ण रूप से डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। शाम 5 बजे तक सभी पूजा कमेटी के लोग सरस्वती मां की प्रतिमा का विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग तरीके से करेंगे। उन्होंने पूजा कमेटी से शरारती तत्वों पर नजर पैनी नजर रखने का अनुरोध कर संदेहास्पद स्थिति में तत्काल इसकी सूचना देने की बात कही। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण कुमार भगत, अंचल अधिकारी वासुदेव राय सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद थे।

### शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजा मनाने का निर्णय

**विश्रामपुर।** रेहला थाना में सरस्वती पूजा को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता विश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी व संचालन थाना प्रभारी दीप नारायण ने किया। बैठक में सरस्वती पूजा महोत्सव को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। सीओ राकेश तिवारी ने कहा कि मिल जुलकर मनाने से किसी भी पर्व का महत्व बढ़ जाता है। पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने कहा कि पूजा के दौरान गश्त बढ़ायी जायेगी। पुलिस सामाजिक तत्वों पर भी कड़ी निगाह रखेगी। बैठक में सीआई विजय चौबे, 20 सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित,पार्षद नरेंद्र राम गुड्डू, इनामुल हम गुड्डू, टुनटुन दीक्षित, एसआई जग्रनाथ चक्रवर्ती,एएसआई चंदन कुमार,विजय चंद्रवंशी सहित दोनों समुदाय के लोग काफी संख्या में मौजूद थे।

### सरस्वती पूजा में डीजे नहीं बजाएं : थाना प्रभारी



**सतबरवा।** थाना में शुक्रवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की आयोजित बैठक में हर साल की तरह इस साल भी सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया। अध्यक्षता थाना प्रभारी अंचित कुमार ने की। बैठक में सतबरवा ताबर,झाबर,लहलहे,पोलपोल,बारी,खामडीह के ग्रामीण उपस्थित थे। पूजा को सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर लोगों ने अपनी बातों को बारी-बारी से रखा। बैठक में सरस्वती पूजा के बाद दूसरे दिन विसर्जन को लेकर चर्चा की गयी। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें । कहीं अगर किसी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो तत्काल उन्हें सूचना दें। पुलिस सहयोग करेगी। अफवाहों पर ध्यान न देकर विधि व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग करें। पूजा के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर सुरक्षा मुहैया कराया जाएगा। जुलूस के दौरान डीजे का प्रयोग न करें। पूजा व जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरा से होगी। बैठक में उप प्रमुख कमाख्या नारायण यादव, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम, मुखिया ब्रह्मदेव सिंह, रिंकी यादव, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा,धीरज प्रसाद, अनिल कुमार सिंह,मो रब्बानी अंसारी, रामाशीष सिंह,मो मुमताज अंसारी,बाबर खान, सिकंदर भुइंया, ए एस आई राजिव कुमार, बसंत दुबे समेत जनप्रतिनिधियों के साथ कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### अफवाह पर ध्यान ना दें, पुलिस सहयोग के लिए तत्पर रहेगी: थाना प्रभारी



**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना परिसर में शुक्रवार को सरस्वती पूजा व उर्स मेला को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता व संचालन तनवीर आलम ने किया। बैठक में शामिल लोगों से पूजा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सलाह ली गयी। सभी लोगों ने अपनी बातों को बारी-बारी से रखा व आयोजन को सफल बनाने की जानकारी दी। साथ ही पूजा व विसर्जन को लेकर चर्चा की गई। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। कोई बात होती है तो तत्काल उन्हें सूचना दें। पुलिस आपको सहयोग करेगी। सीओ सुनील कुमार सिंह ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न देकर विधि व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल सोनी, चेंबर महामंत्री तनवीर आलम, उप मुखिया हेमायू खान, समाज सेवी बजरंगी प्रसाद सोनी, पूर्व मुखिया भोला साव, पंचायत जनप्रतिनिधियों के अलावा सरस्वती पूजा समितियां सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कृषक पाठशाला में जैविक खाद से फुलगोभी की खेती के तरीके बताए



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कृषि प्रौद्योगिक प्रबंध अभिकरण पलामू के तत्वावधान में गुरुवार स्थानीय पंचायत के टोला झरीवा में कृषक पाठशाला का आयोजन किया गया। इसका संचालक बिहारी मेहता ने किया इसमें उन्होंने वैज्ञानिक विधि से जैविक खाद से फुलगोभी की खेती करने के तरीके बताते हुए परीक्षण कराया। इस मौके पर एटीएम युसूफ आजाद (पांडू) और एटीएम प्रशांत तिवारी (मोहम्मदगंज) और कृषि मित्र दीपक कुमार मेहता ने परीक्षण और खेती करने के बारे में बताया। कार्यक्रम पंचायत समिति सदस्य ममता देवी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसमें किसान महेंद्र मेहता, सच्चिदानंद मेहता, महंग यादव, राजेंद्र मेहता, सीमा देवी, सुजानती देवी, सुमित्रा देवी, पुनिया देवी सहित अन्य कई ने शामिल होकर खेती करने के परीक्षण को समझा। इस पर अमल करने के प्रति सहमति जताई।

## भीम चूल्हा पर्यटक स्थल को संरक्षण देने का ग्रामीणों ने लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक महत्व के धरोहर भीम चूल्हा स्थल पर राष्ट्रीय पर्यटन दिवस कार्यक्रम में शामिल आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने इसे संरक्षण प्रदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मप्रेमी द्वारिका प्रसाद ने की। इस मौके पर पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी ने कहा कि पर्यटन के दृष्टिकोण से इस स्थल के विकसित होने से आसपास के साथ ही बाहर के सैलानियों की आस्था और आकर्षण का यह बड़ा केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक धरोहर को दशकों पहले पूर्वजों ने ही संरक्षित करने में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उनके बाद की पीढी ने उनके पदचिन्हों पर चलते हुए शिव मंदिर के साथ ही धार्मिक दृष्टिकोण से विकास के अन्य कई आयाम स्थापित किया। जिसने इसकी पहचान को बढाया है। यही वजह है कि पर्यटक स्थल के रूप में झारखंड के मानचित्र पर देदीप्यमान हो गया है। इस मौके पर इसे संरक्षण प्रदान करने के लिए गए संकल्प से इस पर्यटक स्थल पर कर्तव्यों के निर्वहन को लेकर उनका मनोबल बढ़ा है।



### सुविधाओं का जल्द हो विस्तार

पुजारी ने लोगों को बताया कि पर्यटकों की सुविधा के लिए विभागीय स्तर से और भी कई काम करने की योजना है। 4 जुलाई को ही इसे लेकर पर्यटन विशेषज्ञ सुशील द्विवेदी ने सर्वेक्षण किया है। जिन सुविधाओं का विस्तार किया जाना है, उनमें सोलर हाइमास्ट लाइट, चबूतरे, कोयल किनारे रेलिंग, नाला की ढलाई, 4 सीटर गजीबोज, सीसीटीवी कैमरे, सुलभ शौचालय, शीतल जल संयंत्र, गार्ड रुम और हथिया पत्थर की घेराबंदी जैसी अन्य कई योजनाएं प्रस्तावित हैं। सबसे जरूरी काम सोलर एनर्जी चालित जलापूर्ति व्यस्था चालू भी कर दी गई है। इसमें अब केवल संपूर्ण एरिया में पाइपलाइन बिछाने और जगह-जगह नल कनेक्शन देने का काम बाकी रह गया है। बैठक में शामिल लोगों ने कहा कि भीमचूल्हा के पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने से क्षेत्र की गरिमा बढी है। वे गौरवांवित महसूस करते हैं। उन्होंने अन्य प्रस्तावित योजनाओं को यथाशीघ्र कार्यरूप देने की जरूरत पर बल दिया। कार्यक्रम में कमलेश मेहता, विकास सिंह, पप्पू सिंह, शंभू चंद्रवंशी, राजकुमार मेहता सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

## नगर पंचायत के वार्ड तीन में सड़कों पर नाली का गंदा पानी बहने से छात्रों व राहगीरों को हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन में नाली का गंदा पानी बहने से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रों सहित राहगीरों को काफी परेशानी हो रही हैं। बताया जाता हैं कि दिनेश चौक, नहर मोड़ से रामबीघा मुख्य सड़क किनारे नगर पंचायत द्वारा नाली का हाल ही में निर्माण कराई गई थी। लेकिन कुछ स्थानीय लोगों के द्वारा नाली को भरकर अवरुद्ध कर दिया गया हैं। जिससे नाली का गंदा पानी रिसाव होकर सड़क पर बहने लगा है। जिससे आवागमन में राहगीरों और छात्रों को भारी परेशानी हो रही हैं। वहीं लोगों ने नगर पंचायत से शीघ्र ही नाली को अतिक्रमण मुक्त कर सफाई कराने की मांग की है। लोगों ने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत प्रशासन की उदासीन रवैया से शहरी क्षेत्रों में कुछ लोग नाली को भर दे रहे है। परंतु उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से लाखों रुपए की लागत से बनी नाली बेकार साबित हो रही हैं। वार्ड तीन के निवर्तमान पार्षद राजेन्द्र पाल ने बताया कि इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रशासक को अवगत कराये जाने के बावजूद इसका समाधान नहीं किया गया है।



### पांच दिवसीय रजत जयंती समारोह का समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** प्रखंड अंतर्गत लठेया ग्राम में अवस्थित विद्या विहार वाटिका की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 26 से 30 जनवरी तक पांच दिवसीय रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार की शाम सत्र में दीपोत्सव व श्रीराम कथा के साथ समारोह का समापन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक तथा विद्या विहार वाटिका के महानिदेशक डॉ. रामरेश यादव ने कहा कि यह कार्यक्रम अद्भुत रहा। किसी विद्यालय द्वारा आयोजित यह बहुआयामी कार्यक्रम अद्वितीय है। बताते चलें कि विद्या विहार वाटिका, लठेया की स्थापना 30 जनवरी 2000 को हुई थी। तब से लेकर आज तक इस विद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर अनेक विद्यार्थी विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी पदों पर आसीन होकर निष्ठा और लगन के साथ सेवा दे रहे हैं। पूरे इलाके में विद्या विहार वाटिका द्वारा प्रदत शिक्षा और संस्कार का स्पष्ट प्रभाव दिखता है। यहां के विद्यार्थी देश तथा दुनियां के जिस कोने में हैं, वहां उनके साथ इस विद्यालय का अद्भुत अनुशासन तथा विराट व्यक्तित्व का प्रभाव साफ नजर आता है। श्रीराम कथा के क्रम में महानिदेशक डॉ. रामरेश यादव ने जटायु के प्रसंग का हवाला देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में पशु-पक्षी तक मां बहनों की मयार्दा बचाने के लिए अपना बलिदान दे देते हैं। फिर हम तो मनुष्य ही हैं। डॉ. रामरेश यादव के ने संगीतमयी श्रीराम कथा के दौरान विभिन्न प्रसंगों की अद्भुत व्याख्या की। इस दौरान पूरे क्षेत्र के सभी गांवों के कुछ घरों तथा सभी मंदिरों में दीपोत्सव हुआ व विद्या विहार वाटिका प्रांगण में ढ़ाई हजार एक दीप जलाए गए। इस मौके पर रंगारंग डांडिया नृत्य हुआ, जिसमें लगभग ढाई सौ महिलाएं भाग लीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्या सुप्रिया सिंह, शिक्षक प्रमोद कुमार, मालिक चंद कुमार रवि, दिनेश कुमार यादव, एम के दीपक, महेश्वर यादव, अजीत कुमार, दीपक कुमार, सुधीर कुमार तथा शिक्षिका वर्षा कुमारी, रीता कुमारी, दीप ज्योति सिंह, ब्यूटी कुमारी आदि ने सहयोग किया।

## रसोईया कुकिंग प्रतियोगिता में सुनीता प्रथम व बसंती ने द्वितीय स्थान प्राप्त की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बीआरसी परिसर में विभागीय निर्देश पर पूर्व में ही निर्धारित हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत रसोईया का प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता शुक्रवार को आयोजित की गई। इसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय विदौलिया की रसोइया सुनीता देवी को प्रथम और लोहबंधा उत्क्रमित मध्य विद्यालय की रसोईया बसंती देवी को द्वितीय पुरस्कार मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम ने किया गया। मौके पर बीईओ रामनरेश राम ने कहा कि सरकार द्वारा कुकिंग की प्रतियोगिता कराकर बहुत ही बेहतर कार्य किया है। प्रतियोगिता से न केवल भोजन व व्यंजन बनाने की हुनर में निखार आता है, बल्कि लोगों में बनाने की हुनर भी प्रत्यलक्षित होती हैं। उन्होंने कहा कि आज वह सेवानिवृत्त हो गए हैं। प्रतियोगिता का आयोजन एमडीएम प्रभारी अभय कुमार सिंह द्वारा किया गया था। इसमें सभी 11 संकुल से प्रथम स्थान प्राप्त रसोईया शामिल हुई थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संकुल साधन सेवी संतोष कुमार सिंह, अनूप कुमार सिंह, परमेंद्र कुमार सिंह ,ओमप्रकाश सिंह ,अरुण कुमार सिंह, हेमंत कुमार, रिसोर्स शिक्षक विनोद कुमार, प्रखंड साधन विनय कुमार सिंह के अलावा प्रतियोगिता में सभी संकुल साधन सेवी,प्रखंड साधन सेवी , बीआरसी कर्मी आदि मौजूद थे।




### सांसद से गढ़वा रोड जंक्शन पर फुट ओवर ब्रिज बनाने की मांग

**विश्रामपुर।** गढ़वा रोड जंक्शन पर फूट ओवर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय ने सांसद विष्णु दयाल राम को ग्रामीणों का एक हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि गढ़वा रोड जंक्शन मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित हो रहा है, जिसके तहत स्टेशन के पश्चिमी पानी टंकी के पास से रेलवे ट्रैक पार करने के लिये पुराने रास्ते के समक्ष एक फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करना था। जिसकी मांग भी स्थानीय लोग काफी समय से कर रहे थे, लेकिन पूर्व-मध्य रेलवे मंडल रेल प्रबंधक ने स्थल परिवर्तित करते हुए उसकी लंबाई घटा दी। अब यह फुट ओवर ब्रिज प्लेटफॉर्म एक से प्लेटफॉर्म दो तक ही जायेगा। ललन प्रसाद पांडेय ने बताया कि गढ़वा रोड जंक्शन रेहला शहर के बीचों-बीच से गुजरता है, जिससे रेहला शहर दो भागों में बंट चुका है। रेलवे ट्रैक के दोनों ओर काफी आबादी रहती है। ट्रैक के एक तरफ डाकखाना, स्कूल, बाजार सहित कई महत्वपूर्ण कार्यालय अवस्थित है।

## आस्था

### धार्मिक अनुष्ठान का हुआ आयोजन

# डंडीला के हनुमान मंदिर का मना प्रथम वर्षगांठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द स्थित हनुमान मंदिर का प्रथम वर्षगांठ शुक्रवार को धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मनाया गया। धार्मिक कार्यक्रम को लेकर लोग खासे उत्साहित थे। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर में एकत्रित होने लगे थे। प्रातःकाल व संध्या काल में महाआरती हुआ। दिन में विशेष पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान सत्यनारण की कथा का श्रवण किया। बतौर मुख्य यजमान सेवानिवृत शिक्षक रामदास शुक्ला सपत्नीक पूजा संपन्न कराया। दोपहर दो बजे के बाद महाभंडारा की शुरूआत हुई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा शाम छः बजे से 12 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हुआ,जो शनिवार सुबह छःबजे तक चलेगा। धार्मिक मंत्रोच्चारणों व जयघोष से पूरा गांव गुंजायमान रहा। इससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। मौके पर मंदिर प्रबंधन समिति के कुंदन शुक्ला,रामाश्रय शुक्ला, अशोक शुक्ला, पवन शुक्ला, प्रो. नंदलाल शुक्ला, पंडित विजय शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, लालाबाबू शुक्ला, पार्षद दिनेश शुक्ला, विक्की शुक्ला, अरुण शुक्ला, विगन शुक्ला, रामकुमार शुक्ला, ललन शुक्ला, गोरख शुक्ला, शिवलाल शुक्ला, राजू शुक्ला, प्रियांशु शुक्ला, ऋषि कुमार शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।



## मौसम के उतार चढ़ाव से फैलते हैं वायरस और बैक्टीरिया का प्रभाव : डॉ. ज्योतिष

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** वर्तमान मौसम में इन दिनों लगातार उतार-चढ़ाव के साथ गर्म व सर्द हवाओं से मानव जीवन पर दुष्प्रभाव के संकेत मिलते हैं। स्थानीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार ने बताया कि चालू मौसम में हर दिन तापमान की बदलती परिस्थिति लोगों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। इसका सर्वाधिक प्रभाव बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। विशेषकर इन दिनों सर्दी, बुखार और सिरदर्द के लक्षण मरीजों में पाए जा रहे हैं। मौसम के बदलती स्थिति से बच्चों की इम्युनिटी भी कमजोर हो जाती है। इसके कारण ही सर्दी, जुकाम की शिकायत का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि इस दौरान वायरस व बैक्टीरिया का प्रभाव फैलने से बच्चे सर्दी, जुकाम बुखार से अधिक पीड़ित होने की रिपोर्ट हैं। दिन में कड़ाके की धूप और शाम ढलते सर्द हवा का झोंका नहीं रुका है। इसके प्रति सतर्कता नहीं बरतने से ही लोगों को सर्दी खांसी, जुकाम, निमोनिया डायरिया जैसी रोगों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस दौरान गर्म वस्त्र, अच्छा भोजन लेने में लापरवाही नहीं बरतते को कहा है। खासकर बच्चों को सुबह शाम गर्म कपड़े पहनाना, ठंडे पानी से स्नान नहीं कराने, दूध का सेवन करने, विटामिन सी खाद्य सामग्री की भरपूर मात्रा व हरी सब्जियां खाना उपयुक्त होगा। इसके साथ कोई भी शीतल पेय पदार्थ से बचने की सलाह उन्होंने दी है।



# सरस्वती पूजा की तैयारियां जोरों पर, छात्र उत्साहपूर्वक जुटे



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मां सरस्वती की आराधना के महापर्व वसंत पंचमी को लेकर मेदिनीनगर में तैयारियां जोरों पर हैं। भक्त पंडाल निर्माण में दिन-रात जुटे हुए हैं। बांस और पर्दों से विशेष पंडाल बनाए जा रहे हैं, जिनका निर्माण कार्य पिछले पांच दिनों से जारी है। शैक्षणिक संस्थानों, विद्यालयों और महाविद्यालयों में भी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

पूजा के लिए पीले वस्त्रों की खरीदारी भी जोरों पर है। श्रद्धालु, विशेषकर महिलाएं, पीली साड़ियां और अन्य परिधान खरीद रही हैं, क्योंकि धार्मिक मान्यता के अनुसार पीला रंग माता सरस्वती का प्रिय रंग है और यह सकारात्मकता एवं ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। बाजारों में पीली साड़ियों, सूट और धोती के अलग-अलग डिजाइन उपलब्ध हैं, जिससे कपड़ा दुकानों में रौनक बनी हुई है।

मां सरस्वती की प्रतिमा तैयार कर रहे मूर्तिकार सुमंत कुमार ने बताया कि वे पिछले 10 वर्षों से मूर्ति निर्माण कर रहे हैं। इस बार उन्होंने डेढ़ महीने पहले से मूर्तियां बनानी शुरू की। उनके पास छोटी, मध्यम और बड़ी प्रतिमाएं उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत 1,000 रुपये से 5,000 रुपये तक है। उन्होंने बताया कि बाजार में कच्चे माल की कीमत बढ़ने से मूर्तियों की लागत भी बढ़ी है। पूजा को लेकर बाजारों में मां शारदे की विभिन्न आकार की मूर्तियां, पूजन सामग्री, श्रृंगार सामग्री, चुनरी, मोती, माला और मुकुट उपलब्ध हैं। कलम-दवात, मोली धागा, गंगाजल, मधु, घी, अगरबत्ती, कर्पूर, जनेऊ, तिल, चावल और धान जैसी पूजन सामग्रियों की भी अधिक मांग है। गौरतलब है कि माता सरस्वती विद्या एवं बुद्धि की देवी मानी जाती हैं। वसंत पंचमी के दिन भगवान गणेश, लक्ष्मी, नवग्रह, पुस्तक-लेखनी और वाद्य यंत्रों की पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है। इसी दिन छोटे बच्चों को स्लेट-कॉपी और पेंसिल पकड़ाकर उनकी पढ़ाई की शुरूआत करने की परंपरा भी है।

# एमएमसीएच के जीएनएम स्कूल में ओपीडी के लिए उचित संसाधनों का अभाव



टॉर्च की रोशनी में इंजेक्शन लगाते एएनएम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एमएमसीएच) के जीएनएम स्कूल भवन में स्थित ओपीडी में सीढ़ियों और लाइट की उचित व्यवस्था का अभाव है, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे पर अब तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान नहीं गया है। मरीजों को ताला खोलने में दिक्कत हो रही है, और चपलता न होने के कारण कई मरीज गिरने से भी बच रहे हैं। हालांकि, अस्पताल प्रशासन इस गंभीर स्थिति पर ध्यान नहीं दे रहा है। ज्ञात हो कि पलामू उपायुक्त ने 15 दिन के भीतर ओपीडी को पुराने भवन से जीएनएम स्कूल भवन में शिफ्ट करने का आदेश दिया था। लेकिन ओपीडी के शिफ्ट होने के बाद भी जीएनएम स्कूल भवन में व्यवस्थाएं पूरी तरह से सुसंगत नहीं हो पाई हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि मोबाइल की रोशनी में मरीज का रक्त परीक्षण किया जा रहा है। बहरहाल यह यक्ष प्रश्न है कि जब सभी सुविधाएं व्यवस्थित नहीं थीं, तो ओपीडी को इतनी जल्दी शिफ्ट क्यों किया गया? इसके अलावा, झारखंड सरकार के आदेश के अनुसार, अब ओपीडी सुबह और शाम दोनों समय (चार से छह बजे तक) चल रहा है, फिर भी अस्पताल प्रशासन की ओर से लाइट की उचित व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे मरीजों को लगातार कठिनाई हो रही है।

## ठंड का असर कम, दिनभर खिली रही धूप

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम के यू-टर्न के कारण मेदिनीनगर समेत अन्य इलाकों में दिनभर धूप और हल्की गर्मी रही, जबकि शाम से सुबह आठ बजे तक ठंड का असर महसूस हुआ। ठंड में कमी आने से लोगों को राहत मिली है। गुरुवार से मौसम में बदलाव दिखा, जिससे न्यूनतम तापमान में चार डिग्री तक वृद्धि दर्ज की गई। पिछले तीन दिनों से न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग ने पहले ही तापमान में वृद्धि की संभावना जताई थी। दो दिनों में अधिकतम तापमान भी तीन से चार डिग्री तक बढ़ा है। बुधवार को मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। गुरुवार को अचानक न्यूनतम और अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की बढ़ोतरी हुई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे दिनभर तेज धूप के कारण हल्की गर्मी महसूस हुई।

## न्यूज बॉक्स

### कोयल रिवर फ्रंट को नुकसान पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान में पुलिस की विफलता, आक्रोश का कारण बनी



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कोयल रिवर फ्रंट में लगे धौलपुर ग्रिल को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़े जाने के पांच दिन बाद भी आरोपी युवक को नहीं पकड़े जाने की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह इस बात का संकेत है कि जिन सीसीटीवी कैमरों पर सुरक्षा के लिए लाखों रुपये खर्च किए गए, उनकी गुणवत्ता पर सवाल उठता है, क्योंकि घटनास्थल पर लगे रहने के बावजूद भी ये स्पष्ट फोटो नहीं ले पाए। महापौर ने यह भी कहा कि इस छोटी सी घटना से अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्या शहर में लगे सीसीटीवी कमीशन की भेंट चढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे हैरानी होती है कि जिस कोयल रिवर फ्रंट की पूरे झारखंड में चर्चा होती है, जहां सैकड़ों लोगों को रोजगार मिल रहा है और जो शहरवासियों के लिए गर्व का विषय है, वहां प्रशासन ने आज तक दोषियों को पकड़ने में कोई कदम क्यों नहीं उठाए। महापौर ने प्रशासन से अपील की कि शहर की सुंदरता को बर्बाद न होने दिया जाए और इसे बचाने में सभी का सहयोग किया जाए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया कि इस घटना को गंभीरता से लिया जाए, अन्यथा उपद्रवियों का मनोबल बढ़ेगा और कोयल रिवर फ्रंट एक बार फिर गंदगी और अराजकता का अड्डा बन जाएगा।

### उपायुक्त के स्टेनोग्राफर व आदेशपाल सेवानिवृत्त



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त कार्यालय, पलामू के स्टेनोग्राफर बीरेन्द्र कुमार ठाकुर एवं आदेशपाल दिलीप कुमार 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर समाहरणालय सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपायुक्त शशि रंजन ने दोनों सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल और बुके भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, उन्हें अन्य उपहार भी प्रदान किए गए। उपायुक्त ने उनके लंबे और निष्ठापूर्ण सेवाकाल की सराहना करते हुए आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने दोनों कर्मियों को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने और परिवार के साथ अधिक समय बिताने की सलाह दी। बीरेन्द्र कुमार ठाकुर ने 16 नवंबर 1990 को समाहरणालय में योगदान दिया था। उनकी पहली पोस्टिंग अपर समाहर्ता कार्यालय में हुई थी। इसके बाद उन्होंने एसडीओ लातेहार, एसडीओ सदर सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यालयों में अपनी सेवाएं दीं। 34 वर्षों तक निष्ठापूर्वक कार्य करने के बाद वे सेवानिवृत्त हुए। आदेशपाल दिलीप कुमार ने भी 33 वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं और इस दौरान प्रशासनिक कार्यों में अहम भूमिका निभाई। विदाई समारोह में मेदिनीनगर नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता समेत अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाहरणालय कर्मी उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा से होगी श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ की शुरूआत

**मेदिनीनगर।** सुदना स्थित तुलसी मानस मंदिर में सुदना देवी मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर हैं। जानकारी के अनुसार, 4 फरवरी को कलश यात्रा के साथ महायज्ञ की शुरूआत होगी। ट्रस्ट के अभिमन्यु ओझा ने बताया कि यह महायज्ञ 5 से 11 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु भागवत पुराण के विभिन्न विषयों पर आधारित कथा का श्रवण कर सकेंगे। वृंदावन से पधार रहीं भागवत कथा व्यास अलका किशोरी प्रतिदिन भगवान विष्णु की अमृतमयी कथा का रसपान कराएंगी। गौरतलब है कि ट्रस्ट द्वारा पिछले 9 वर्षों से लगातार इस भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। यज्ञ स्थल पर प्रवचन पंडाल, आकर्षक मंच और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए शहर में व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। इस आयोजन में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजा पाठक, रमाकांत पांडेय, नवल किशोर तिवारी सहित अन्य सदस्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# संत मरियम विद्यालय में करियर मार्गदर्शन सेमिनार मोटिवेशनल स्पीकर ने दिए सफलता के टिप्स



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कजरी स्थित संत मरियम विद्यालय में छात्रों के लिए करियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेंटर्स एडूसर्व के संस्थापक आनंद जायसवाल, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, क्षेत्रीय निदेशक राहुल राजा, प्रवीण दुबे व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय प्रशासन ने अतिथियों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

**मेंटर्स एडूसर्व से जुड़कर नई पहल :** विद्यालय ने झारखंड-बिहार के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान मेंटर्स एडूसर्व के साथ जुड़कर छात्रों के हित में एक नई पहल की है। इस अवसर पर मेंटर्स एडूसर्व के संस्थापक आनंद जायसवाल ने स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम की विशेषताओं पर प्रकाश डाला और छात्रों को शिक्षा व करियर संबंधी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने छात्रों के भ्रम दूर कर उन्हें सफलता की राह में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**अब पलामू के छात्रों को नहीं जाना होगा बाहर :** विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने अतिथियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पलामू के छात्रों को अब उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली या कोटा जाने की जरूरत नहीं होगी। आर्थिक तंगी के कारण किसी भी छात्र को अब अपनी पढ़ाई नहीं छोड़नी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि संत मरियम विद्यालय अपने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस नई पहल से निश्चित रूप से विद्यालय के विद्यार्थी अपनी सफलता का परचम लहराएंगे। कार्यक्रम में अभिभावक और काफी छात्र उपस्थित रहे।

# इतिहास विभाग नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ. अवध किशोर पांडेय की भावुक विदाई

- **हमेशा सही मार्ग पर चलते हुए छात्रों के हित के लिए काम किया : डॉ. पांडेय**





नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष, डॉ. अवध किशोर पांडेय का विदाई समारोह आज जीएलए कॉलेज के वर्चुअल क्लासरूम में आयोजित किया गया। इसके अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. आईजे खलखो ने की। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और डॉ. पांडेय सर की लम्बी उम्र की कामना की और उनके साथ के सुरहरे पलों को याद किया। विदाई समारोह का संचालन इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. वीरेंद्र कुमार ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय बाड़ा ने किया। समारोह में उपस्थित सभी ने डॉ. पांडेय की विदाई को बेहद सम्मान और श्रद्धा से मनाया। वक्ताओं ने उनकी निष्ठा, समर्पण और सरल व्यक्तित्व की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. पांडेय का जीवन एक प्रेरणा है, जिन्होंने अपने कर्तव्यों को न केवल ईमानदारी से निभाया, बल्कि अपने विद्यार्थियों को भी अपने ज्ञान और आचरण से एक दिशा दी। उनके प्रति सभी के दिलों में गहरी सम्मान की भावना थी, और उनका योगदान विश्वविद्यालय एवं कॉलेज की यादों में सदा जीवित रहेगा। डॉ. पांडेय ने इस अवसर पर अपनी भावनाओं को साझा करते हुए कहा कि 40 वर्षों की शिक्षण यात्रा में अनेक उतार-चढ़ाव आए, लेकिन हर अनुभव ने उन्हें मजबूत और स्थिर बनाया। उन्होंने कहा, 'मैं उन सभी का आभारी हूं जिन्होंने इस सफर में मुझे अपना प्रेम और समर्थन दिया। यह यात्रा कभी आसान नहीं थी, लेकिन सभी के मार्गदर्शन और सहयोग से मैंने इस कठिन रास्ते को पार किया।' उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वे तीन कॉलेजों में कार्य करते हुए कभी किसी से भी संघर्ष नहीं किया, बल्कि हमेशा सही मार्ग पर चलते हुए छात्रों के हित के लिए काम किया। समारोह के अंत में कॉलेज के कर्मियों और छात्रों ने डॉ. पांडेय को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में डॉ. विभेष कुमार चौबे, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. दिलीप प्रसाद, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. भीम राम, डॉ. विभा शंकर, डॉ. सुनीता सिंह, लीना कुमारी, डॉ. माधुरी प्रियदर्शिनी, डॉ. भावना, अयना एम एस, अरुणा खाखा, विकास टोपनो, जय होनहागा, रवि रौशन मिंज, डॉ. प्रमोद सहित अन्य शिक्षक, कर्मचारी और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अनियंत्रित ट्रक पलटा, बड़ा हादसा टला

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत कचहरी चौक पर गुरुवार रात लगभग 12:30 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। रेड़मा ओवरब्रिज की ओर से आ रही ट्रक कचहरी चौक के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन ट्रक की टक्कर से कचहरी से छः मुहान तक सड़क के बीच बना डिवाइडर क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को टीओपी-2 परिसर में जब्त कर लिया है और आगे की जांच जारी है। गौरतलब है कि कचहरी चौक पहले भी कई दुर्घटनाओं का गवाह बन चुका है। इस क्षेत्र में कई लोग घायल हुए हैं और कुछ की मृत्यु भी हो चुकी है। संकरी जगह होने के कारण यहां अक्सर हादसे होते हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है।

# प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा सेवानिवृत्त, विदाई समारोह आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा आज सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर उनके आवासीय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

अपने विदाई संबोधन में आयुक्त ने कार्यालय के पदाधिकारियों के साथ-साथ पलामू, लातेहार और गढ़वा जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी ने टीम भावना के साथ कार्य किया, जिससे प्रमंडल विकास के मार्ग पर आगे बढ़ा। आम जनता की सहभागिता भी विकास कार्यों में उल्लेखनीय रही। उन्होंने आयुक्त कार्यालय की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी के सहयोग और सकारात्मक प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिली। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वे पूर्व में विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्यरत थे, जहां की टीम भी अत्यंत सहयोगी रही। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग और समर्थन के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। गढ़वा उपायुक्त ने आयुक्त के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनका सरल स्वभाव कार्य करने की ऊर्जा को बढ़ाता था। उन्होंने हमेशा पदाधिकारियों और कर्मचारियों के बीच बेहतर तालमेल बनाकर सकारात्मक सोच के साथ कार्य किया। उनके नेतृत्व में प्रमंडल में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य हुए, जिनकी सराहना हमेशा की जाएगी। इस अवसर पर पलामू के पूर्व बंदोबस्त पदाधिकारी अमित कुमार और प्रभारी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक-सह-जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आयुक्त के कार्यकाल के दौरान हुए महत्वपूर्ण कार्यों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने किया, जिन्होंने उनके कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विदाई समारोह में आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव मनीष कुमार, प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक कार्यालय और अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा, विश्वविद्यालय की ओर से कुल सचिव डॉ. शैलेश मिश्र, कुलानुशासक डॉ. केसी झा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रवि शंकर, सहायक कुल सचिव रजी खान, कुलपति के पीए राजीव मुखर्जी, कुल सचिव कार्यालय के वेद प्रकाश शुक्ला आदि ने भी समारोह में भाग लिया और आयुक्त के कार्यकाल की सराहना की।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें सरस्वती पूजा : सीओ

- **सरस्वती पूजा को लेकर शहर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित**
- **कानून के दायरे में रहकर पूजा मनायें : थाना प्रभारी**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में दोनों समुदायों के प्रतिनिधि और सरस्वती पूजा समिति के सदस्य मौजूद थे। बैठक में अफवाह फैलाने वालों और हुड़दंगियों पर नजर रखने, असामाजिक तत्वों से बचाव, और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा ने कहा कि किसी भी पूजा या त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए, जिससे सामाजिक संतुलन बना रहे। उन्होंने कहा कि प्रशासन इस आयोजन में पूरी तरह से सहयोग करेगा, लेकिन यदि किसी असामाजिक तत्व द्वारा समाज में विद्वेष फैलाने का प्रयास किया गया, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने कहा कि सफलता केवल कानून के दायरे में रहकर ही मिल सकती है। उन्होंने पूजा समिति के लोगों से अपील की कि वे न तो गलत अफवाह फैलाएं, न ही उन पर ध्यान दें। यदि किसी को किसी प्रकार का संशय हो, तो वे थाना से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और न्यायालय के आदेश के तहत डीजे बजाना गैरकानूनी है, इसलिए पूजा समिति के लोग डीजे न बजाएं। इसके अलावा, मूर्ति विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके से और समय पर किया जाए। बैठक में दुर्गा जौहरी, पंकज जायसवाल, संदीप दास गुप्ता, रामनाथ चंद्रवंशी, विश्वनाथ राम घूरा, जिशान खान, मो. कलाम, इसरार खान और अन्य ने अपने विचार व्यक्त किए और प्रशासन को विभिन्न मुद्दों पर ध्यान आकर्षित कराया।

## कैसा हो आम बजट 2025 | लोगों ने कहा- देश के समग्र विकास की ओर एक महत्वपूर्ण कदम

# बजट को लेकर पलामू के विभिन्न क्षेत्रों से आई प्रतिक्रियाएं










नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार आठवीं बार आम बजट 2025-26 संसद में पेश करेंगी। यह बजट खासतौर पर अर्थव्यवस्था में सुस्ती को दूर करने, घरेलू मांग और रोजगार को बढ़ावा देने वाले उपायों पर केंद्रित रहेगा। आम जनता को इस बार वित्त मंत्री से महंगाई में राहत देने की उम्मीद है। यह पहला मौका है जब किसी वित्त मंत्री ने आठवीं बार बजट पेश किया है, इससे पहले मोरारजी देसाई ने छह बार बजट पेश किया था। इस दौरान विभिन्न व्यापारिक वर्गों ने केंद्रीय बजट पर अपनी राय दी। अधिकांश लोगों का मानना है कि इस बजट में शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, और रोजगार को केंद्र में रखा जाएगा, और यह गरीब, मध्यम वर्ग और महिलाओं के हित में होगा।

**यह बजट देश में चौमुखी विकास लाएगा :** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महासचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल का मानना है कि इस वर्ष का बजट महिला, युवा, और मध्यम वर्गीय कारोबारियों के हित में होगा। मध्यम वर्ग के व्यवसायियों के लिए रोजगार सुलभ होगा और ऋण राशि में वृद्धि की संभावना है। डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा मिलने से टैक्स में भी कमी हो सकती है, और टैक्स प्रणाली को सरल बनाने की आवश्यकता है।

**वकीलों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का हो प्रावधान :** जिला बार एसोसिएशन के सचिव अजय पांडेय ने कहा कि सरकार को अधिवक्ताओं के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, पेंशन और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का प्रावधान करना चाहिए। इसके अलावा, अधिवक्ताओं को कम ब्याज पर मकान और वाहन खरीदने के लिए ऋण की सुविधा भी मिलनी चाहिए।

**रोजमर्रा के सामानों की कीमतों में कमी हो :** सामाजिक कार्यकर्ता शर्मिला शूमि ने कहा कि सरकार को गरीब, मध्यम वर्ग और महिलाओं के हितों को ध्यान में रखकर बजट प्रस्तुत करना चाहिए। उनका मानना है कि बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा, खाद्य पदार्थों की महंगाई दर कम करना और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें सस्ती करना जरूरी है।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजी आधारित शिक्षा का हो विकास :** कोचिंग संचालक राहुल चतुर्वेदी ने कहा कि 2025 के बजट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजी आधारित शिक्षा, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म और कौशल विकास को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी विशेष उपाय किए जाने चाहिए।

**नए महाविद्यालयों की स्थापना हो :** शिक्षक संघ नेता अजय कुमार का मानना है कि बजट में शिक्षा पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए, जिसमें नए महाविद्यालयों की स्थापना पर जोर दिया जाए और नई शिक्षा नीति के तहत छात्र-शिक्षक अनुपात में रिक्त सीटों पर भर्ती की जाए।

**पीएचडी तक शिक्षा फ्री करने का हो प्रावधान :** छात्र नेता राहुल दुबे ने कहा कि सरकार को सभी स्तरों पर शिक्षा को फ्री करने का प्रावधान करना चाहिए, ताकि हर युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके। इसके साथ ही, उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति की जानी चाहिए।

**रोजगारोन्मुखी हो केंद्रीय बजट :** छात्र रंजन यादव का कहना है कि केंद्रीय बजट में शिक्षा, चिकित्सा, कृषि और रोजगार पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। शिक्षा और चिकित्सा के लिए डिजिटल उपकरणों पर कर में कमी हो, और किसानों के लिए कृषि बीमा और उर्वरक पर सब्सिडी बढ़ाई जाए।

**युवाओं के लिए नौकरियां और आर्थिक सशक्तिकरण पर हो जोर :** युवा नेता प्रधान कुमार का कहना है कि इस बजट में युवाओं के लिए स्टार्टअप्स, नौकरियां और आर्थिक सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उनका मानना है कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## सरस्वती विद्या मंदिर में स्नेह मिलन सह विदाई समारोह

# सम्मान और समर्पण की भावना हर समय रहनी चाहिए: प्रधानाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री वंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित 'स्नेह मिलन सह विदाई समारोह' का शुभारंभ भारत माता, ओम और मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप जलाकर और पुष्पार्चन कर विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, आचार्य अशोक कुमार, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नीरज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। बौद्धिक के क्रम में आचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि यह विदाई समारोह नहीं हैं। आप यहां से दशम कक्षा पास होने पर अपने गुरुजन माता-पिता का सम्मान करेंगे और विद्यालय के संस्कारों को आत्मसात करेंगे। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने स्नेह मिलन के अवसर पर कहा कि कोई चलता पदचिह्नों पर, कोई पदचिह्न बनाता है, है वही सूरमा इस जग में जो नूतन राष्ट्र बनाता है। आप सभी भैया-बहन अपना लक्ष्य बनाकर उसको प्राप्त करने की ओर अग्रसर हों। उन्होंने विभिन्न घटनाक्रमों के द्वारा भैया-बहनों को मोटिवेट किया और कहा कि आप लोगों में सम्मान और समर्पण की भावना हर समय रहनी चाहिए। उन्होंने बालक ध्रुव, मर्यादा पुरुषोत्तम राम आदि के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए भैया-बहनों को आह्वान किया। उन्होंने अपने अध्ययन यात्रा में आई हुई कठिनाइयां को बताते हुए उससे स्व जागरूकता पूर्वक सामना करने की कला सिखाई। उन्होंने कहा कि दशम कक्षा के बाद आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स की फैकल्टी लेकर आप उच्च शिक्षा प्राप्त करें। कोई भी विषय खराब नहीं होता बल्कि उसमें परिश्रम की आवश्यकता होती है। जॉब ओरिएंटेड कोर्स के पीछे भैया-बहन भागते हैं, बल्कि उच्च शिक्षा की ओर भी अग्रसर होना चाहिए। आप भैया-बहन जहां भी रहें अपने विद्यालय को भूले नहीं और जरूरत पड़ने पर अपने आचार्य से संपर्क कर सकते हैं। आप सबों की उत्कृष्ट सफलता मिले ऐसी ईश्वर से कामना है। नवम के भैया-बहनों द्वारा दशम के भैया बहनों को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। साथ ही अल्पाहार भी कराया गया। मंच संचालन कक्षा नवम की बहन साक्षी कुमारी व नंदनी कुमारी द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आचार्य अविनाश कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य कौशलेंद्र झा, नंदलाल पांडेय, कृष्ण कुमार पांडेय, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, सत्येंद्र प्रजापति, अविनाश कुमार, नीरज कुमार सिंह, सुजीत कुमार दुबे, प्रसून कुमार, प्रदीप कुमार गुप्ता, रूपेश कुमार, अशोक कुमार, उमेश कुमार, अंकित जैन, कृष्ण मुरारी, दिनेश कुमार, आचार्य नीति कुमारी, प्रियंवदा, रेणु पाठक, सलोनी कुमारी, तन्वी जोशी, आरती श्रीवास्तव, नेहा द्वय, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी रेखा देवी, ललिता देवी, रीना देवी, और सुरक्षा पहरी सुरेश सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### निरीक्षण में दो शिक्षक स्कूल से गायब मिले

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के सलगा पूर्व प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था को लेकर लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है। अचानक निरीक्षण के दौरान विद्यालय के दोनों शिक्षक विनोद कुमार प्रजापति और अजय कुमार राम अनुपस्थित पाए गए। जांच में पाया गया कि दोनों शिक्षक वर्षों से स्कूल नहीं आ रहे हैं। सरकार की आंख में धूल झोंक कर बिना पढ़ाई ही वेतन उठा रहे हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी राकेश सिंह कुमार सहाय ने बताया कि दोनों शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो जिला शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की सिफारिश की जाएगी।

# जनता दरबार में भू-अर्जन पदाधिकारी ने सुनी समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर शुक्रवार को जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार ने समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडो से आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई। जनता दरबार में लगभग 30 आवेदन प्राप्त हुए, जिसे जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार ने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्याएं को सुना व उनके आवेदन को संबंधित पदाधिकारी के पास अग्रसारित कर प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जमीन,आवास योजना, बैंक से संबंधित मामला, स्वास्थ्य, वृद्धा पेंशन, राशन, पानी आदि से संबंधित मामलों से लोगों ने अवगत कराया। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार ने अधिकारियों से बात कर तुरंत मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया।



### गढ़वा जिला महिला कबड्डी टीम लगातार दूसरी बार बनी स्टेट चैंपियन



**भवनाथपुर।** 17वीं राज्य स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में गढ़वा जिला महिला कबड्डी टीम लगातार दूसरी बार स्टेट चैंपियन बनी। फाइनल मुकाबले में गढ़वा ने कोडरमा जिला को 26 प्वाइंट से हराकर यह उपलब्धि प्राप्त की। गढ़वा जिला महिला टीम को चैंपियन बनने पर गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी। गढ़वा जिला कबड्डी संघ के संरक्षक दीपक प्रताप देव ने सभी खिलाड़ियों को जीत की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ियों के लिए वह हर समय खड़ा रहे हैं। उनका हौसला को बढ़ाने का काम करेंगे। गढ़वा महिला कबड्डी टीम के खिलाड़ियों को आगामी 2 फरवरी को अपने आवास पर सम्मानित करने की बात कही।

## एक नजर

### आउटरीच अभियान की दी गई जानकारी

**बड़गड़।** झालसा रांची के मार्गदर्शन में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष नलिन कुमार व सचिव रवि चौधरी के निर्देश पर शुक्रवार को 90 दिवसीय आउटरीच अभियान के तहत बड़गड़ प्रखंड के बोडरी गांव में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि 8 मार्च को लगने वाला लोक अदालत में बिजली बिल, शराब ,भूमि विवाद, घरेलू हिंसा और अन्य मामले पर सुलह समझौता एवं बाल विवाह, दहेज प्रथा, बाल मजदूरी ,बाल तस्करी, राशन ,पेंशन ,अनाथ बच्चों को मिलने वाली स्पॉन्सरशिप इत्यादि बिंदुओं पर जानकारी दिया जायेगा। मौके पर पीएलभी राजेंद्र राम,शिवपूजन चौधरी आदि उपस्थि थे।

### लिपिक को दी गई भावभीन विदाई

**रमना।** गैर सरकारी बालिका उच्च विद्यालय के लिपिक मोतीचंद राम 31 जनवरी को सेवानिवृत हो गये। जानकारी अनुसार 1992 से संचालित यह विद्यालय झारखंड अधिविद् परिषद रांची की ओर से स्थापना अनुमति प्राप्त और गैर अनुदानित है। स्कूल का संचालन छात्राओं से प्राप्त शिक्षण शुल्क के सहारे किया जाता है। विद्यालय में शुक्रवार को विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत लिपिक मोतीचंद राम को विद्यालय कर्मी एवं छात्राओं ने फूल माला,उपहार व अंगवस्त्र से सम्मानित किया। साथ ही ईश्वर से उन्हें दीघार्यु व स्वस्थ रखने की कामना की। प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मदेव उरांव ने कहा कि इनकी सेवा अनुकरणीय है। यह ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और नियमित सेवा देने वाले कर्मी रहे हैं। मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के केदार प्रसाद, गोपाल राम, महेन्द्र प्रसाद गुप्ता, शिक्षिका वृंदा कुमारी, पूजा कुमारी, रूबी कुमारी, ममता कुमारी गुप्ता, चंपा देवी, रामजी राम सहित छात्राएं उपस्थित थे।

# सीओ व दो कर्मियों को सेवानिवृत्ति के बाद दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के तीन कर्मी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनमें अंचल कार्यालय से सीओ राजकुमार प्रजापति, सीआई राजेंद्र प्रसाद यादव, प्रखंड कार्यालय से रारो पंचायत सचिव सुदर्शन राम का नाम शामिल है। सेवानिवृत्त हुए पदाधिकारी व कर्मियों को शुक्रवार को विदाई दिया गया। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को उपहार भेंट किया गया। बीडीओ देवलाल करमाली ने सीओ को गीता बुक देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह में लवाही मुखिया बच्चा लाल गुप्ता, डंडई मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम, रारो मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ठाकुर, करके मुखिया ललन कुमार चौधरी,सोनेहरा मुखिया अजय पासवान, 20 सूत्री अध्यक्ष क्यामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष भोलाराम, प्रधान सहायक वीरेंद्र कुमार मांझी अंचल कर्मी उमेश कुमार रवि, नुमान अंसारी, अरविंद महली, छोटू कुमार, करके उप मुखिया प्रतिनिधि चुनमुन चौधरी, कर्मी नरेश ठाकुर, विकास कुमार सहित कई गणमान्य वजनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# समय से आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविका सहायिका के नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में रोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** आंगनवाड़ी केन्द्र के अनियमित संचालन को लेकर सिलीदाग पंचायत के वीरकुंवर टोला के ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि इस आंगनवाड़ी केंद्र के लिए कोई भी समय सारणी नहीं है। सेविका और सहायिका के लिए कोई नियम कानून नहीं है। उक्त लोग कभी कभार ही समय पर आते हैं। शुक्रवार को भी उक्त केंद्र समय से नहीं खुला तो बच्चे बाहर में ही केंद्र खुलने का इंतजार करते रहें। 11 बजे तक भी केंद्र नहीं खुला तो कुछ बच्चे घर चले गए। इसके बाद बच्चों के अविभावक केंद्र पहुंचे तो पाया कि केंद्र का ताला खुला है, लेकिन सेविका और सहायिका में कोई भी नहीं हैं। इस संबंध में कांति देवी बताया की हम लोग बच्चों को इनके सहारे भेजते हैं कि ठीक से देखभाल करेंगे, लेकिन यही लोग समय पर नहीं आते हैं। बच्चे समय से आते हैं इनके नहीं रहने से यदि बच्चों के साथ किसी प्रकार का कोई हादसा हो जाता हैं तो कौन जिम्मेदार होगा? राकेश कुमार, ब्रजेश कुमार, उमेश मिस्त्री, अर्चना कुमारी ने कहा कि बच्चों को पोषाहार तो मिलता नहीं, बच्चों के देखभाल भी ठीक से नहीं करेंगे तो काम क्यों कर रहे हैं। सेविका तारा देवी ने बताया कि उन लोगों को विभाग काम भी करना पड़ता है, जिससे 10 से 5 मिनट का देरी हो जाता है।



# 21 वर्षो तक स्कूल में सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए शिक्षक मुंद्रिका राम



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय शिवरी के प्रधानाध्यक मुंद्रिका राम शुक्रवार को 21 वर्षो तक शिक्षक के रूप में सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय ने समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी। बता दें कि मुंद्रिका राम मृदुभाषी अध्यापक थे। उन्होंने 16 जून 2004 से मध्य विद्यालय शिवरी योगदान दिया था। उन्होंने बताया कि जिस दिन वह इस विद्यालय का कार्यभार संभाले थे एक अलग ही उत्साह था। उन्होंने कहा कि वह उस परिस्थिति में विद्यालय का कार्यभार संभाले थें जब विद्यालय में कोई सुविधा व व्यवस्था नहीं था। पूर्व प्रधानाध्यक रामनाथ दुबे 2009 में सेवानिवृत्त होने के बाद वह स्कूल में शिक्षक के तौर पर काम शुरू किया था। उन्होंने कहा कि विद्यालय भवन का निर्माण से लेकर शौचालय तक का कार्य करवाया। इस बीच कई परेशानियों का सामना भी करना पड़ा, लेकिन वह बिना बिचलित हुए काम करते गए। गांव में ज्यादातर अनुसूचित जाति ही निवास करते हैं। इसलिए चुनौति के रूप में लेकर स्कूल का विकास करते गएं। इस विद्यालय में दो शिक्षक द्वारा ही पूरे विद्यालय का संचालन किया। 21 वर्षो से वह बच्चों के बीच ही अपना जीवन व्यतीत किए। जब भी मौका मिलेगा बीच-बीच में स्कूल आता रहूंगा। पंचायत समिति सदस्य अमरजीत ठाकुर उर्फ प्रिंस ठाकुर ने कहा कि शिक्षक मुंद्रिका राम का सौभाग्य कहे या हमलोग का खुशनसीबी जो, इस विद्यालय में योगदान भी किए और यहीं से सेवानिवृत्त भी हुए। मुखिया प्रतिनिधि मनोज चंचल ने कहा कि मुंद्रिका राम इस विद्यालय को अपने अथक प्रयास से सींचा था। मौके पर बैद्यनाथ सिंह, अनुज पाल, अनिल राम, मनोज कुमार ठाकुर, प्रिंस कुमार ठाकुर, नंदकिशोर राम, राकेश कुमार पासवान, मनोज चंचल, अशोक कुमार, ललन राम सहित ग्रामीण, बच्चे और अभिभावक उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण

**कांडी।** प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय अधौरा में वर्ग एक व दो में अध्यनरत 26 बच्चों के बीच शुक्रवार को स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया। पंचायत मुखिया सोनी देवी के प्रतिनिधि अरुण राम,एसएमसी अध्यक्ष खुर्शीद अंसारी,प्रधानाध्यापक मोहम्मद गुलाम कादिर ने संयुक्त रूप से वर्ग एक के 11 व दो के 15 बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस,स्वेटर व जूता मोजा का वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि सरकार द्वारा दिए जाने वाले सभी लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। विद्यार्थी प्रतिदिन स्कूल ड्रेस पहनकर पूरी तरह तैयार होकर स्कूल आएं। घर पर नहीं रहना है। मौके पर शिक्षिका रंजू श्रीवास्तव, धनंजय कुमार गुप्ता ,संयोजिका पूजा देवी सहित कई अभिभावक व बच्चे उपस्थित थे।

### डीजे बजाने पर कार्रवाई करने का निर्देश

**रमना।** थाना भवन के सभागार में पहली बार सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य उच्च न्यालय द्वारा ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए दिया गया आदेश का अनुपालना कराने और लोगों को पूजा में डीजे बजाने पर लगाए गए रोक के बारे में बताया गया। बैठक में सरस्वती पूजा समिति के लोगों ने ध्वनि विस्तारक बाजा बजाने के बारे में पूछा। बीडीओ सीओ व थाना प्रभारी ने कहा कि न्यायालय द्वारा तय डेसीबल के अंदर ही ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाना हैं, लेकिन डीजे किसी भी कीमत पर नहीं बजाना है। साथ ही सभी पूजा समिति के लोग पूजा के लिए आवेदन के माध्यम से पूजा आयोजन कार्यक्रम का सूचना देंगे। प्रतिमा विसर्जन शाम छह बजे तक कराना सुनिश्चित करेंगे।

# सरस्वती पूजा व विसर्जन में डीजे बजाने पर रहेगा प्रतिबंध

**नवीन मेल संवाददता**

**मझिआंव।** सरस्वती पूजा सौहार्दपूर्ण, सादगी, भाईचारा और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर थाना परिसर में शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता सीओ प्रमोद कुमार ने की। बैठक में सीओ ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देश पर सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस या पूजा के समय डीजे बजाने पर प्रतिबंध किया गया है। उन्होंने कहा कि जो भी डीजे संचालक डीजे बजाते पकड़े जाते हैं तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने कहा कि लाउडस्पीकर बजा सकते हैं, परंतु 45 डेसीबल में ही बजाना है। थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने कहा कि सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस में किसी भी तरह की अश्लील गाना नहीं बजाना हैं। उन्होंने पूजा कमेटी के लोगों से सख्त हिदायत देते हुए कहा कि भड़काउ गाना नहीं बजाना हैं, ताकि दूसरे धर्म के लोगों को ठेस पहुंचे। लाउडस्पीकर बजाने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है, जिसमें 45 डेसीबल में 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही बजा सकते हैं। मौके पर थाना स्टाफ नसीम अंसारी, चंदन प्रधान, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, शोभा जायसवाल, विवेक सोनी, अशोक कमलापुरी, मुखदेव उच्च विद्यालय कारमडीह के प्रधानाध्यापिका सुष्मिता कुमारी, प्रखंड व नगर पंचायत क्षेत्र के डीजे संचालक,सभी सरस्वती पूजा कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजा मनाएं: थाना प्रभारी

**भवनाथपुर।** सरस्वती पूजा के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन ने की। बैठक में सरस्वती पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया। सभी पूजा समितियों को निर्देश दिया गया कि वे समय-सीमा और प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें। विशेष रूप से ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित लगाया गया है। पूजा पंडालों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रखने और किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन से सहयोग करने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि सरस्वती पूजा खासकर विद्यार्थियों का पूजा है, लेकिन सभी शांतिपूर्ण वातावरण में सरस्वती पूजा मनाएं। संचालन समाज सेवी अख्तर अंसारी ने किया। मौके पर एसआई परवेज आलम, दिनेश सिंह, नारायण प्रसाद, उदय शर्मा, जगबंधु महतो,भवनाथपुर पंचायत मुखिया बेबी देवी,चपरी पंचायत मुखिया शैलेश चौबे,सिंदुरिया पंचायत मुखिया नंदलाल पाठक,बीडीसी शकील अहमद,विनोद यादव, राकेश रवि, बुचूल राम, ब्रह्मदेव चंद्रवंशी, मंटू गुप्ता,विजय कुमार, आत्मा विश्वकर्मा,दयानन्द प्रजापति,उदय गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी: थाना प्रभारी

**चिनियां।** थाना परिसर में शुक्रवार को सरस्वती पूजा को मनाने के लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी अमित कुमार की अध्ययक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में चिनिया अंचल पदाधिकारी उमेश्वर कुमार यादव, जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक में शांतिपूर्ण तरीके से पूजा मानने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी ने सभी पूजा पंडाल समितियों और डीजे संचालक को सख्त निर्देश दिया कि झारखंड हाईकोर्ट द्वारा जारी निर्देशों का सख्ती से पालन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीजे साउंड पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। उल्लंघन करने वाले पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने मूर्ति का विसर्जन तय रूट के माध्यम से निकालने की बात कही। थाना प्रभारी ने कहा कि पूजा के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर सबइंपेक्टर नवीन कुमार राणा, एएसआई ओमप्रकाश कुमार, एएसआई प्रेम कुमार राम, राजस्व कर्मचारी विनोद कुमार दुबे, संतोष कुमार, मुखलाल यादव, अफजल मंसूरी, नेसार अहमद, हरीओम यादव, ताहिर अंसारी, मगरु सिंह, सोना सिंह, आनंद यादव, अभिषेक कुमार, अखिलेश पासवान, मनोज परहिया, हारुन अंसारी सहित सभी डीजे संचालक मौजूद थे।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर के पास शुक्रवार को झामुमो ने सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नीतेश सिंह, जिला सचिव मनोज ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रुप से कार्यक्रम की शुरूआत फीता काटकर किया। मौके पर कई लोगों ने झामुमों की सदस्यता ग्रहण की। झामुमो नेताओं ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को झामुमो से जोड़ना है तथा यह अभियान घर-घर चलाना है। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। मौके पर अरविंद यादव, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, मोहम्मद फरीद ,मंगरू सिंह, बंधु यादव, राम सागर यादव, हीरामन सिंह, बेता मुखिया रामेश्वर सिंह, युवा प्रखंड अध्यक्ष रामवृक्ष सिंह,भोला सिंह खरवार, मनोरंजन चंद्रवंशी, कांग्रेस यादव, रमेश प्रसाद, अरुण सिंह, हरिमाल सिंह, खुरी पंचायत समिति सदस्य सुगनी देवी, आरजू हसन, उमेश यादव, नौशाद मंसूरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती पूजा में डीजे बजाने पर रहेगा प्रतिबंध

**केतार।** थाना परिसर में बसंत पंचमी पूजा सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी की अध्यक्षता में शांति समिति कि बैठक हुई। बैठक में थाना प्रभारी ने पूजा कमेटी और डीजे संचालकों से कहा कि सरस्वती पूजा में डीजे का प्रयोग पुर्णतः प्रतिबंध रहेगा। लाउडस्पीकर बजाकर पूजा करें। उन्होंने कहा कि इस निर्देश का अनुपालन करने में कोताही बरतने की सूचना मिलने पर पूजा कमेटी व संबंधित डीजे संचालक पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही डीजे सहित सभी उपकरण को जब्त कर लिया जायेगा। इस प्रतिबंध का उद्देश्य थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करना है। उन्होंने सभी पूजा कमेटी और आम लोगों से अनुरोध किया है कि प्रशासन का निर्देशों का अनुपालन करें और सांस्कृतिक आयोजनों को शांतिपूर्ण संपन्न करायें। उन्होंने सभी पूजा कमेटी को निर्धारित रूट के अनुसार संध्या से पहले मूर्ति विसर्जन करने का निर्देश दिया है। असमाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर फैलाने वाले अफवाहों से बचने और इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को देने का कहा। बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद,उप प्रमुख शंभू सिंह, राम विचार साहू, सुशील पाठक, राजस्व कर्मचारी प्रकाश कुमार, राजेश्वर ठाकुर, राजीव कुमार, प्रदीप सिंह, हकीमुद्दीन अंसारी, अल्ताफ अंसारी, गौतम राम, सुशील यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### धार्मिक स्थल के लिए जायरीनों का जत्था रवाना

**श्री बंशीधर नगर।** इराक शहर के बगदाद शरीफ व कर्बला इमाम हुसैन शहर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों की जियारत के लिये जायरीनों का जत्था गुरुवार की रात्रि में रवाना हुआ। जत्था में कुल छह जायरीन शामिल हैं। जामिया इस्लामिया जब्बरिया मदरसा में सभी जायरीनों को माला पहनाकर स्वागत कर रवाना किया गया। जायरीन गढ़वा रोड स्थित रेलवे स्टेशन से राजधानी एक्सप्रेस द्वारा दिल्ली पहुंचकर वहां से फ्लाइट से बगदाद शरीफ के लिये रवाना होंगे। रवानगी के मौके पर उमरा यात्रियों ने इमाम हुसैन रजी अल्लाह तला अन्हु औ गौस ए पाक बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क की तरक्की एवं अमन चैन की दुआएं मांगेंगे। मौलाना एजाज अंजुम ने कहा कि इस्लाम को मानने वाले सभी लोगों को दिली ख्वाहिश होती है कि वह अपने आप को एक बार मक्का मदीना व बगदाद शरीफ की जियारत जरूर करें। युवा समाज सेवी महमूद आलम ने कहा कि उस पवित्र स्थल पर पूरी दुनिया से मुस्लिम धर्म के लोग जाकर अपनी मन्नत मांगते हैं और उनकी दुआ कबूल होती है। बगदाद शरीफ जाने वालों में हाजी अतिकुल्लाह खलीफा,हाजी तजमुल अंसारी,हाजी नाजिर हुसैन,हाजी इस्लामुदिन अंसारी,हज्जन रेहाना प्रवीण, हज्जन जरीना बीबी के नाम शामिल है। मौके पर युवा समाजसेवी महमूद आलम सीनियर,मौलाना अब्दुल कादिर साहब,हाजी अब्दुल्लाह खलीफा,हाजी अमानुल्लाह खलीफा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सोनेहारा को हराकर फाइनल में पहुंची कांडी टीम



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह उच्च विद्यालय के ग्राउंड में आयोजित शहीद नीलांबर- पीतांबर कॉस्को क्रिकेट टूनामेंट में कांडी ने सोनेहारा टीम को हराकर फाइनल में जगह बना लिया है। कांडी टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सोनेहारा की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 138 रन बनाएं। जवाबी पारी खेलने उतरी कांडी के टीम ने 11.3 ओवर में चार विकेट खोकर 139 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सोनेहारा टीम के खिलाड़ी राज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आयोजनकर्ता पूर्व मुखिया अनिल पासवान ने दिया। राज ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिया। शनिवार को भवनाथपुर की भीड़त लोहरगाड़ा से होगी। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय वर्मा, कमलेश कुमार, संजीव गुप्ता, सतेन्द्र गुप्ता, देव ठाकुर, संतोष रजक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पहल | पंचायत सचिवालय में बाल सभा का आयोजन

# बच्चों ने रखी अपनी समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** मझिगावां पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को बाल सभा का आयोजन किया गया। पंचायत मुखिया बिंदा देवी की अध्यक्षता में हुई इस सभा में पंचायत सचिव कपिलदेव सिंह ने बच्चों को बाल सभा के महत्व और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बाल सभा में बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे, जिन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं को खुलकर रखा। बच्चों ने शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की स्थिति, शौचालयों की सफाई, खेलकूद की सुविधाओं की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी परेशानियों को प्रमुखता से उठाया। पंचायत सचिव कपिल देव सिंह ने बच्चों की सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। सभा के दौरान बच्चों को बाल अधिकारों, बाल श्रम के दुष्प्रभाव, बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों के बारे में जागरूक किया गया। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि बाल सभा का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपनी बात रखने का अवसर देना और उनकी जरूरतों को पंचायत स्तर पर प्राथमिकता दिलाना है। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग, पंचायत के सदस्य, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और अभिभावक उपस्थित थे। बाल सभा के सफल आयोजन से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ा और वे अपने अधिकारों के प्रति अधिक जागरूक हुए। पंचायत प्रतिनिधियों ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही, ताकि बच्चों की समस्याओं का समाधान हो सके और वे बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकें। मौके पर बीडीसी कृष्णा राम, शिक्षक अरविंद कुमार गुप्ता, स्वयंसेवक महेंद्र मोची,सतेंद्र बैठा सहित वार्ड सदस्य सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



## मचान में रखे पुआल में लगी आग, पांच हजार का नुकसान

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम कुसमाहा में शुक्रवार की सुबह 8 बजे रोहित यादव पिता स्व.चंदरू यादव के मचान में आग लग जाने से वहां रखे आधा पुआल जल जाने से पांच हजार रुपए का नुकसान होने का अंदेशा व्यक्त किया गया है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। भुक्तभोगी ने बताया कि मचान में आग की लपेटा बहुत तेज थी। ग्रामीणों की मदद से पानी फेंक कर आग बुझाया गया। ससमय आग पर काबू पाया गया, अन्यथा मचान में रखे सभी पुआल जलकर राख हो जाता। आग पर काबू पाने से आधा पुआल जलने से बच गया। आधा पुआल जलने से मवेशियों के बीच चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है। भुक्तभोगी ने अंचल अधिकारी से मदद की गुहार लगाई है। मौके पर काफी संख्या मे ग्रामीण आग बुझाने मे शामिल थे।

# उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, अधिकारियों को दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी व अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। बरवाहीह प्रखंड के चुंगरू पंचायत, ग्राम ओपाग के निवासियों ने जनमन आवास योजना में फर्जी तरीके से मनरेगा का पैसा निकासी किए जाने के संबंध में उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। इस प्रकार अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखी व लोगों से प्राप्त आवेदन के आलोक में उपायुक्त ने समस्या निदान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि विवाद, भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधित, समितियों के मछली पालन करने को लेकर चल रहे विवाद, केसीसी लॉन के माफी के गड़बड़ी संबंधी जुड़े आवेदन आये। इस दौरान कुछ आवेदकों की समस्याओं का निष्पादन आन द स्पॉट किया गया और शेष आवेदकों के समस्याओं का यथा शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देश दिया।

## सेवानिवृत्त सीनियर मैनेजर को दी गई विदाई

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली कोल परियोजना के जीएम कार्यालय में शुक्रवार को सीनियर मैनेजर रामानुज रॉय को सेवा निवृत्ति के मौके पर जीएम अमरेश कुमार सिंह ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया। बताया गया कि रामानुज रॉय वर्ष 1990 से कोल इंडिया के बीसीसीएल से अपनी सेवा शुरू किया था। सीसीएल के आम्रपाली कोल परियोजना में वर्ष 2021 से कार्यरत थे। रामानुज रॉय ने कहा कि आम्रपाली परियोजना में वरीय अधिकारियों व सह कर्मियों का पूरा सहयोग मिला। उन्होंने रैयतों के प्रति भी आभार जताया। मौके पर पीओ मो. अकरम, कार्मिक विभाग के प्रबंधक अनूप भगत,मैनेजर एसके सिन्हा, केके पांडा ,एसके गुप्ता,डी साहू ,आलोक रंजन समेत अन्य मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने 12 एकड़ में पोस्ता की फसल किया नष्ट



**हेरहंज।** पुलिस ने अभियान चलाकर शुक्रवार को हेरहंज थाना क्षेत्र के ग्राम गोगोई व इसके आस पास के क्षेत्र के विभिन्न जीआर स्थलों पर ट्रैक्टर की सहायता से हल चालकर और सशस्त्र बल की सहायता से 12 एकड़ में पोस्ता की खेती को नष्ट किया। हेरहंज थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह पवैया ने बताया कि पोस्ता की खेती करने वाले को सत्यापन कर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। उन्होंने बताया कि और भी कई जगहों पर पोस्ता की खेती किए जाने की जानकारी मिली है, जिसका सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन स्पष्ट होते ही उन्हें नष्ट किया जाएगा और दोषी लोगों की विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 13 बच्चों के बीच जूता, स्वेटर व पोशाक का वितरण



**चंदवा।** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बेलवाही के 13 बच्चों के बीच शुक्रवार को जूता,मौजा स्वेटर,दो सेट पोशाक का वितरण कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान व मुखिया नरेश भगत ने संयुक्त रूप से किया। राज्य सरकार ने विद्यालय में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए सरकारी स्तर पर कई योजनाएं चला रही है। सरकार बच्चों को एमडीएम, छात्रवृत्ति, स्कूल बैग, स्कूल किट और पाठ्य पुस्तक निःशुल्क दे रही है। ठंड को देखते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक ने सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को वर्ग प्रथम और द्वितीय कक्षा के बच्चों को पोशाक,स्वेटर और जूता वितरण करने का निर्देश दिया है। डीएसइ ने समग्र शिक्षा अनुदान से एसएमसी की ओर से विद्यालयों में बच्चों को पोशाक,स्वेटर और जूता मौजा शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा है। पोशाक पाने वाले बच्चों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी।

### शिक्षक को सेवानिवृत्त के बाद दी गई विदाई

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के धर्मपुर स्थित सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस के विज्ञान शिक्षक विद्युत ओझा गुरुवार को रिटायर हो गए। सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस विद्यालय के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर बच्चों व अपने सहपाठियों को संबोधित करते हुए सपत्नीक मौजूद शिक्षक विद्युत ओझा ने कहा कि जीवन में एक दिन सभी को यह प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। सरकारी नौकरी यह एक कड़ी हैं। वह हमेशा अपने सहपाठियों और बच्चों का आभारी रहेंगे, जिन्होंने उन्हें इतना प्यार और सम्मान दिया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य तृप्ति भारती, शिक्षक नरेंद्र पांडेय, पूर्व शिक्षक समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा पूर्व छात्र संजीत पांडेय, आशीष टैगोर, विवेक सिन्हा, सूरज गुप्ता, सतीश मोदनवाल, नीरज सिन्हा, मनीष सिंहा समेत काफी संख्या छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## अपर समाहर्ता ने किया सदर अंचल का औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सदर अंचल कार्यालय लातेहार का शुक्रवार को अपर समाहर्ता रामा रविदास ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता ने म्यूटेशन स्वीकृति एवं भू मापी स्वीकृति से संबंधित मामलों की जांच की। इसके बाद अपर समाहर्ता ने अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी मामलों की जांच सरकार के बताए नियमानुसार समय सीमा के अंदर करते हुए लंबित मामलों को जल्द निष्पादन करें। उन्होंने सीओ को निर्देश दिया कि अंचल आने वाले आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकताओं के साथ निदान करें। मौके पर सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, आईटी मैनेजर उमा शंकर, अंचल कार्यालय के संबधित कर्मी उपस्थित थे।

## झामुमो नेता ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, संगठन मजबूती पर की चर्चा

**कुन्दा (चतरा)।** झामुमो केन्द्रीय समिति सदस्य सह सिमरिया विधानसभा से झामूमो के प्रत्याशी रहे मनोज चन्द्रा शुक्रवार को कुंदा पहुंचे। मनोज चंद्रा हंटरगंज,प्रतापपुर व कुंदा प्रखंड के संगठन प्रभारी के अपने दायित्व को संभालने व संगठन विस्तार को लेकर कुंदा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ऐतिहासिक मंदिर महादेवमठ में पूजा-अर्चना किया और माथा टेका। उन्होंने भ्रमण के दौरान राजा गढ़ व राजा किला घूमकर किला का प्राकृतिक आकर्षक दृश्य का आनंद लिया। उसके बाद उन्होंने झामूमो कार्यकर्ताओं के साथ संगठन मजबूती को लेकर बैठक किया। उन्होंने ने एक फरवरी को सिमरिया में संगठन प्रभारी को साथ होने वाली बैठक में उपस्थित होने के लिए लोगों से अपील किया। उन्होंने बताया कि हंटरगंज, प्रतापपुर, कुंदा के सभी पंचायतों में झामुमो संगठन को मजबूत करते हुए शक्तिशाली कमेटी का गठन किया जाएगा। इससे आगामी आने वाले लोकसभा व विधानसभा में झामुमो पार्टी का क्षेत्र में प्रभाव होगा और झामुमो संगठन को काफी मजबूती मिलेगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे झामुमो प्रखंड सचिव संजय मुंडा ने कहा कि कुंदा प्रखंड में कुल पांच पंचायत है, जहां पहले से झामुमो कमेटी का गठन किया गया है। सभी पंचायतो में संगठन मजबूती पर कार्य किया जा रहा है। मौके पर टंडवा निवासी नरायण साव, रंजीत भोक्ता, सुमन दास, बसंत साहू, राजेन्द्र यादव, संजय मुंडा, दिलीप पासवान समेत झामुमो के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अस्पताल परिसर में आयुष्मान मेला का आयोजन किया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को चिकित्सा प्रभारी डॉ. प्रकाश बड़ाईक के नेतृत्व में आयुष्मान मेला का आयोजन किया गया। मेला में सैकड़ों मरीजों का जांच कर स्वास्थ्य संबंधित चल रही सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही लाभ के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया। आयुष्मान मेला में120 रोगियों की मुफ्त जांच की गई।इसमें मातृ स्वस्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, टीबी मलेरिया, आयुषमान कार्ड , सिकल सेल की जांच की गई। मौके पर दवा भी वितरण किया गया। मेला में डॉ. अमरनाथ प्रासाद,डॉ. ध्रुव सत्य महतो, डॉ. प्रकाश बड़ाइक, बीपीएम मृत्युंजय कुमार, अनिल कुमार, मिथिलेश कुमार, सीएचओ आदि उपस्थित थे।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान : उपायुक्त ने की जिला स्तरीय समिति की बैठक, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक की गई। बैठक में जानकारी दिया गया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान भारत के जनजाति समुदाय के संपूर्ण उत्थान के लिए एक अति महत्त्वकांक्षी योजना है। चतरा जिला के 12 प्रखंड के 83 गांव के 1827 अनुसूचित जनजाति समुदाय के परिवारों के कुल 7700 व्यक्तियों को इस अभियान के अंतर्गत लक्षित किया गया है। इस अभियान के अन्तर्गत वर्तमान वर्ष को शामिल करते हुए वर्ष 2028-29 तक के कुल 5 वर्षों में 17 मंत्रालयों के 25 से अधिक महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों-याजनाओं का कियान्वयन सैचुरेशन मोड में किया जाना है। जिसमें अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, विद्युतीकरण, मोबाईल कनेक्टिविटी, मोबाईल मेडिकल यूनिट्स, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना अंतर्गत एलपीजी गैस कनेक्शन, आधार कार्ड निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण, समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत छात्रावास तथा क्लासरूम का निर्माण, स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स, ट्राइबल मार्केटिंग सेटर्स का निर्माण, वन अधिकार पट्टा से आच्छादित व्यक्तियों को कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन से जोड़ने सहित 25 से अधिक योजनाओं का सैचुरेशन मोड में विभिन्न विभागों के द्वारा क्रियान्वित किया जाना है।

उपायुक्त ने जिला स्तरीय सभी विभाग चिन्हित जनजातीय ग्रामों में ग्राम सभा का आयोजन कर अपने योजनाओं से संबंधित गैप एनालिसिस कर टारगेट एवं अचीवमेंट का रिपोर्ट वर्षवार 15 दिनों के अंदर जिला कल्याण कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपनी अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समिति का निर्माण कर संबंधित विभागों के प्रखंड स्तरीय अधिकारियों व कर्मियों को शामिल करने का निर्देश दिया। प्रत्येक ग्राम के लिए एक जिम्मेवार सरकारी कर्मी को नोडल के रूप में प्रतिनियुक्त करने का भी निर्देश दिया। प्रत्येक निर्धारित ग्राम में धरती आबा अभियान के गाईडलाइन के अनुसार ग्राम सभा आयोजित करते हुए सभी मूलभूत आवश्यकताओं की गैप एनालिसिस विहित प्रपत्र में तैयार करना है। उपरोक्त ग्राम सभा में जेएसलपीएस के महिला समूह के सदस्य, त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया एवं ग्राम प्रधान को अवश्य शामिल करना है। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर पंडित, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी दौलत कुमार, संबंधित प्रखंड के बीडीओ समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं सरस्वती पूजा : सीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** सरस्वती पूजा शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को चंदवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सीओ जयशंकर पाठक व संचालन बीडीओ चंदन कुमार ने किया। बैठक के दौरान बीडीओ, सीओ व इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों की जानकारी साझा की। सरस्वती पूजा के दौरान डीजे साउंड पर पूर्णत प्रतिबंध होने,शराब व नशा पान से बचने, बाइकर्स के रफ्तार पर नियंत्रण को लेकर समुचित कदम उठाने की बात प्रशासन की ओर से कही गयी। इस दौरान प्रशासन द्वारा प्रखंड के शहरी व ग्रामीण इलाकों में सरस्वती पूजा के दौरान होने वाले कार्यक्रमों व प्रतिमा विसर्जन की तिथि संबंधित जानकारी ली। प्रतिमा विसर्जन सुनिश्चित कराने में समाज के प्रबुद्धजनों से सहयोग की भी अपील की। बैठक में निर्मल भारती ने बसंत पंचमी के दिन शिव-शनि-हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम व भंडारा के दौरान सुभाष चौक पर भींड़ नियंत्रण व ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की। बैठक में पंसस नीलम देवी, रामयश पाठक, हाजी फिरोज अहमद, महेंद्र साहू, निर्मल भारती, असगर खान, बाबर खान, मुखिया रंजीता एक्का, फुलजेन्सिया टोप्पो, संदीप टोप्पो समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।


## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
### (अनु०ज०जा०,अनु०जा०,अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग,कल्याण शाखा)
Email-dwopalamau@gmail.com

**नामांकन संबंधी सूचना वर्ष 2024**

पलामू जिला अन्तर्गत अनुसूचित जन जाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय/आश्रम आवासीय विद्यालय एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में भौक्षणिक सत्र 2025-26 के रिक्त के अनुसार वर्ग 6, 7 एवं 8 में नामांकन हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 05.02.2025 से 28.02.2025 तक आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र आवासीय विद्यालयों में जमा किये जायेगें।

| क्रमांक | जिला | विद्यालयों का नाम | कोटि | नामांकन का वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू | आश्रम आवासीय बालक विद्यालय, रेड़मा, मेदिनीनगर | ST | 6, 7 एवं 8 |
| 2 | | पिछड़ी जाति बालिका आवासीय उच्च +2 विद्यालय, अयोध्या कोल्हुआ, चैनपुर। | OBC | 6, 7 एवं 8 |
| 3 | | अनुसूचित जाति, बालक आवासीय उच्च विद्यालय, कौआखोह, हरिहरगंज। | SC | 6, 7 एवं 8 |
| 4 | | एकलव्य मॉडल, आवासीय उच्च विद्यालय, वंशीखुर्द, वंशा, मनातू। | ST | 6, 7 एवं 8 |

1. आवेदन पत्र प्रत्येक कार्यदिवस में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन् 05:00 बजे तक जिला कल्याण कार्यालय, पलामू एवं आवासीय विद्यालयों में प्राप्त एवं जमा करेगें।
2. वर्ग 6, 7 एवं 8 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा की तिथि 09.03.2025 (रविवार) निर्धारित है।
3. परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि 23 से 25 मार्च 2025 निर्धारित है।
4- Counselling की तिथि 01 से 10 अप्रैल 2025 है।
5. नामांकन हेतु चयनित छात्र/छात्राओं की सूची आवासीय विद्यालयों के सूचनापट्ट पर प्रकाशित होगी।
6. नामांकन लेने की तिथि 10 से 20 अप्रैल 2025 तक निर्धारित है।
7. विद्यार्थियों का विद्यालय में प्रवेश की तिथि 25 अप्रैल 2025 तक है।
8. कक्षा (सत्र) प्रारम्भ होने की तिथि 01 मई 2025 है।
9. जिन छात्र-छात्राओं के माता-पिता सरकारी सेवा में कार्यरत् है। उनके बच्चों का नामांकन हेतु आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस आशय की घोषणा पत्र आवेदक के माता-पिता/अभिभावक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
10. असत्य एवं फर्जी घोषणा- पत्र देने वाले माता-पिता/अभिभावक के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।
11. आवेदन का प्रारूप www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी
पलामू

PR 345569 (Welfare)24-25*D


## सड़क सुरक्षा माह के अंतिम दिन बनवारी साहू महाविद्यालय ने चलाया जागरूकता अभियान

# खेलकूद और अन्य गतिविधियों से लोगों को यातायात के प्रति किया जागरूक




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** बनवारी साहू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतिम दिन बीएस कॉलेज गेट के सामने लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी नवल प्रसाद ने किया। इस अवसर पर सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को पंपलेट वितरित कर सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। महाविद्यालय के शिक्षकों व छात्रों में इशरत बानो, डॉ. नरेश कुमार पांडेय, रविंद्र कुमार, सुहाना परवीन, सरोज कश्यप और धीरज कुमार शामिल थे। सभी ने दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और सुरक्षित यात्रा करने के प्रति जागरूक किया। बता दें कि यह सड़क सुरक्षा माह का अंतिम दिन था। इसके तहत परिवहन विभाग के डीटीओ सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में जिला में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान खेल प्रतियोगिताओं और अन्य गतिविधियों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया।

## पंचायत सचिव सेवानिवृत्ति, दी गई विदाई

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को सेवानिवृत्त होने के बाद पंचायत सचिव मिथिलेश कुमार के लिए सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सन्नीराज ने की। इस दौरान पंचायत सचिव मिथिलेश कुमार को मोमेंटो, शॉल, बुके, डायरी, कलम, भागवत गीता देकर सम्मानित कर भावपूर्ण विदाई दी गई। सेवानिवृत्त पंचायत सचिव के कार्यकाल को याद करते हुए कार्यों की प्रशंसा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने श्री सिंह के कार्यकाल में किए गए कार्य को सारहा एवं सुखी, खुशहाल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है, परंतु कुछ कर्मी ऐसे भी होते हैं, जो अपने कार्य की बदौलत छाप छोड़ते हैं। जिसे लोग भूल नहीं पाते। इनका कार्यकाल हमेशा कर्मियों के बीच एक मिसाल बन कर रहेगा। चुनाव के वक्त बड़ी जिम्मेवारी इनके कंधे पर थी, जिसे इन्होंने बखूबी निभाया।


## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

**-:आम सूचना:-**

सरकार के सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड, राँची द्वारा निर्गत राज्यादेश संख्या 15 रा0 दिनांक 01.07.2024 के तहत पंचायत स्तरीय दो दिवसीय विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन माह-फरवरी 2025 में किया जा रहा है, जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी/संक्रामक रोगों से बचाव हेतु जानकारी/बीमार पशुओं की चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान, टिकाकरण एवं मल, मूत्र रक्त आदि की जाँच की जाएगी। पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि उक्त कार्यकम में भाग लेकर इसका लाभ उठायेंगे।

-:पंचायत का नाम, ग्राम तथा शिविर आयोजन की तिथि:-


| क्र.स. | प्रखण्ड | पंचायत | शिविर आयोजन की तिथि | शिविर स्थल का नाम | उत्तरदायी पदाधिकारी का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुडू | पण्डरा | 03.02.2025 | चेटर | डॉ0 शकुनतला सोरेन, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कुडू 9934038731/9431361554 |
| | | | 04.02.2025 | माराडीह | |
| 2 | | चंदलासो | 05.02.2025 | पुरनाडीह | |
| | | | 06.02.2025 | राजरोम | |
| 3 | | ककरगढ़ | 10.02.2025 | महुगाँव | |
| | | | 11.02.2025 | फूलसूरी | |
| 4 | लोहरदगा | भटखिजरी | 04.02.2025 | भटखिजरी | डॉ0 मनीषा लकड़ा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, रामपूर 8969860976 |
| | | | 05.02.2025 | ईरगांव | |
| 5 | | जेरी | 04.02.2025 | ओएना | डा0 अभिषेक उराँव, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा 9431528212 |
| | | | 05.02.2025 | जोरी | |
| 6 | | थ्नंगनी | 07.02.2025 | बमनडीहा | |
| | | | 08.02.2025 | निंगनी | |
| 7 | पेशरार | थ्सरम | 03.02.2025 | सिरम | डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, खरचा, 9430190718 |
| | | थ्सरम | 04.02.2025 | भक्का | |
| 8 | भण्डरा | जमगाई | 04.02.2025 | कोटा | डा0 संजय उरांव भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चाँपी, भण्डरा 9905411330 |
| | | | 05.02.2025 | बिटपी | |
| 9 | | भीठा | 07.02.2025 | नगड़ी | |
| | | | 08.02.2025 | मकुन्दा | |
| 10 | कैरो | सढावे | 04.02.2025 | एड़ादोन | डा0 अमरदीपक तिग्गा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कैरो 7250757243 |
| | | | 05.02.2025 | खरता | |
| 11 | सेन्हा | ब्दला | 03.02.2025 | बदला नवाटोली | डॉ0 मनोज कुमार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सेन्हा 7004141738 |
| | | | 04.02.2025 | बोधाटोली | |
| 12 | | मुर्कीतोड़ार | 06.02.2025 | गुड़ियाटोली | |
| | | | 07.02.2025 | मुर्की | |
| 13 | | सेरेंगहातू तोड़ार | 10.02.2025 | सिठिया | |
| | | | 11.02.2025 | सेरेंगहातू | |

नोटः-लोहरदगा जिलान्तर्गत सभी पंचायतों के स्थानीय जनप्रतिनिधि/मुखियागणों को सभी विशेष पशुचिकित्सा शिविरों में सादर आमंत्रित किया जाता है एवं पशुपालकों से अनुरोध है कि शिविर में अपने पशुओं को बिमारियों से बचाव हेतु टीका/औषधियाँ अवश्य दिलाएँ।

PR 345547 (Lohardaga)24-25*D

जिला पशुपालन पदाधिकारी लोहरदगा

# कैरो में पुल के नीचे से मिला युवक का शव



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा।** जिले के कैरो थाना क्षेत्र के ऐडादोन गांव के पास कैरो-कुडू सड़क पर बने पुल के नीचे एक 25 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के तान गांव निवासी सिल्वेस्टर मिंज के पुत्र सोहदर मिंज के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह ऐडादोन गांव के कुछ किसान जब अपने खेतों की ओर जा रहे थे, तो उन्होंने पुल के नीचे एक युवक का शव पड़ा देखा। यह देख वे घबरा गए और तुरंत गांव के लोगों को इसकी जानकारी दी। कुछ ही देर में यह खबर पूरे इलाके में फैल गई, और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। जिसके बाद इसकी सूचना कैरो थाना पुलिस को दी।सूचना मिलने के बाद कैरो थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो व मनोज कुमार गुप्ता अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया।

वहीं शव पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं, जिससे प्रथम दृष्टया यह किसी दुर्घटना का मामला नहीं लग रहा है। हालांकि, युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। इस घटना के बाद से इलाके में अफवाहों का बाजार गर्म है। कुछ लोगों का कहना है कि युवक की हत्या कर शव को यहां फेंका गया होगा, जबकि कुछ लोग इसे हादसा मान रहे हैं। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा भेज दिया।

## आठवी कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या किया

**कैरो/लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के सढ़ाबे डूमरटोली निवासी चोटमा उरांव का 16 वर्षीय पुत्र नीरज उरांव ने घर मे ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार निरज उरांव राजकीय मध्य विद्यालय सढ़ाबे का आठवीं कक्षा का छात्र था। विगत दो दिनों से विद्यालय नही जा रहा था। शुक्रवार को वह अपने घर मे था बाकी लोग खेती बाड़ी काम से बाहर गए हुए थे। नीरज उरांव घर मे साडी चूड़ी आदि पहनकर घर का दरवाजा अंदर से बन्द करके फांसी के फंदे पर झूल गया। दोपहर में जब मृतक की मां घर आई तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है आवाज देने पर भी कोई प्रतिक्रिया नही हुई तब किसी प्रकार दरवाजा को खोला गया तो देखा गया कि नीरज उरांव फांसी लगाकर झूल गया है।

### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

# पूजा में शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा ।** थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने की। बैठक में बीडीओ प्रतिमा कुमार व प्रखंड के जनप्रतिनिधि व पूजा समिति के लोग शमील हुए।

बीडीओ व थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से सरस्वती पूजा शांति पूर्वक मनाने कि अपील की। बताया गया कि सरस्वती पूजा के लिए सभी पूजा समितियों से पूजा संबंधी जानकारी ली.थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कर दिया कि पूजा व विसर्जन जुलूस में कोई धारदार हथियार नहीं रखेंगे। इन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि पूजा में शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भी उपस्थित लोगों से पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सभी जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा का दायित्व देते हुए पूजा तथा विसर्जन जुलूस पर नजर रखने को कहा गया। कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना तत्काल थाना को देने को कहा गया। इस मौके पर एसआइ पप्पू गुप्ता,किस्सा साहू, जुलफान अंसारी, निरंजन उरांव,गुलाम अंसारी के साथ दर्जनों प्रतिनिधि मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा के तहत क्रिकेट मैच में पुलिस प्रशासन ने जिला प्रशासन को पराजित कर बना चैंपियन

# गाड़ी चलाते समय निश्चित रूप से यातायात नियम का पालन करें : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सौजन्य से सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत कई खेलों का आयोजन कर जागरूकता बढ़ाने का कार्यक्रम किया गया। सड़क सुरक्षा के तहत क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे चार टीमें मैच खेली। पहला मैच मिडिया इलेवन के साथ जिला प्रशासन का मैच हुआ। जिसमे जिला प्रशासन ने दो विकेट खोकर दस ओवर में 96 रन बनायें। वहीं मिडिया इलेवन की टीम ने दस ओवर में मात्र 87 रन तीन विकेट खोकर बनाया। जिला प्रशासन टीम 9 रन से विजयी होकर फाइनल में प्रवेश किया। जिसमे अमित कुमार की बेहतरीन 46 रन का योगदान था। वहीं द्वितीय मैच नगर परिषद और पुलिस प्रशासन के बीच खेला गया। जिसमे पुलिस इलेवन की टीम 124 रन छः विकेट खोकर बनाया और नगर परिषद मात्र 58 रन छः विकेट खोकर बना सका इस प्रकार पुलिस प्रशासन विजयी होकर फाइनल में पहुँचा फाइनल मैच जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के बीच खेला गया। जहां पुलिस प्रशासन 116 रन बनाई लेकिन जिला प्रशासन की टीम अमित कुमार के शानदार 52 रनों के बावजूद लक्ष्य हासिल नहीं कर पाया और पुलिस प्रशासन विजयी घोषित किया गया। मैन ऑफ द सीरीज के रूप में शानदार



बैटिंग करने वाले अमित कुमार हुए ` बेस्ट खिलाडी का पुरस्कार डीडीसी दिलीप सिंह प्रताप शेखावत को दिया गया। मौके पर डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा की सड़क दुर्घटना से सबसे ज्यादा मौत होती है, इसलिए गाड़ी चलाते समय निश्चित रूप से यातायात नियम का पालन करें। उन्होंने कहा की गाड़ी आप अच्छा ढंग से चला रहे है लेकिन अगला सामने पीछे वाला गलती कर सकता है इसलिए सावधानी बरते कहा जाता है की सावधानी हटी दुर्घटना घटी, उन्होंने कहा की जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन फिट इंडिया के सामान रहना है तभी जिला फिट लोहरदगा बना पाएंगे। पुरस्कार वितरण डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर एल आर डीसी सुजाता कुजूर, आई टी निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और मिडिया कर्मी उपस्थित थे। वही मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में लड़कियों में प्रथम स्थान कृति कुमारी, द्वितीय सीमा कुमारी, तृतीय जैस्मिन कुमारी तथा चौथा स्थान शिम्पा उरांव तथा लड़कों के मेराथन दौड़ में प्रथम स्थान हिमेश तुरी द्वितीय स्थान सूरज उरांव तृतीय बसंत उरांव तथा चौथा स्थान विकास महतो को प्राप्त हुआ था।

## एंबुलेंस को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचे मरीज

**कुडू-लोहरदगा।** पलामू से रांची रिम्स मरीज लेकर जा रहा 108 एंबुलेंस कुडू-रांची मुख्य पथ एनएच 75 थाना क्षेत्र के ढुलवा खुटा पुल के समीप अनियंत्रित बस के चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना बुधवार-गुरुवार की मध्य रात्रि 12: 30 बजे की है। इस दुर्घटना में एंबुलेंस का अगला हिस्सा पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि एंबुलेंस में सवार मरीज और परिजन बाल-बाल बच गए। हालांकि एंबुलेंस चालक पलामु के सतबरवा निवासी गौरव कुमार 27 पिता अशोक चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद कुडू सिएचसी में इलाज के बाद चालक और मरीज को एंबुलेंस से रिम्स भेजा गया।

# सैनिकों की ड्यूटी जिम्मेदारी नहीं बल्कि एक तपस्या : मधुमिता

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में शुक्रवार को एनसीसी के महत्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। भारतीय सेना में कार्यरत एनसीसी के कार्यकर्ता हवलदार संजीव सिंह,हवलदार इमकोग सुपेन गुमला से उपस्थित थे। प्रभारी प्रधानाचार्या मधुमिता शर्मा द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया। अमन आचार्य जी के द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदान किया गया। प्रभारी प्रधानाचार्या मधुमिता शर्मा ने कहा कि सैनिक निर्भीक होकर सीमा पर तैनात हैं, सैनिकों की ड्यूटी महज एक




जिम्मेदारी नहीं एक तपस्या है । जहां दुश्मनों के साथ कठिन मौसम में भी लड़ते हैं। 46 झारखंड बटालियन द्वारा एनसीसी प्रशिक्षण हेतु मान्यता प्राप्त हवलदार संजीव सिंह ने एनसीसी में भाग लिए गए भैया- बहनों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि इस कार्य के लिए शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से मजबूत होना पड़ता है। एनसीसी कैडेट्स समाज में अनुशासन, कर्तव्य ,निष्ठा का भी मिसाल कायम करता है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में चरित्र साहस ,अनुशासन नेतृत्व ,धर्मनिरपेक्ष व निस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास कर उपयोगी नागरिक बनाना होता है। हम सब भारतीय हैं। इस कार्यक्रम में वीणा तिवारी, अमन कुमार, सुप्रिया घोषाल उपस्थित थे। विद्यालय के 50 कैडेट्स और सभी आचार्य आचार्या मौजूद थे।

## दुष्कर्म मामले में अलग अलग कांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के अलग अलग इलाके में दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी सूचना परिजनों द्वारा सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार को मिलते ही थाना कांड संख्या 12/25 दर्ज कर आरोपी का गिरफ्तारी में जुट गये. जबकि दूसरा सेन्हा थाना कांड संख्या 7/25 के आलोक में भी आरोपी को गिरफ्तार किया गया। दोनों कांड के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वही जानकारी के अनुसार बताया जाता है। कि सेन्हा थाना कांड संख्या 12/25 मामले में आरोपी को बदला डूमर टोली से गिरफ्तार किया गया.जबकि दूसरे आरोपी को लातेहार जिला अन्तर्गत बालूमाथ थाना क्षेत्र के मरंगलोइया से गिरफ्तार किया गया। विधिवत कारवाई करते हुए दोनो आरोपी को दुष्कर्म मामले में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के प्रयास से ग्राम हिसरी में लगी हाई मास्क लाइट

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के प्रयास से लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बाहुल्य गांव मोहल्ले में रात में रोशनी के लिए ग्रामीणों की सहूलियत को देखते हुए अपने विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में हाई मास्क लाइट, सोलर लाइट की लगाने का कार्य किया जा रहा है । किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम हिसरी में हाई मास्क लाइट का निर्माण किया गया। जिससे गांव में रोशनी की व्यवस्था रात में की गई। जिसका उद्घाटन कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल के द्वारा हिस्ट्री गांव पहुंच लाइट जलाकर एवं फीता काट उद्घाटन किया गया। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने डॉ रामेश्वर उरांव का आभार किए। जिनके प्रयास से कई गांव मोहल्ले में हाय मास्क का लाइट का निर्माण किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से किसको प्रखंड प्रमुख सुचित्रा भगत, पंचायत समिति सदस्य नौशाद अहमद, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अरशद अयूब,मीर रेयाज,आदि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर, बाल-बाल बचे चालक

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू - चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 पर अमझरिया घाटी के समीप शुक्रावार की शाम करीब 4:30 बजे दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। जिसमें दोनों ट्रकों के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रहा कि दोनों ट्रक चालक बाल-बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार कुडू की ओर आरहे ट्रक संख्या जेएच 02 बीएन - 4509 में कोयला और चंदवा की ओर जा रहे ट्रक सीजी 30ई - 2774 में सीमेंट लोड था। दुर्घटना में दोनों ट्रक चालक कुडू थाना क्षेत्र के सुंदरू निवासी एनुल अंसारी और गढ़वा निवासी कमलेश को मामुली चोट आई है।

# एक साथ सेवानिवृत्त हुए बीडीओ, बीईईओ और जनसेवक, दी गई भावभीनी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रवेश कुमार साव, बीईईओ अरबिंदा कुमारी और जनसेवक माधो भगत की सेवानिवृत होने पर एक साथ भावभीनी विदाई दी गई। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित विदाई कार्यक्रम में सीओ मधुश्री मिश्रा, बीएओ सुनील चंद्र कुंवर, किशोर उरांव सहित सभी कर्मियों, जनप्रतिनिधियों और आम लोगो ने फुल माला और उपहार देकर सम्मानित किया। आगे का जीवन स्वस्थ और सुखमय तरीके से व्यतीत करने की मंगल कामना की। कार्यक्रम का संचालन किशोर उरांव ने किया। मौके पर सीओ



श्रीमती मिश्रा ने शायराना अंदाज में बीडीओ को अपना बड़ा भाई जैसा बताते हुए कहा कि सभी कार्यो को सेवा भाव से करना इनकी विशेषता रही। आमजनों की सेवा के लिए हर वक़्त उपलब्ध रहे। बीएओ सुनील चंदर कुंवर ने कहा कि सरकारी सेवा से सेवामुक्त एक स्वत प्रक्रिया होती है। सभी को एक दिन सेवामुक्त होना है। लेकिन स्वच्छ सेवानिवृति का क्षण तब खुशनुमा पहलु होता है। बीडीओ श्री साव ने बिना तनाव के हर विकट परिस्थिति का सामना करते हुए हर छोटे-बड़े कर्मियों, पदाधिकारियों एवं आम जानो को सम्मान दिया। इनकी कार्यशैली से सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। वहीं विदाई समारोह के दौरान बीडीओ श्री साव भावुक हो गए।


## समाहरणालय, गढ़वा (जिला पंचायत शाखा)

Email - dprogarhwa84@gmail.com

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड राँची का पत्रांक – 40,दिनांक – 13.01.2025. के आलोक में नगरनिकाय क्षेत्रों में प्रस्तावित मतदान केन्द्रों की सूची विहित प्रपत्र में संबंधित नगरपालिका क्षेत्रों के नगरपालिका एवं अनुमंडल कार्यालय में कर दिया गया है।

आम सूचना के क्रम में मतदाता सूची विनिर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त जिला के वेवसाईट (garhwa.nic.in) जिला पंचायत राज कार्यालय, संबंधित नगरपालिका कार्यालय, में मतदाताओं के निरीक्षण हेतु दिनांक – 31.01.2023 से 07.02.2025 तक (अवकाश के दिनों को छोड़कर) 11:00 पूर्वाहन् बजे से 05:00 बजे शाम तक रखी जाएगी।

प्रकाशित मतदान केन्द्रों की सूची के आधार पर दावा/आपत्ति प्राप्त करने एवं इसके निष्पादन हेतु संबंधित नगरपालिका क्षेत्र के कार्यपालक पदाधिकारी, को प्राधिकृत किया जाता है।

संबंधित नगरपालिका क्षेत्र के आमजन से अनुरोध है कि दिनांक – 07.02.2025 तक प्रकाशित मतदान केन्द्रों की सूची के आधार पर यदि किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो, तो दिनांक – 07.02.2025 तक कार्यालय अवधि में उक्त कार्य हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी को विहित प्रपत्र में हस्तगत करा दिया जाय। उक्त निर्धारित अवधि की समाप्ति के पश्चात् किसी प्रकार की दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–
जिला पंचायत राज पदाधिकारी, गढ़वा

PR 345591 Panchayati Raj (24-25)_D


# स्वास्थ्य शिविर में 500 लोगों की गई शुगर जांच



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

देवी मंडप स्थित भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम का शुरूआत मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत किया। बीडीओ ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच का संचार होता है एवं विज्ञान में अधिक रुचि बढ़ती है। जिससे आविष्कार करने की प्रेरणा मिलती है। छात्र छात्राये नित नए सोच से आगे बढ़ते है और इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ते रहेंगे। प्राचार्य डॉ नितेश रंजन भास्कर ने प्रकाश पांडेय, शशि भूषण गोस्वामी, आकांशा सिंह, नूतन सिंह, निशा कुमारी, सोनी कुमारी, सारिका साहू, किरण कुमारी, संध्या कच्छप, प्रियंका कुमारी, सुभद्रा देवी, दीपा देवी, सपना कुमारी, कविता पांडेय, ज्योति देवी और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। पाँचवी वर्ग के छात्राओं ने बॉर्डर सिक्योरिटी के लिए रोबोट बना कर अपना रोबोटिक्स में दबदबा दिखाया। उन्होंने यह बताया कि किस तरह से मानव रहित हम अपने सीमा की सुरक्षा कर सकते है। जरूरत पड़ने पर यह रोबोट गोली और हैंड ग्रनेड जैसे घातक हथियार को भी चल सकते है। क्लास सिक्स के विद्यार्थियों ने रॉकेट और मिसाइल लांचर, जीरो ग्रेविटी, को दिखाया और बताया कि किस तरह से हम गुरुत्वाकर्षण को जीरो कर सकते है और उसका उपयोग हम विज्ञान में कर सकते है। क्लास सेवन की राही स्मृति ने मन टोरसो के आंतरिक अंगों की व्याख्या ने सबका ध्यान अपने ओर आकर्षित किया। क्लास फिवेकी स्टूडेंट्स ने स्मार्ट बल्ब बनाया जिसे मोबाइल से कंट्रोल किया जा सकता है। क्लास सेवन और आठ की छात्र छात्राओ ने शटर सिक्योरिटी सिस्टम बनाकर दिखाया और बताया कि कैसे कोई चोर अगर चोरी की नियत से शटर तोड़ेगा तो सेंसर चालू हो जाएगा।

## जिप अध्यक्ष के सहयोग से मजदूर का पार्थिव शरीर लोहरदगा आया

**लोहरदगा।** आंध्रप्रदेश मजदूरी करने गए कैरो के मजदूर केशवर उरांव के पार्थिव शरीर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी के सहयोग से लोहरदगा आया। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले आंध्रप्रदेश में मजदूरी करने कैरो थाना क्षेत्र के इरगांव बाघी गांव निवासी मजदूर केशवर उरांव गया हुआ था। घर वापस आने के क्रम में बीच रास्ते में वो रेल दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना जिस स्थान पर हुई वह स्थान - नालगेंडा है। जो तेलंगना राज्य में स्थित है। घटना की जानकारी मृतक की पत्नी मनिया उरांव एवं उनके रिश्तेदार प्रकाश उरांव के द्वारा जिला परिषद अध्यक्ष को दिया गया। उन्होंने इस बाबत उपायुक्त लोहरदगा से वार्ता की और श्रम विभाग से कहकर पेपर प्रक्रिया पूरा करवाया एवं तत्काल उनके शरीर को उनके पैतृक गांव मंगवाया। वही एंबुलेस का खर्च की राशी भी मुहैया करवाया। बताया गया कि दुर्घटना- 26/01/25 को हुई थी और 30/01/25 को उनका मृत शरीर उनके गांव लाया गया। रात में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उराव, जितेन्द्र भगत, शनिदेव भगत, प्रकाश उरांव, गुड़ी पंचायत अध्यक्ष मंजन उरॉव, प्रेम उरांव, धमडु उरांव समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# नगर निकायों में ओबीसी आरक्षण हेतु ट्रिपल टेस्ट सर्वे में अनियमितता की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राज्य में नगर निकाय चुनाव से पूर्व ओबीसी आरक्षण निर्धारित करने के लिए ट्रिपल टेस्ट सर्वे की प्रक्रिया शुरू की गई थी। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के निदेर्शानुसार, बीसी-वन और बीसी-टू वर्ग के नागरिकों का अध्ययन कर डेटा एकत्र किया जाना था। यह सर्वे बूथ स्तर से लेकर निकाय स्तर तक डोर-टू-डोर सर्वेक्षण के माध्यम से 31 जनवरी तक पूरा किया जाना था। हालांकि, स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि लोहरदगा जिले के शहरी क्षेत्रों में इस प्रक्रिया का सही ढंग से पालन नहीं किया गया। उनका कहना है कि किसी भी तरह का प्रचार-प्रसार नहीं हुआ और न ही कोई सर्वेक्षण दल उनके घरों तक पहुँचा। इससे अंदेशा है कि


उपायुक्त को सौपा मांगपत्र

ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया में अनियमितता बरती जा रही है। इस बाबत शहर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ टी साहू की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। डॉ टी साहू ने कहा कि झारखंड के 15 जिलों–धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, गोड्डा, लातेहार, पाकुड़, साहिबगंज, जामताड़ा और पलामू में यह प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। लेकिन यह दावा गलत और भ्रामक है, क्योंकि वास्तव में कई जगहों पर सर्वे हुआ ही नहीं।

ओबीसी वर्ग के लोगों ने इस प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए इसे जनसंख्या आंकड़ों को छुपाने की साजिश बताया। उनका कहना है कि पूर्व में भी ओबीसी जनसंख्या को सही तरीके से नहीं दशार्या गया था और इस बार भी उनके अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

## वनभोज सह मुखिया संघ का मिलन समारोह का आयोजन

**लोहरदगा।** कोयल विहार सिठियो लोहरदगा के प्रांगण में जिला मुखिया संघ लोहरदगा के तत्वावधान में वनभोज सह मुखिया संघ का मिलन समारोह का आयोजन जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष बासुदेव उरांव के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। वनभोज कार्यक्रम सह मिलन समारोह में लोहरदगा जिले के सभी पंचायत के मुखिया उपस्थित रहें। संघ के द्वारा निर्णय लिया गया कि कोई भी जनप्रतिनिधि मुखियाओं के विरुद्ध कोई सरकारी पदाधिकारी कोई अगर साजिश करते हैं। यह बिना वजह के परेशान करते हैं। तो संघ के द्वारा करवाई करने के लिए तैयार है। कोई भी मुखिया को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। सभी मुखिया के पास पासपोर्ट आइडी देना चाहिए ताकि विकास के कामों को तेज गति से आगे बढाया जाए।


## उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा (एन0आर0ई0पी0 शाखा)

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

NIT NO – 03 वर्ष 2024–25

1.विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि:– :– कार्यालय अवधि में दिनांक 13.02.2025 अपराह्न 1.30 बजे तक।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.02.2025 को 1:30 बजे अपराह्न तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.02.2025 को 2:00 बजे अपराह्न में।
5.निविदा प्राप्ति एवं परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कुडू | ग्राम बन्दुआ में रजेश्वर भगत के घर से स्कूल मोड़ तक 735 फीट पी0सी0सी0पथ निर्माण। | 16,10,230.00 | 32,300.00 | 5000.00 | 02(दो) माह |
| 2 | कैरो | चाल्हो पुराना स्कूल से चर्च तक 990 फीट पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण। | 17,91,240.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 02(दो) माह |
| 3 | लोहरदगा | भक्सो जतरा बगीचा से जोहन उरांव के घर तक पी0सी0सी0पथ निर्माण | 19,14,410.00 | 38,300.00 | 5000.00 | 02(दो) माह |
| 4 | लोहदगा | जोरी गड़री पारा कालीकरण रोड से होते हुए गिरजाघर तक 1015 फीट पी0सी0सी0पथ निर्माण | 10,69,417.00 | 21,500.00 | 2500.00 | 02(दो) माह |
| 5 | पेशरार | ग्राम केराडीह केश्वर ठाकुर के घर से करमा टाना भगत के घर तक पी0सी0सी0पथ निर्माण | 08,67,030.00 | 17,500.00 | 1250.00 | 02(दो) माह |
| 6 | किस्को | ग्राम भूषाड़ जामूनटोली सें श्मशान घाट में गार्डवाल एवं शेड निर्माण। | 24,98,170.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 02(दो) माह |

2 ग्रामीण कार्य विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3 संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0इ0पी0,लोहरदगा

PR 345571 (Lohardaga)24-25*D

## चैनपुर में ई-पंचायत भीएलई का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**चैनपुर।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी की उपस्थिति में चैनपुर क्लस्टर में ई-पंचायत भीएलई (ग्राम स्तरीय उद्यमी) का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ जो कि कल शनिवार को समाप्त होगी। इस कार्यक्रम में चार ब्लॉकों रायडीह, चैनपुर, डूमरी, और जारी से कुल 53 भीएलई ने भाग लिया।यह प्रशिक्षण झारखंड पंचायती राज विभाग, सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड और डिजीग्राम के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों में ₹सबकी योजना, सबका विकास₹ अभियान 2025-2026 के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य की 'डिजिटल पंचायत योजना' के अंतर्गत भीएलई को सशक्त बनाना है।प्रशिक्षण कार्यक्रम में ई-ग्राम स्वराज पोर्टल, पंचायत विकास सूचकांक, प्रशिक्षण प्रबंधक पोर्टल (टीएमपी) और जेईएम पोर्टल के उपयोग पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। यह प्रशिक्षण संकुलस्तरीय था और गैर-आवासीय रूप में आयोजित किया गया।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, सीएससी ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर डिजीग्राम मनोज सत्यपति, प्रखंड समन्वयक संजय ओहदार, और डिजिटल पंचायत योजना के अंतर्गत जिला प्रखंड स्तर के प्रशिक्षक प्रियंका सिंह, बहुरन तुरी, और रवि प्रसाद उपस्थित थे।प्रशिक्षण का उद्देश्य भीएलई को तकनीकी और प्रबंधन कौशल में दक्ष बनाना है, ताकि वे अपने-अपने ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को सुगम और प्रभावी तरीके से लागू कर सकें। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल साक्षरता और विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।यह पहल ग्रामीण विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल तकनीकी दक्षता को बढ़ाएगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों की गति को भी तेज करेगी।

## डुमरी में फूलो झानो पुस्तकालय का उद्घाटन युवाओं के लिए शिक्षा का नया केंद्र

**गुमला।** गुमला जिले के डुमरी प्रखंड में शुक्रवार को फूलो झानो प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय का भव्य उद्घाटन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा किया गया। इस पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए हजारों किताबें उपलब्ध कराई गई हैं, साथ ही आधुनिक सुविधाओं से लैस कंप्यूटर और इंटरनेट की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने विद्यार्थियों से पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि पुस्तकालय भवन का निर्माण प्रशासन ने किया है, लेकिन इसे ज्ञान और जागरूकता का जीवंत केंद्र बनाने की जिम्मेदारी स्थानीय लोगों की होगी। उद्घाटन समारोह के दौरान उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों ने पुस्तकालय का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित छात्रों से संवाद कर उनके व्यक्तित्व विकास और करियर मार्गदर्शन से संबंधित महत्वपूर्ण सलाह दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीडीओ उमेश कुमार, सीओ रामप्रवेश कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## डॉन बॉस्को के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



**गुमला।** चैनपुर के डॉन बॉस्को केडेंग कंपस में संत डॉन बॉस्को की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि फादर भलेरूस लकड़ा (मैनेजर), फादर राजेश खलखो (एस.डी.बी.), फादर ऑलडी टेटे (वाइस प्रिंसिपल) एवं शिक्षिकाओं ने डॉन बॉस्को की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉन बॉस्को केडेंग में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फादर, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने डॉन बॉस्को के महान उद्देश्यों और शिक्षाओं को याद करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत विद्यार्थियों ने नृत्य एवं गीत-संगीत प्रस्तुत कर डॉन बॉस्को के विचारों को जीवंत किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने डॉन बॉस्को के शिक्षा एवं सेवा कार्यों को प्रेरणा स्रोत बताते हुए उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

## भरनो पुलिस ने अवैध बालू लदे हाइवा को जब्त किया, चालक गिरफ्तार




**गुमला।** भरनो थाना पुलिस ने गुरुवार रात अवैध बालू लदे एक हाइवा को जब्त कर लिया। भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति के नेतृत्व में चेकपोस्ट पर जांच के दौरान यह कार्रवाई की गई। मामले में भरनो थाना कांड संख्या 08/25, दिनांक 30.01.25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर प्राथमिक अभियुक्त जसीम पावरिया (पुटो गांव, घाघरा थाना) को गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को आरोपी को गुमला जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। पकड़े जाने पर अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### उपभोक्ता संरक्षण का हो रहा है उलंधन

# नामदार आउटलेट लगा रहे हैं उपभोक्ताओं को चूना

**नवीन मेल संवाददाता।**
**बसिया(गुमला)**

बड़े दुकानदारों पर लोग भरोसा करते हैं। यह एक सामान्य सी बात है परन्तु उपभोक्ता संरक्षण के तमाम दावों के विपरीत आम लोगों को चुना लगाने में बड़े नामदार भी किसी से कम नहीं हैं। बताते चलें कि बसिया के मुख्य बाजार कोनबीर में रिलांयस फ्रेश का एक आउटलेट है। बड़ा दुकान होने के कारण आम लोग इस आउटलेट पर आंख मूंदकर भरोसा करते हैं। इस भरोसे के विपरीत यह दुकान अब ऑन रिकॉर्ड लोगों को चुना लगाने में लगा हुआ है। इस बात की पुष्टि तब हुई जब गत तीस जनवरी की शाम में एक ग्राहक ने यहां से चायपत्ती की एक पैकेट की खरीददारी की। इस पैकेट में एमआरपी पचपन रुपए दर्ज है परन्तु बिलिंग मशीन में स्कैन करने के बाद ग्राहक को दिए गए बिल के आधार पर उससे उनहत्तर रुपये वसूल कर लिया गया। काऊंटर से बाहर आने के बाद जब ग्राहक को इसका अहसास हुआ तब उसने आपत्ति दर्ज कराई।




इस संबंध में किए गए आपत्ति के अनुसार चायपत्ती के पैकेट में अंकित बैच नंबर से निर्गत पैकेट का न केवल बैच नंबर अलग है बल्कि पचपन रुपए वाले पैकेट के लिए उनहत्तर रुपए की कीमत दर्ज है। बारकोड की हेराफेरी के आधार पर अधिक धनराशि की वसूली के कारण यह उपभोक्ता संरक्षण कानून के अंतर्गत एक गंभीर अपराध है परन्तु बड़ा नाम होने के कारण इस आउटलेट की मनमानी की कहीं कोई चर्चा नहीं है। यह इसलिए भी गंभीर मामला है क्योंकि आम लोग भरोसा करके अमूमन बारीकी से बिल की जाँच नहीं कर पाते और जाने अनजाने बेधड़ल्ले से ठगे जाने को विवश हो रहे हैं।

## टंगराटोली में सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ पुलिस की पहल, जागरूकता बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के भरनो प्रखंड अंतर्गत करंज थाना क्षेत्र के टंगराटोली गांव में शुक्रवार को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता बैठक आयोजित की गई। करंज थाना प्रभारी आशीष केशरी की अगुवाई में हुई इस बैठक में ग्रामीणों को डायन प्रथा, मानव तस्करी, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, नशा उन्मूलन, डिजिटल अरेस्ट और अफीम की खेती पर रोकथाम जैसी गंभीर विषयों पर जागरूक किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि समाज में फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। उन्होंने बताया कि इसी गांव में वर्ष 2023 में एक महिला को डायन बताकर प्रताड़ित किया गया था, जिसे बैठक में शामिल कर लोगों को समझाने का प्रयास किया गया कि ऐसी कुप्रथाएं समाज के लिए घातक हैं।

## आदर्श विद्यालयों में हर्ष जोहार कार्यक्रम की शुरूआत

**गुमला।** गुमला जिले के भरनो प्रखंड मुख्यालय स्थित मॉडल विद्यालय और प्लस टू हाई स्कूल में शुक्रवार को प्रोजेक्ट सम्पूर्ण के तहत हर्ष जोहार कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस कार्यक्रम के तहत सामाजिक और भावनात्मक शिक्षा (रएछ) को मॉर्निंग असेंबली में शामिल किया गया, जिससे छात्रों के मानसिक और भावनात्मक कौशल को सशक्त किया जा सके। जिले के सभी प्रखंडों के आदर्श विद्यालयों में भी प्रोजेक्ट सम्पूर्ण के तहत यह पहल शुरू की गई है। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों में 9 प्रमुख जीवन कौशल विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर और मानसिक रूप से सशक्त बन सकें। मॉर्निंग असेंबली में अब रएछ एनर्जाइजर सॉन्ग शामिल किया गया है, जो छात्रों को दिनभर ऊर्जावान और प्रेरित रखने में सहायक होगा। विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने आदेश पत्रिका जारी कर प्रोजेक्ट सम्पूर्ण और हर्ष जोहार करिकुलम की गतिविधियों को अनुशासित रूप से लागू करने का निर्देश दिया है। इसके तहत सभी विद्यालयों में रएछ कॉर्नर भी स्थापित किए गए हैं, जो छात्रों को अपनी भावनाएं और अनुभव साझा करने के लिए एक सुरक्षित और प्रोत्साहनकारी स्थान प्रदान करेंगे।

# आकांक्षी प्रखंड डुमरी के औरापाठ में पीएम जनमन शिविर का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के आकांक्षी प्रखंड डुमरी के उदनी पंचायत स्थित औरापाठ ग्राम में शुक्रवार को पीएम जनमन योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दर्जनों विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को ऑन द स्पॉट विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

**पीवीटीजी समुदाय के लिए सरकार की पहल**

औरापाठ ग्राम में मुख्य रूप से पीवीटीजी समुदाय के नागरिक निवास करते हैं, जिनका जीवन कृषि पर निर्भर है। प्रशासन द्वारा आयोजित इस विशेष शिविर के माध्यम से उन सभी ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया, जो अब तक किसी कारणवश इनसे वंचित रह गए थे। बीते वर्ष आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए थे, जिसके



चलते इस बार केवल कुछ नागरिकों को ही शिविर में आने की आवश्यकता पड़ी। उपायुक्त ने किया शिविर का निरीक्षण, ग्रामीणों से की मुलाकात

शिविर का निरीक्षण करने के लिए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी स्वयं पहुंचे और करीब तीन घंटे तक वहां मौजूद रहकर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने शिविर में आए लोगों की समस्याओं को सुना और विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। आयुष्मान भारत योजना पर विशेष जोरः उपायुक्त ने अधिकारियों को पीवीटीजी समुदाय के शत-प्रतिशत नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया, ताकि सभी ग्रामीण निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें। एसजीसी माहिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कियाः उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु आवश्यकतानुसार प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराने की बात कही। शिविर में सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, कृषि, उद्यान, पशुपालन, कल्याण, स्वास्थ्य, आपूर्ति विभाग सहित कई अन्य विभागों ने स्टॉल लगाए।

# ईंटा बरही बाजार के निकट पिंटू प्रसाद केशरी की किराना दुकान जलकर हुई राख

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर थाना अंतर्गत ईंटा बरही बाजार के निकट विजय प्रसाद केशरी के पुत्र दुकान मालिक पिंटू प्रसाद केशरी का किराना दुकान पूरी तरह से जलकर राख हो गया। पिंटू प्रसाद केसरी ने ईटा गांव निवासी मकान मालिक स्व देवठान उरांव के पुत्र कैलाश उरांव के घर को किराया में लेकर किराना दुकान चल रहा था। दुकान में आग लगने से दुकान के अंदर रखें डी फ्रीज, आटा, चावल, डाल, मसाला, तेल, रस्सी सहित अन्य खाद्य सामग्री एवं जन उपयोगी सामान पूरी तरह से जलकर राख हो गया। दुकान मालिक पिंटू प्रसाद केसरी ने बताया कि अज्ञात राहगीरों के माध्यम से बीती रात लगभग 11:00 बजे उसे सूचना मिली की दुकान में आग लग गई है, गांव की ओर से चाबी लेकर पहुंचे तब तक दुकान में पूरी तरह से आग लग चुकी थी। खुद वह आसपास के लोगों की मदद से पानी डालकर आग को बुझाया गया परंतु दुकान में रखें सामान पूरी तरह से जल गया। बताया कि दुकान में रखें सामान के जलने से उन्हें 3 से 4 लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना लोहरदगा सदर थाने को दी गई, तत्पश्चात शुक्रवार की सुबह पुलिस बल उक्त घटनास्थल पहुंचकर मामले का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण किसी के द्वारा लगाया गया या शार्ट सर्किट से हुआ या स्पष्ट नहीं हो पाया है।


**कार्यालय-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**
**(राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा)**

**सूचना**

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा द्वारा स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों यथा– Pharmacist, STLS, LT & STS पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आपत्ति निराकरण के पश्चात् अद्यतन सूचना गढ़वा जिला के वेबसाईट पर garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 345524 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-31/2024-25**

पत्रांकः–110 दिनांक :–31.01.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा। |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 07.02.2025 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 08.02.2025 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 08.02.2025 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे। |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा। |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| कम सं0 | कार्यकानाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation Of S.P Residence Chatra. | 17,50,350.00 | 35000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2. | Repair Of Guard Room,Toilets, Septic tank and laying of paver Blocks at Campus of S.P. Residence Chatra For The Year 2024-25 | 6,46,950.00 | 13000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 3. | Repair of Floor and Plinth Protection work of LRDC Court Room at SDO Office Chatra for the Year 2024-25 | 4,20,850.00 | 8500.00 | 750.00 | 01 Months |

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, चतरा

PR 345565 Building(24-25).D

**कार्यालयः–जिलास्वास्थ्य समिति, लातेहार।**
Sadar Hospital Campus,Latehar.E-Mail ID: drhslatehar3@gmail.com

पत्रांक................/(DHS), दिनांक............................/

**सूचना।**

राज्य नोडल पदाधिकारी, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड रांची के पत्रांक 50 (UH) दिनांक 03.06.2024 के आलोक में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (NUHM) के अन्तर्गत लातेहार जिले के शहरी क्षेत्रान्तर्गत एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, (U-PHC) की स्थापना एवं संचालन किया जाना है। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, (U-PHC) की स्थापना एवं संचालन हेतु सरकार भवन उपलब्ध नहींर हने की स्थिति में शहरी क्षेत्र (लातेहार) अन्तर्गत निचे अंकित विवरण के अनुसार किराये पर निजी भवन की अवश्यकता है।

| क्र0 | सुविधा | आवश्यक न्यूनतम कारपेट एरिया (स्क्वायर फिट में) |
|---|---|---|
| 1 | ओ0पी0डी0 रूम | 100 |
| 2 | औषधि भण्डार एवंवितरण | 80 |
| 3 | टीकाकरण/काउन्सिलिंग | 80 |
| 4 | स्टाफनर्स कक्ष, वेटिंग रूम व पंजीकरण | 150 |
| 5 | शौचालय 02 नग | 60 |
| 6 | वेलनेसकक्ष | 250 |
| | योग | 720 वर्गफुट |

जिले के शहरी क्षेत्रान्तर्गत निवास करने वाले इच्छुक मकान मालिक जो उपरोक्त विवरण के अनुसार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, (U-PHC) की स्थापना एव संचालन हेतु अपना भवन किराये पर देना चाहते है, वो अपना आवेदन सभी दस्तावेजों **यथा भवन का नक्सा, केवाला, अद्यतन रशीद एव होल्डिंग टैक्स इत्यादि की छायाप्रति** के साथ दिनांक 17.02.2025 तक जिला स्वास्थ्य समिति, कार्यालय, सदर अस्पताल परिसर, लातेहार में हाथों–हाथ जमा कर सकते है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।

PR 345537 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा**
**( E -MAIL ID – midloh632@gmail.com)**

**(जिला योजना अनाबद्ध निधि के अन्तर्गत)**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या MID/LOHARDAGA/F2 – 18/2024-25

पत्रांक ......................../ दिनांक ..................................../

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 01.02.2025 से 08.02.2025 (कार्यालय अवधि में)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 10.02.2025 अपराह्न 3.00 बजे
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 10.02.2025 अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
7. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | पंचायत | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र की मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | विद्या मंदिर से संजय शुक्ला के घर की ओर पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण कार्य। | नगर परिषद् | लोहरदगा | 489200.00 | 750.00 | 10000.00 | दो माह |
| 2. | रा0 बालिका मध्य विद्यालय, लोहरदगा (थाना रोड) परिसर में पाँच शौचालय का निर्माण कार्य। | नगर परिषद् | लोहरदगा | 901690.00 | 1250.00 | 18100.00 | दो माह |

निविदा की शर्तें WWW. jharkhand.Gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 345541 Lohardaga(24-25)#D

**District Health Society,Garhwa**
**DEPARTMENT OF HEALTH & FAMILY WELFARE**
**Government of Jharkhand,Garhwa–822101**
**Email: - cs.garhwa@gmail.com**

**Tender No. DHS/GAR/NMMU/01/2025**
**Date: 30/01/2025**

**TENDER NOTIFICATION FOR MAINTAIN & OPERATE NATIONAL ONE MOBILE MEDICAL UNIT**

**Civil Surgeon cum CMO,** Garhwa invites separate Technical and Financial Bids (Two Cover System) from the registered and eligible firms/bidders willing to Maintain& Operate 01 Nos. National Mobile Medical Units Infrastructure to provide primary and selective secondary health care in identified regions in District-Garhwa in the State of Jharkhand.

The Blank tender documents with detailed conditions can be obtained throughwww.garhwa.nic.in web site and office of civil surgeon cum cmo, garhwashould be submitted through hard copy only.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Maintain & Operate 01 Nos. National Mobile Medical Units Infrastructure in Jharkhand |
| 2 | Time of Completion | One Year after issue work order |
| 3 | Date of Publication of Tenders on website | 31.01.2025 |
| 4 | Date / time for receipt of bids | By 24.02.2025 up to 5.00 PM |
| 5 | Date of Technical and Financial Bid opening | 25.02.2025 at 1.00 PM |
| 7 | Application fee (Non-refundable) | Rs 1000.00 (One thousand only) DD "DRHS- RCH Flexi pool Garhwa" |
| 8 | EMD for NMMU (Vehicle) | Rs 50,000.00 (Fifty thousand only) DD favoring to "DRHS- RCH Flexi Pool, Garhwa |

**Note: The above dates may change due to abrupt declaration of holidays.**
Detailed tender document can be seen and through website: www.garhwa.nic.in only, Hard copies of Technical bid & Price bid will be submitted to the office of civil Surgeon cmo cmo with Tender fee, EMD within date of recipt as above.

PR 345593 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D

Civil Surgeon-Cum-Chief Medical Officer,Garhwa

**समाहरणालय, लातेहार**
**(dso-latehar@jharkhandmail.gov.in)**
**(आपूर्ति शाखा)**

**अल्पकालिन निविदा**

विभागीय ज्ञापांक–खा0प्र0–1/ज0वि0प्र0(DSD)/6–8/2020–1811/रॉची, दिनांक–29.07.2024 के निदेशानुसार जन वितरण प्रणाली के तहत् प्रखण्ड/शहरी क्षेत्र लातेहार के लिए झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के गोदाम से जन वितरण प्रणाली विक्रेता दुकान तक खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियों के लिए डोर स्टेप डिलिवरी हेतु परिवहन–सह–हथालन अभिकर्ता का चयन GeM Portal के माध्यम से किया जाना है। उक्त निविदा दो वर्ष के लिए किया जाएगा। साथ ही GeM Portal पर निविदा डालने की अंतिम तिथि दिनांक–19.09.2024 के अपराह्न 03:00 बजे तक निर्धारित था। परन्तु किसी भी निविदादाता के द्वारा निविदा में भाग नही लेने के कारण पुनः GeM Portal के माध्यम से निविदा प्रकाशित की जा रही है जिसकी अंतिम तिथि 28.02.2025 के मध्याह्न 12:00 बजे तक है। GeM Portal में लातेहार जिला अन्तर्गत निविदा का बिड संख्या निम्न प्रकार है–

| Sl. No. | District | Block/Godown | Bid No. | Dated |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Latehar | Latehar | GEM/2024/B/5340481 | 28.02.2025 |
| 2 | | Chandwa | GEM/2024/B/5340622 | 28.02.2025 |
| 3 | | Balumath | GEM/2024/B/5340966 | 28.02.2025 |
| 4 | | Manika | GEM/2024/B/5341038 | 28.02.2025 |
| 5 | | Barwadih | GEM/2024/B/5341264 | 28.02.2025 |
| 6 | | Garu | GEM/2024/B/5341155 | 28.02.2025 |
| 7 | | Mahuadanr | GEM/2024/B/5340740 | 28.02.2025 |

अतएव इच्छुक निविदादाता को GeM Portal से निविदा डाल सकते है, जिसके लिए GeM Portal में निविदादाता का निबंधन होना आवश्यक होगा। विभागीय निदेशानुसार GeM Portal से डाले गये निविदा ही मान्य होगा।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, लातेहार

PR 345584 Food Public Distribution and Consumer Affairs(24-25).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मानसिक दैनंदिनी रखना अच्छी बात है। रात में सोने से पहले थोड़ी देर के लिये बैठो और उस दिन पर पुनर्विचार करो। देखो कि तुम क्या बनते जा रहे हो। क्या तुम अपने जीवन के प्रवाह से प्रसन्न हो? यदि नहीं, तो इसे बदल डालो। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**


## संपादकीय

## हादसे में अवसर नहीं संयम का हो प्रयास

प्रिंट मीडिया की गंभीर टिप्पणी और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की ब्रेकिंग न्यूज की आपाधापी में एक नया अध्याय जुड़ गया है सोशल मीडिया का। जिसके हाथ में मोबाइल वही पत्रकार और बिना तथ्यों की जानकारी के अफवाह फैलाने में रील बनाने वाले से लेकर यूट्यूबर तो शामिल हैं ही साथ में वे लोग बड़ी संख्या में हैं जो फेसबुक पर लाइव कर रहे हैं। कुछ राजनीतिक पार्टियों के लोगों ने तो पहले से ही अभियान चला रखा था कि महाकुंभ में कोई व्यवस्था नहीं और लोग परेशान हैं। भगदड़ क्यों कैसे बार-बार आग कैसे लग रही है इसकी भी जड़ें न्यायिक जांच में कहीं यूपी के आगामी चुनाव से जुड़ जाएं तो आश्चर्य की बात नहीं। महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या पर्व पर मची भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मृत्यु होना बहुत दुखद खबर है। लेकिन इस हादसे के बावजूद आठ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने उसी दिन स्नान किया और सकुशल वापस घर गये यह उत्तर प्रदेश प्रशासन की एक बड़ी उपलब्धि भी है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले की आबादी देखें तो वह लगभग 60 लाख के आसपास है। कुंभ मेले में अब तक आ चुके श्रद्धालुओं का आंकड़ा देखें तो वह 30 करोड़ के आसपास है। योगी सरकार का आकलन है कि 26 फरवरी तक चलने वाले धरती के इस सबसे बड़े मेले में 45 करोड़ के आसपास लोग आयेंगे। ऐसे में कल्पना करिए कि इतनी बड़ी भीड़ को संभालने और उनके लिए कितनी तरह की व्यवस्थाएं करने के लिए प्रशासन ने कितने समय से कितने प्रयास किए होंगे। भगदड़ की एक घटना को लेकर पूरी व्यवस्था पर प्रश्न उठाने वालों को यह भी देखना चाहिए कि मौनी अमावस्या से पहले ही रात को लगभग पांच करोड़ लोग सकुशल स्नान कर चुके थे और घटना के बाद भी आठ करोड़ लोगों ने सकुशल स्नान किया था। इससे पहले के अमृत स्नान के दौरान भी लगभग पांच करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया था लेकिन किसी को खरोंच तक नहीं आई थी। जिन लोगों को एक दिन में एक जगह पर आठ से दस करोड़ लोगों का स्नान करना मामूली बात लगती है उन्हें पता होना चाहिए कि यह संख्या कई देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। भगदड़ की घटना की खबर मिलते ही विपक्ष के कई नेता इतनी तेजी से बयान जारी करने लग गये थे जैसे कि वह पहले से टाइप करके रखा गया था और किसी हादसे की प्रतीक्षा की जा रही थी ताकि योगी सरकार को घेरा जा सके। कुछ मीडिया संस्थानों ने भी सनसनी फैलाने में देरी नहीं लगाई और अपनी जिम्मेदारी को नहीं समझते हुए सिर्फ अव्यवस्था संबंधी खबरें चलाईं। जबकि सच्चाई यह थी कि घटना के कुछ ही मिनटों के भीतर हालात पर काबू पाया जा चुका था और इसी का परिणाम था कि पूरे दिन स्नान सुचारू रूप से चला और आज भी करोड़ों लोग अब तक डुबकी लगा चुके हैं और सरकार विशेष कर पुलिस के व्यवहार की तारीफ कर रहे हैं। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया और मीडिया के मंचों से सवाल उठाया कि जब यूपी सरकार सुबह-शाम श्रद्धालुओं की संख्या के आंकड़े जारी कर रही है तो उसे सुबह मारे गये श्रद्धालुओं की संख्या बताने में सोलह घंटे क्यों लग गये?

*भगदड़ में 30 की मृत्यु बहुत दुखद है। पर 30 करोड़ का सुरक्षित स्नान एक उपलब्धि भी*

# इसरो का शतक : साकार होता अंतरिक्ष महाशक्ति बनने का सपना



भारत अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में पहले भी बहुत सी उपलब्धियां हासिल करता रहा है, लेकिन विगत कुछ वर्षों में भारत ने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में कामयाबी की नई इबारत लिखी है। अंतरिक्ष कार्यक्रम के पिता डॉ. विक्रम साराभाई के प्रयासों से कदम नापने वाला इसरो आज सफलताओं की उड़ान भर रहा है। इसरो ने श्रीहरिकोटा स्थिति सतीश धवन अन्तरिक्ष केंद्र से एनवीएस-02 को ले जाने वाले अपने जीएसएलवी-एफ15 के सफल प्रक्षेपण के साथ अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में सफलता की एक और इबारत लिख दी है। यह देश के अंतरिक्ष केंद्र से इसरो का 100वां प्रक्षेपण है। इसी के साथ इसरो ने अन्तरिक्ष के क्षेत्र में अपना शतक पूरा कर लिया जो कि भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

इसके पहले भारत ने अपने चन्द्र मिशन 1 व 2 एवं मंगल मिशन की सफलता से भी पूरी दुनिया को अपनी अन्तरिक्ष शक्ति का लोहा मनवाया था। भारतीय वैज्ञानिकों के 50 वर्षों के अथक प्रयासों के बाद इसरो को यह मुकाम हासिल हुआ है। यह उपलब्धि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अहम मायने रखती है।

यूं तो अंतरिक्ष के क्षेत्र में दुनिया के 21 से ज्यादा देश सफलता हासिल करने के लिए जीतोड़ कोशिश कर रहे हैं लेकिन संभवतः भारत, अमेरिका रूस और चीन के साथ चैथा ऐसा देश है जिसे अगर अंतरिक्ष के सम्बंध में उभरती महाशक्ति कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगा। पिछले पांच दशक की शानदार और कामयाब यात्रा में इसरो अब तक सैकडों उपग्रहों और रॉकेटों का प्रक्षेपण कर चुका है। इसरो ने सबसे पहले 1975 में आर्यभट्ट उपग्रह का प्रक्षेपण रूसी उपग्रह केंद्र की मदद से किया था। हालांकि उस समय दुनिया के तमाम देशों और संगठनों के बीच हमारी यह कहकर खिल्ली उड़ाई जा रही थी कि भारत जैसे गरीब देश को अंतरिक्ष जैसे खर्चीले क्षेत्र में कदम रखने की बेवकूफी नहीं करनी चाहिए। इसके बावजूद हम डटे रहे और आज यह हमारी कडी मेहनत और आत्मविश्वास का नतीजा है कि आज हिंदुस्तान अंतरिक्ष तकनीक के मामले में एक महाशक्ति बन चुका है। हमारा अंतरिक्ष अभियान फिजूलखर्ची और दिखावे का नहीं, कर्तव्य और शोध की ठोस वैज्ञानिक जमीन पर खड़ा है। यह न तो सोवियत संघ के उस अभियान की तरह है जिसे अमेरिका की होड़ में शुरू करके वह आर्थिक रूप से तबाह हो गया और न ही व्यावसायिक नजरिए से रहित है। इसका दूरगामी लक्ष्य ऊंचा है और उसमें विकास की बड़ी संभावना छुपी हुई है। इस सफल अभियान के साथ भारत ने एक बात और सिद्ध कर दी है कि अंतरिक्ष अभियानों को काफी सस्ता बनाया जा सकता है। यह अकारण नहीं है कि इसरो अंतरिक्ष तकनीकी के क्षेत्र में आज एक बड़ा नाम है और यूरोप की तमाम अंतरिक्षीय जरूरतों को पूरा करने के लिए यूरोपीय देश अमेरिका और रूस की बजाय भारत की तरफ देखने लगे हैं। प्रारम्भिक अंतरिक्ष कार्यक्रमों को तमाम समस्यायों से घिरे भारत में सफलतापूर्वक आगे बढ़ा पाना आसान नहीं था। आज भारत अन्तर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल और मंगल यान जैसी उपलब्धियों के कारण अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम की सफलता के संदर्भों को व्यापक आयामों में चित्रित करता है। आज हमारी अंतरिक्ष एजेंसी इसरो दुनिया के अन्य देशों की अगुआई करने में सक्षम है। धूम केतु 67-पी पर अध्ययन के लिए भेजे गए यूरोपियन यान रोसेटा की लैंडिंग से पहले ही मंगलयान ने इसकी तस्वीर भेज दी। भारत ने अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन में भी मंगल यान की सूचना संग्रह के लिए स्पेस स्टेशन स्थापित किये है जो की अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उभरती शक्ति के सूचक हैं। यदि आर्थिक उपयोगिता के आधारों की विवेचना करें तो विदेशी मुद्रा का आगमन किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती का आधार होता है और कभी अपने उपग्रह को विदेशी प्रक्षेपास्त्र से प्रक्षेपित करने वाला भारत आज कई देशों के उपग्रहों को एक साथ प्रक्षेपित कर अंतरिक्ष व्यापार के क्षेत्र में दुनिया को आमंत्रित कर विदेशी पूँजी के आगमन के विस्तृत अवसर दे रहा है। सामरिक दृष्टि से भारत का प्रतिस्पर्धी चीन हमारे पडोसी देशों में अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग के द्वारा अपनी उपस्थिति को मजबूत कर भारत की विदेशी रणनीति को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है और हालिया समय में भारत के एक बेहद सस्ते सफल प्रक्षेपण ने हमारे पड़ोसी देशों के सामने बेहतर विकल्प प्रस्तुत कर अपने सामरिक हितों को मजबूती प्रदान की है। इसरो के योगदान और अंतरिक्ष क्षेत्र में हमारा उभार भारत की एक प्रखर वैज्ञानिक छवि प्रस्तुत कर रहा है। संचार, शिक्षा एवं नीतियों के क्रियान्वन के लिए डेटा व सूचना संग्रहण, मौसम की सटीक जानकारी ,सुरक्षा तंत्र में मजबूती के क्षेत्र में हमारी उपग्रह क्षमता बेहद खास भूमिका निभाती है। अंतरिक्ष क्षेत्र की सफलताएं सामरिक क्षेत्र में मजबूती का प्रतिबिम्ब होती है। अंतरिक्ष में हमारी ऊँची उड़ान हमें सामरिक रूप से भी सशक्त होने का विकल्प देती है। पाताल से अंतरिक्ष तक हमारी सफलताएं वैश्विक स्तर पर भारत की प्रस्थिति को अधिक स्पंदित और वर्चस्वशील बनाएगी। भृगु, आर्यभट्ट और कई महान भारतीय ऋषियों की परम्पराओं को आगे बढ़ाता हुआ भारत अपनी उच्च आध्यात्मिक विरासत को भौतिक रूप से दुनिया के सामने साकार कर हमारी प्राचीन वैज्ञानिक पहुंच को प्रमाणित कर रहा है। सबकुछ सही रहा तो आज के कुछ वर्षों बाद अंतरिक्ष में जीवन बसाने में भारत की प्रमुख साझेदारी होगी और इसके दूरगामी परिणाम होंगे। बेशक इसका लाभ आनेवाली पीढ़ियों को मिलेगा और तब वे अपने आज के पुरुखों पर गर्व करेंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**सुनील तिवारी**

## गांधीवाद : अहिंसा, न्याय और स्वतंत्रता

भारत सहित कई देशों ने बीते कल शहीदी दिवस मनाया। यह दिवस भारतीय स्वाधीनता के लिए महात्मा गांधी के अभूतपूर्व प्रयासों, आंदोलनों के माध्यम से भारतीय जनमानस को एकजुट होने और उनके बलिदान की स्मृति में श्रद्धांजलि देने के दिन के रूप में महत्व रखता है। आज का दिन अहिंसा, सत्य और न्याय के प्रति उन मूल्यों के महत्व को रेखांकित करता है, जिनका बापू जी ने मृत्यु पर्यन्त पालन किया था। वैसे 30 जनवरी का दिन उन शहीदों के सम्मान के रूप में भी मनाया जाता है जिन्होंने नए भारत के निर्माण के लिए अपना बलिदान दिया था। नवीन भारत के अस्तित्व को साकार रूप देने में गांधी जी की भूमिका और वैश्विक मंच पर उनका प्रभाव उन्हें भारतीय इतिहास में एक महान व्यक्तित्व बनाता है, जो अहिंसा, न्याय और स्वतंत्रता की खोज में नैतिक साहस और अहिंसक प्रतिरोध की शक्ति का प्रतीक भी है। 1910 के दशक के प्रारंभ से 1947 तक का गांधीवादी कालखंड भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में एक महत्वपूर्ण समय था। मोहनदास करमचंद गांधी के नेतृत्व और सिद्धांतों की विशेषता के कारण उन्हें महात्मा गांधी के नाम से जाना जाता है। यह उपाधि बंगाली कवि, लेखक और दार्शनिक रवींद्रनाथ टैगोर ने दी थी। गांधी जी ने जीवन भर जिन सिद्धांतों का पालन किया और सिखाया, उनमें अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य, अस्तेय, अपरिग्रह, शरीराश्रम, अस्वदा, अभय, सर्व-धर्म-समानत्व, स्वदेशी और अस्पृश्यता निवारण प्रमुख हैं। गांधी जी की नेतृत्व शैली का मतलब सत्ता पर काबिज होना नहीं था, बल्कि दूसरों को सशक्त बनाना और आगे बढ़ाना था। उनका दृढ़ विश्वास था कि अहिंसा सबसे बड़ा हथियार है और हमें अहिंसा की भावना को अवश्य समझना चाहिए और जहां तक संभव हो, हिंसा से दूर रहकर मानवता का पालन करना चाहिए।

विद्यार्थियों के लिए उनकी सबसे बड़ी सीख थी कि 'जिएं इस तरह से जैसे कि आपको कल ही मर जाना है और सीखें इस तरह से जैसे आपको सदा जीवित रहना है।' गांधीवाद में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जरूरत के मुताबिक उपभोग पर जोर दिया गया है। गांधी दर्शन में स्वदेशी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने को प्राथमिकता दी गई है। गांधीवादी विचारधारा में सत्याग्रह के सिद्धांत को अपनाया गया है। गांधी जी भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार आज भी हमारे दिलो-दिमाग में बसे हुए हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**राकेश दुबे**

## वसंत पंचमी के संगीत और अध्यात्म में क्या संबंध है?

वसंत पंचमी का उत्सव नवीनता का प्रतीक है, और इस दिन ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की पूजा की जाती है। देवी सरस्वती की प्रतिमा में उनकी चार भुजाएँ दर्शायी जाती हैं। एक हाथ में देवी जपमाला धारण करती हैं जो 'ध्यान' का प्रतीक है, उनके दूसरे हाथ में पुस्तक है जो बौद्धिक ज्ञान का प्रतिनिधित्व करती है। अन्य दो हाथों से वे वीणा बजाती हैं।

माँ सरस्वती के वीणा वादन का क्या महत्व है? वीणा भारत का सबसे प्राचीन वाद्ययंत्र है। इस यंत्र की रचना मानव शरीर से मिलती जुलती है। जैसे मानव शरीर में 24 कशेरुकाएँ होती हैं वैसे ही वीणा में कुल 7 तार होते हैं। जिस तरह यदि वीणा का सुर अच्छी तरह से साध लिया जाए तो उससे मधुर संगीत निकलता है और वैसे ही यदि जीवन का सुर अच्छी तरह से सध जाए तो दिव्यता प्रकट होती है।

जब जीवन में बौद्धिक ज्ञान, संगीत और ध्यान एक साथ होते हैं, तभी ज्ञान का उदय होता है। संगीत का उद्देश्य आपके भीतर गहरा मौन उत्पन्न करना है और मौन का उद्देश्य जीवन में गतिशीलता बढ़ाना है इसलिए जो मौन गतिशीलता पैदा नहीं करता वह उत्तम प्रकार का मौन नहीं है और वह संगीत जो आपके भीतर शांति, धैर्य, सद्भाव पैदा नहीं करता वह भी श्रेष्ठ संगीत नहीं है। संगीत समारोह एक महान यज्ञ है जहाँ हजारों-लाखों लोग एक साथ सम्मिलित होते हैं क्योंकि संगीत हम सभी को एकजुट करता है। प्रेम के अलावा यदि कोई ऐसी शक्ति है जो जाति, धर्म, महाद्वीपों के पार सभी को एकजुट करती है, वह संगीत है। संगीत हर किसी के दिल को छू जाता है। चाहे आप संगीतकार हों या नहीं, इससे कोई अंतर नहीं पड़ता, हर किसी को गाना चाहिए। जब आप गाना आरंभ करते हैं तो आप संगीतकार बन जाते हैं।



आध्यात्मिकता और संगीत दुनिया को दी गई भारत की कई अनूठे उपहारों में से हैं, संगीत आध्यात्मिकता की आत्मा है। आध्यात्मिकता आंतरिक शांति, मौन और शक्ति को जन्म देती है। संगीत व्यक्ति को वैश्विक चेतना से जोड़ता है। अध्यात्म और संगीत दोनों मिलकर लोगों का उत्थान कर सकते हैं, उन्हें अवसाद से बाहर निकाल सकते हैं और उत्साह के साथ एक नया जीवन शुरू करने में सहयोग कर सकते हैं।

संगीत आपकी भावनाओं को शुद्ध करता है, आपकी भावनाओं को कोमल और हल्का बनाता है और यदि भावना शुद्ध हो जाती है, तो विचार भी शुद्ध हो जाते हैं; इससे सही विचार आपके पास आता है। आपका अंतर्ज्ञान जाग जाता है और यही आध्यात्मिकता है। संगीत और आध्यात्मिकता एक-दूसरे से इस तरह जुड़े हुए हैं कि एक दूसरे के बिना नहीं रह सकते, विशेषरूप से इस देश में संगीत और आध्यात्मिकता को कभी भी भिन्न नहीं देखा गया। तनावमुक्त जीवन के लिए आपको इन दोनों पक्षों को अपनाना होगा।

भारतीय शास्त्रीय संगीत और उसकी आध्यात्मिकता की विरासत दो मजबूत शक्तियां हैं जो हमें अपने आस-पास के सभी संघर्षों को दूर करने में सहायता करेंगी और इन्हें संरक्षित करना हमारे लिए आवश्यक है। शास्त्रीय संगीत आत्मा को छू जाता है। इसमें विद्यमान विभिन्न यंत्र हमारे शरीर के विभिन्न 'चक्रों' पर प्रभाव डालते हैं।

संगीत का उद्देश्य आपको अपने अस्तित्व की गहराई से जोड़ना है। गति का विस्तार नृत्य है, मन का विस्तार ध्यान है, ध्वनि का विस्तार संगीत है और जीवन का विस्तार उत्सव है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

भावों के आकाश में, बच्चे उड़े नि:शंक।
तभी किसी ने वार कर काटे उनके पंख।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## हमारी भावनाओं का उत्तरदायी हमारा दिमाग

भावनाएं वैसी नहीं हैं जैसा हम आमतौर पर सोचते हैं। अगर आपके पास किसी की भावना के लिए कोई शब्द नहीं है तो आप कठोर है। हमारा मस्तिष्क पिछले अनुभवों का उपयोग करके हमारी जरूरत के अनुसार अवधारणाएँ बनाता है, तो हम खुद के प्रति न्याय नहीं कर सकते। भावना की अवधारणा के लिए किसी शब्द के बिना भावना का अनुभव करना असंभव नहीं है, लेकिन यह बहुत कठिन है। शायद यही एक कारण है कि अलग-अलग तरह के लोगों की समझ बिना शब्द के पूर्ण नहीं होता है। शब्द और अवधारणाएँ हमारी भावना बनाने की क्षमता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

दुनिया में हर कोई भाव प्रकट करता है, और हर कोई उन्हें पहचान सकता है। आप किसी के चेहरे पर घबराहट देखकर जान सकते हैं कि कोई व्यक्ति भयभीत है। एक भद्दी मुस्कान आपको बताती है कि वे गुस्से में हैं। एक मुस्कान आपको बताती है कि वे खुश हैं। भावनाएं कोई प्रतिक्रिया का परिणाम नहीं होता है। हमारा मस्तिष्क भावनात्मक परिपथों के साथ पहले से ही जुड़ा हुआ होता है। कुछ ऐसा होता है जो हमको डर के परिपथ को सक्रिय करता है, जैसे कि साँप को देखना। हमारा दिल तेजी से धड़कता है, हमको डर लगने का एहसास होता है, हम एक ऐसा चेहरा बनाते हैं जो उस भावना को व्यक्त करता है। जैसे कि एक चैड़ी आँखों वाला हांफता हुआ चेहरा, और फिर आप स्तब्ध हो जाते हैं या भाग जाते हैं।

सामान्यतः यह विचार रहा है कि लोगों में सार्वभौमिक मूल भावनाएं होती हैं ? सही यह धारणा है कि मानव मस्तिष्क में क्रोध, उदासी, भय, घृणा, खुशी, आश्चर्य के लिए पहले से ही सर्किट होते हैं, और कभी-कभी वैज्ञानिक अवमानना को भी इसमें शामिल करते हैं। फिर वैज्ञानिक अन्य भावना श्रेणियों के बारे में बहस करते हैं जो सार्वभौमिक हो सकती हैं। दशकों से चल रहे शोध से पता चलता है कि हम ऐसी भावनाओं के साथ पैदा नहीं होते जो हमारे दिमाग में बनी होती हैं। इसके बजाय हमारा दिमाग हमारी जरूरत के हिसाब से भावनाओं का निर्माण करता है और यह स्थिति के हिसाब से बहुत खास होता है। डर में, आपकी हृदय गति बढ़ सकती है या कम हो सकती है। आप अपनी आँखें चैड़ी करके सांस रोक सकते हैं, लेकिन आप मुस्कुरा भी सकते हैं या नाराज भी हो सकते हैं। आप अपनी भौहें उठा सकते हैं और अपनी आँखें चैड़ी कर सकते हैं। कोई भी भावना सार्वभौमिक नहीं होती, अर्थात कुछ संस्कृतियों में क्रोध, दुख, भय, घृणा, खुशी आदि भावनाएं होती हैं, तथा कुछ संस्कृतियों में नहीं होती। उदाहरण के लिए, कुछ संस्कृतियों में उदासी की अवधारणा है, कुछ संस्कृतियों में उदासी के लिए एक से ज्यादा अवधारणाएँ हैं। भावनाओं पर सर्वश्रेष्ठ पुस्तक में " द बुक ऑफ ह्यूमन इमोशन्सः एन इनसाइक्लोपीडिया ऑफ फीलिंग फ्रॉम एंगर टू वांडरलस्ट " माना जाता है। इसके लेखक टिफनी वॉट स्मिथ है। इसमें भावनाओं के विविध शब्दों को संकलित किया गया है। इसमें दुनिया भर से 154 शब्द एकत्र किए गए हैं जो बताते हैं कि हम कैसा महसूस करते हैं, जिसमें सभी तरह के दिलचस्प मामले शामिल हैं। यह पुस्तक शानदार उदाहरणों से भरी हुई है जो दिखाती है कि भावनाएँ सार्वभौमिक नहीं हैं, और कैसे वे ऐतिहासिक रूप से समय के साथ स्थिर भी नहीं हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आपकी शब्दावली में जितनी अधिक भावनाएँ होंगी, आप उतने ही अधिक लचीले और भावनात्मक रूप से बुद्धिमान होंगे, और आप संस्कृतियों और यहाँ तक कि समय के पार भी संवाद करने में उतने ही बेहतर होंगे।

येल विश्वविद्यालय की भावनात्मक बुद्धिमत्ता प्रयोगशाला से शोध सामने आ रहा है, जिसमें दिखाया गया है कि जब आप बच्चों की भावनात्मक शब्दावली का विस्तार करते हैं तो आप न केवल उनके भावनात्मक जीवन - नकारात्मक भावना को नियंत्रित करने की उनकी क्षमता में सुधार करते हैं। लोगों का मानना है कि जीवन में सभी महान चीजें हासिल की जाती हैं, जीवन में सभी अर्थ खुशी के जरिए हासिल किए जाते हैं, लेकिन हमारे इतिहास में एक अलग समय में, उदासी को एक सार्थक जीवन जीने का एक तरीका माना जाता था, और एक तरह से जो आपके स्वास्थ्य को प्रभावित करता था। स्कॉटिश गेलिक शब्दकोष में दुःख के विभिन्न अर्थों को व्यक्त करने वाले 49 अलग-अलग शब्द मिलते हैं, जो यह बताता है कि हाइलैंडर्स उदासी की कला में पारंगत रहे होंगे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ मयंक मुरारी**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## सोशल मीडिया पर वायरल चंद लोगों से इतर कल्पवासी

# साधु-संतों के अखाड़ों-शिविरों में है असली महाकुंभ

**एजेंसी। महाकुंभनगर**



अपनी कुछ खूबियों के कारण सोशल मीडिया पर वायरल चंद लोगों से इतर भी महाकुंभ है। वही महाकुंभ असली और स्थाई है। वही अनादि काल से चली आ रही अपनी परंपरा भी है। इस असली वाले महाकुंभ में वे 10 लाख कल्पवासी हैं जो हर रोज तड़के स्नान करने के बाद पूरा समय जप और सत्संग में बिताते हैं। इसमें साधु-संतों के वे अखाड़े या शिविर हैं जिनमें लगातार धर्म, अध्यात्म, योग आदि विषयों पर प्रवचन चल रहा है। उनमें हो रहे मंत्रोच्चार की मधुर धुन से ऊर्जा मिल रही है। जो अनवरत लोगों के लिए लंगर चला रहे हैं। असली महाकुंभ का यही असली अमृत है, जो लगातार बरस रहा है। छकने वाले इसे पूरे मन से छक भी रहे हैं। वायरल होना तो वायरल बुखार की तरह है, जो कुछ दिनों में उतर जाएगा। लगभग उतर भी चुका है। संगम में पुण्य की डुबकी के बाद संतों के सानिध्य में किए गए सत्संग का असर तो स्थाई होगा। रामचरितमानस में तुलसीदास ने भी कई जगहों पर सत्संग की महिमा और महत्व का वर्णन किया है। एक जगह वह कहते हैं, "बिनु सत्संग विवेक न होई, राम कृपा बिनु सुलभ न सोई"। सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुए एक अन्य जगह पर वह कहते हैं, "सतसंगत मुद मंगल मूला। सोई फल सिधि सब साधन फूला"। आगे वह इसकी महत्ता बताते हुए कहते हैं, सत्संग से व्यक्ति में विवेक आता है। यह विवेक मोह और भ्रम को दूर करता है। इनके दूर होने से भगवान के प्रति अनुराग बढ़ जाता है। (होइ बिबेकु मोह भ्रम भागा। तब रघुनाथ चरन अनुरागा)। इस लिहाज से महाकुंभ व्यक्ति में विवेक जगाने का महापर्व भी है। खास बात ये है कि अमृत पान का ये सुअवसर सबके लिए और समान रूप से है। आप जितना चाहें, जब तक चाहें इसका लाभ उठा सकते हैं। एक संन्यासी योगी आदित्यनाथ, जो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी हैं, ने जनकेंद्रित राजधर्म से चीजों को और व्यवस्थित एवं सुंदर बनाने का हर संभव प्रयास किया है। उसी का नतीजा है कि देर रात अगर ऊपर से महाकुंभ नगर को देखें तो लगता है, मां गंगा के सफेद रेती के कैनवास पर किसी ने रंग-बिरंगे टेंट और जगमग रोशनी, नावों और गंगा-जमुना के अविरल जल का बतौर पेंट प्रयोग कर बेहद खूबसूरती से एक बेहद उम्दा पेंटिंग उकेर दी हो।

## महाकुंभ हादसे में लोगों की लापरवाही अधिक, शासन-प्रशासन की कोई गलती नहीं थी : स्वामी चिदानंद

**महाकुंभ नगर।** हिंदू आध्यात्मिक गुरु एवं संत स्वामी चिदानंद सरस्वती ने महाकुंभ में हुई घटना पर दुख और संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस हादसे में शासन-प्रशासन की कोई गलती नहीं है। काफी अच्छी व्यवस्था थी, लेकिन भीड़ काफी ज्यादा हो गई थी। चिदानंद सरस्वती ने सीएम योगी की तारीफ की और उन्हें भरोसा दिलाया कि संत समाज उनके साथ है। चिदानंद सरस्वती ने आईएएनएस से खास बातचीत में बताया, "लंदन से बहुत प्रसिद्ध डॉक्टर आए हुए हैं। उन्होंने बताया कि मैं उस समय वहीं था। लोगों की लापरवाही काफी अधिक थी, लेकिन प्रशासन ने चीजों को बहुत विनम्रता के साथ डील किया। हालांकि कुछ लोगों के साथ दिक्कत थी। उन्होंने रेलिंग तोड़ी और वे आगे बढ़ते चले गए, जिससे यह हादसा हो गया, जो बहुत दुखद बात है। हमने आते ही उनके लिए यज्ञ किया। हमने तय किया कि हम सबके साथ स्नान करने नहीं जाएंगे। हम अकेले स्नान करेंगे, ताकि लोगों को असुविधा न हो। चिदानंद सरस्वती ने कहा कि वह यह सोच रहे हैं कि योगी जी को इस घटना से कितना दुख हो रहा होगा। उन्होंने कुंभ के लिए दिन-रात एक कर दिया है। कुछ लोगों की लापरवाही या शरारत से यह घटना घटित हुई या वास्तव में क्या हुआ, कौन बता सकता है। लेकिन कई लोग चले गए। उनके लिए तो हम प्रार्थना ही कर सकते हैं। सभी संतों ने आज बैठकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। यह दुखद है, लेकिन हमें पूरा भरोसा है कि उन लोगों को ईश्वर ने मोक्ष दिया है। उन्होंने कहा कि वह योगी जी को भरोसा दिलाना चाहते हैं कि संत समाज आपके साथ है। उन्होंने कहा, "मैं आपकी (योगी आदित्यनाथ) साधना को रोज देख रहा हूं जो आप कर रहे हैं। लोग कई बार यह सब समझ नहीं पाते।

### 5,000 से अधिक कर्मियों के साथ श्रद्धालुओं की सेवा में जुटा अदाणी समूह



**महाकुंभनगर।** महाकुंभ में अदाणी समूह के कर्मियों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य, आध्यात्मिकता और समर्पण का जीवंत उदाहरण बन गए हैं। यह कार्य न केवल सेवा भाव की परिभाषा को नया आयाम दे रहे हैं, बल्कि 'सेवा ही परमात्मा' के आदर्श को भी साकार कर रहे हैं। अहमदाबाद मुख्यालय और चेयरमैन गौतम अदाणी के मार्गदर्शन में, 300 से अधिक एयरपोर्ट स्टाफ और 5,000 से ज्यादा अदाणी कर्मी स्वैच्छिक रूप से मेला क्षेत्र में अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं। यह सेवा कार्य श्रद्धालुओं के लिए भोजन व्यवस्था, आरती पुस्तकों का वितरण और उनकी अन्य जरूरतों को पूरा करने के रूप में अदाणी समूह की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शा रहे हैं। अदाणी समूह के कर्मी इस्कॉन के सहयोग से स्थान-स्थान पर चल रही भोजन व्यवस्था में न केवल हाथ बंटा रहे हैं, अपितु प्रतिदिन लाखों लोगों हेतु स्थापित रसोईघर में भोजन निर्माण में सहयोग कर रहे हैं। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को स्नान में सुगमता हेतु चलाए जा रहे चार दर्जन से ऊपर गोल्फ कार्ट के बेहतर संचालन में भी मदद कर रहे हैं। अदाणी समूह के कर्मी रास्ता भटकने वाले श्रद्धालुओं और बिछड़े हुए को मिलाने में भी तत्परता के साथ सहयोग कर रहे हैं। सामाजिक सरोकारों के तहत अपनी प्रतिबद्धता के तहत अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी की प्रेरणा एवं निर्देश के क्रम में सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है, इस उद्देश्य के तहत अदाणी समूह तीर्थ राज प्रयाग में चल रहे महाकुंभ में अपनी अग्रणी भूमिका में सेवा भाव से दिन-रात जुटा है।

# अमृतकाल में पिछली सरकारों की तुलना में तीन गुना तेजी से काम कर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



● संसद में बजट सत्र के दौरान संयुक्त सदन में राष्ट्रपति ने दिया अभिभाषणमहाकुंभ भारत की सांस्कृतिक परंपरा व सामाजिक चेतना का पर्व: मुर्मु

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। सरकार के तीसरे कार्यकाल में पिछली सरकारों की तुलना में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। राष्ट्रपति मुर्मु संसद में बजट सत्र के दौरान संयुक्त सदन को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने अभिभाषण में वक्फ बोर्ड और एक राष्ट्र-एक चुनाव जैसे कई मुद्दों पर लिए गए निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि आज देश बड़े निर्णयों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। यह प्रसन्नता की बात है। राष्ट्रपति ने अपना संबोधन शुरू करने से पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर भगदड़ में मारे गए श्रद्धालुओं को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक चेतना का पर्व है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए पांच लाख छत्तीस हज़ार करोड़ रुपये खर्च किए जाने की योजना है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने अर्थव्यवस्था को पॉलिसी पैरालिसिस जैसी परिस्थितियों से उबारने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति के साथ काम किया है। उन्होंने कहा कि कोविड और उसके बाद के हालात तथा युद्ध जैसी वैश्विक चिंताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जो स्थायित्व एवं लचीलापन दिखाया है, वो उसके सशक्त होने का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है और उनके लिए रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है। एक करोड़ युवाओं को शीर्ष पांच सौ कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर भी दिये जाएंगे। पेपर लीक की घटनाओं को रोकने और भर्ती में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नया कानून लागू किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर में विकास का एक नया वातावरण बना है। वहां लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव अत्यंत शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए। उन्होंने कहा कि सरकार ने पूर्वोत्तर के लोगों में अलगाव की भावना को समाप्त करने के लिए प्रयास किए हैं। दस से अधिक शांति समझौते कर सरकार ने अनेक गुटों को शांति के मार्ग से जोड़ने का काम किया है। राष्ट्रपति ने डिजिटल फ्रॉड, साइबर-क्राइम और डीपफेक को सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने इन साइबर-क्राइम को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए गए है। साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में भी युवाओं के लिए रोज़गार की संभावनाएं हैं।

### सोनिया गांधी का विवादित बयान, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बताया 'बेचारी महिला'

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण के बाद कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने मीडिया के सामने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'पुअर लेडी' यानी बेचारी महिला बताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भाषण के दौरान अंत तक बहुत थक गई थीं। बेचारी मुश्किल से बोल पा रही थीं। संयुक्त अभिभाषण में हिस्सा लेने के बाद मीडिया के सामने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मौजूद थे। तीनों आपस में बात कर रहे थे। इसी दौरान अपनी मां को देखते हुए राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के भाषण को 'बोरिंग' बताया। इधर सोनिया गांधी ने कहा कि इसमें कुछ नया नहीं था।

### सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठी राष्ट्रपति का सोनिया गांधी ने किया अपमान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर दिए विवादित बयान पर भारतीय जनता पार्टी हमलावर है। न्यूज़ एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए भाजपा सासंदों ने सोनिया गांधी से माफी मांगने को कहा। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने उनको पुअर लेडी यानी 'बेचारी महिला' कहा। उन्होंने मीडिया के सामने कहा कि वह आखिर में थक गई थीं। अब सोनिया गांधी के इस विवादित वक्तव्य पर भाजपा हमलावर है। भाजपा के सांसदों ने इसे सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठी राष्ट्रपति का अपमान बताया। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, "आज के ऐतिहासिक दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के भविष्य और विकास का लेखा-जोखा हमारे समक्ष रखा है।

## संसद सत्र से पूर्व विदेश से चिंगारी लगाने की कोई कोशिश नहीं हुई : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बजट सत्र से पूर्व आशा व्यक्त की कि सरकार और संसद देश की आकांक्षाओं के बजट सत्र में खरे उतरेंगे। साथ ही उन्होंने इस बात पर आश्चर्य जताया कि इस बार संसद सत्र के पूर्व विदेश से चिंगारी लगाने की कोई कोशिश नहीं हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने बजट सत्र के आरंभ से पूर्व परंपरागत तौर पर मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सरकार और संसद देश की आशा-आकांक्षाओं के बजट सत्र में खरे उतरेंगे। साथ ही इस बजट सत्र में सभी सांसद विकसित भारत को मजबूती देने के लिए अपना योगदान देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य की शुरुआत में महालक्ष्मी को प्रणाम किया और धन, संपदा और समृद्धि की देवी लक्ष्मी सब पर कृपा करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि मां लक्ष्मी हमें सिद्धि, विवेक, समृद्धि और कल्याण देती हैं। "मैं प्रार्थना करता हूं कि देश के हर गरीब एवं मध्यम वर्गीय समुदाय पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा रहे। पने तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सत्र और बजट लोगों में एक नया विश्वास पैदा करेगा और नई ऊर्जा देगा। वह विश्वास से कह सकते हैं कि 2047 में आजादी के 100 साल होने पर विकसित भारत संकल्प पूरा होगा। अपने भाषण के अंत में उन्होंने भारतीय राजनीति में विदेशी दखल पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, "2014 से लेकर अब तक शायद ये पहला संसद का सत्र है, जिसके एक दो दिन पहले कोई विदेशी चिंगारी नहीं भड़की है, विदेश से आग लगाने की कोशिश नहीं हुई है। मैं 2014 से देख रहा हूं कि हर सत्र से पहले शरारत करने के लिए लोग तैयार बैठते थे और यहां उन्हें हवा देने वालों की कोई कमी नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नवाचार समावेशन और निवेश लगातार हमारी आर्थिक गतिविधि के रोडमैप का आधार रहे हैं। इस सत्र में हमेशा की तरह कई ऐतिहासिक विधायकों पर सदन में चर्चा होगी और व्यापक मंथन के साथ वो राष्ट्र की ताकत बढ़ाने वाले कानून बनेंगे। विशेषकर नारी शक्ति के गौरव को पुनः प्रस्थापित करना, पंथ-संप्रदाय के भेद से मुक्त होकर हर नारी को सम्मानपूर्ण जीवन और समान अधिकार मिले, इस दिशा में इस सत्र में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह सत्र विशेष कर युवा सांसदों के लिए अपनी बात रखने का यह महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। सदन में युवा सांसद जितनी जागरुकता और भागीदारी बढ़ाएंगे, विकसित भारत के फल उनकी नजर के सामने देखने को मिलेंगे। इसलिए युवा सांसदों के लिए ये एक अनमोल अवसर है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

### रास्ता मांगने पर दबंगों ने दो युवकों को मारी गोली

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेस-3 पुलिस ने दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से अवैध हथियार बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, इन्होंने मामूरा गांव में रास्ता मांगने पर दो युवकों के पैर में गोली मार दी थी। बुधवार देर रात को हुई इस घटना के बाद दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस के मुताबिक, गुप्त सूचना के आधार पर दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा, दो मोबाइल और एक बाइक बरामद की है।

## केजरीवाल ने चुनाव आयोग में दाखिल किया 6 पन्ने का जवाब, कहा- हमारे संघर्ष के बाद कम हुआ अमोनिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग पहुंचकर अपना जवाब दाखिल कर दिया है। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, और राज्यसभा सांसद संजय सिंह मौजूद थे। चुनाव आयोग में पहुंचने से पहले अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं दिल्ली के लोगों को बधाई देना चाहता हूं, आपकी सरकार का संघर्ष सफल हुआ और यह नतीजा आया। जहरीला पानी जो था, अब 2.1 अमोनिया पर आ गया है। हमारे संघर्ष की वजह से पानी का अमोनिया नीचे आया। उन्होंने कहा कि साजिश के तहत यह पानी भेजा गया था। नहीं तो बढ़ कैसे गया और अब कम कैसे हो गया। उन्होंने कहा कि नोटिस का जवाब देने के लिए हम चुनाव आयोग जा रहे हैं। मैं देश के लोगों को बताना चाहता हूं कि क्या मुद्दा है। दिसंबर से सीएम ने देखा कि अमोनिया बढ़ने लगा था। दिसंबर और जनवरी तक हमने कोशिश की कि बातचीत से समाधान निकले। हम उस पर राजनीति नहीं चाहते। सीएम आतिशी ने नायब सैनी से बात की तो उन्होंने कहा कि मैं करूंगा, लेकिन नहीं किया। सीएम आतिशी के फोन उठाने बंद कर दिए। भगवंत मान ने भी फोन किया था लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। अरविंद केजरीवाल ने कहा, "हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी ने कहा कि टॉप पॉलिटिकल की तरफ से निर्णय लिया जाएगा। सीएम दिल्ली, सीएम नायब सैनी से बात करे। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली में जहरीला पानी भेजकर आधी दिल्ली को प्यासा मारने की कोशिश की गई थी।

### प्रगति यात्रा पर निकले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचेंगे भागलपुर

**भागलपुर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को भागलपुर में होंगे। सीएम नीतीश कुमार की यात्रा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। इस दौरान वो जिले को बड़ी सौगात भी दे सकते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश के भागलपुर दौरे के कारण जिले को करोड़ों की कई सौगात मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी संभावित यात्रा शामिल है। जिसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

# बरेका ने बनाया कीर्तिमान, 124 इलेक्ट्रिक लोको बोगियों का किया निर्माण



**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) की ट्रक मशीन शॉप ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मशीन शॉप ने जनवरी 2025 में अब तक की सर्वाधिक 124 इलेक्ट्रिक लोको बोगियों का निर्माण किया है। इससे पूर्व, नवंबर 2022 में सर्वाधिक 104 लोको बोगियों का निर्माण कारखाना में हुआ था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने ट्रक मशीन शॉप पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और बोगियों को राष्ट्र सेवा में समर्पित किया। महाप्रबंधक ने इस शानदार उपलब्धि के लिए टीएमएस शॉप की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि "बरेका लोको उत्पादन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के आत्मनिर्भर भारत मिशन को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वर्ष 2022 में 104 लोको बोगियों का निर्माण हुआ था, जबकि जनवरी 2025 में 124 लोको बोगियों का निर्माण कर रिकॉर्ड स्थापित किया गया। यह नया कीर्तिमान बरेका के समर्पित अधिकारियों, कर्मचारियों की कड़ी मेहनत से संभव हुआ है। इस अवसर पर मुख्य विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी परिषद के सदस्य एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## तेजस्वी यादव के पास तथ्य और तर्क दोनों नहीं : विजय कुमार सिन्हा

**एजेंसी। पटना**



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को विपक्षी नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनके पास न तर्क है और न ही तथ्य है। उनकी सोच सामंती है। उन्होंने कहा कि यह संविधान 'गौरव वर्ष' मनाया जा रहा है और बाबा भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि अब रानी के पेट से राजा नहीं पैदा होंगे, बल्कि जनता के बीच से एक सेवक के रूप में वह व्यक्ति सामने आएगा जो लोकतंत्र में उच्च पद पर होगा। उन्होंने कहा, "तेजस्वी यादव ने हाल ही में छह हजार रुपये खाने के खर्च का मुद्दा उठाया था। लेकिन, उनके बयान में कोई सच्चाई नहीं है। मेरे पास इसका प्रमाण है, जो यह साबित करता है कि विधानसभा में छह सौ रुपये से भी कम में भोजन हुआ था। तेजस्वी यादव को इस पर माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि उनका आरोप गलत था। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा, पथ निर्माण विभाग में मेरे खिलाफ सोशल मीडिया पर अभियान चलाया गया था और जब इसकी जांच हुई, तो यह पाया गया कि तेजस्वी यादव के मंत्री रहते हुए कुछ अनियमितताएं हुई थीं। उनके गैरेज के भुगतान का मामला भी सामने आया था, और उनका यह सवाल उठाना कि क्या वह मंत्री थे, संदेहास्पद है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को अच्छे और ईमानदार नेतृत्व की आवश्यकता है, न कि भ्रष्टाचार और अपराध के माहौल में जीने वाले नेताओं की। उन्होंने कहा, "हमने भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त वातावरण बनाने का संकल्प लिया है और हमारा उद्देश्य हर मामले में पारदर्शिता रखना है। बिहार में नेताओं के गलत कार्यों की जांच होनी चाहिए और जिनके खिलाफ आरोप हैं, उन्हें जवाब देना होगा। हम यह चाहते हैं कि हर मुद्दे पर सही तथ्यों के साथ काम किया जाए, और किसी भी दोषी को बचाया न जाए। उन्होंने कहा कि जहां तक बालू, गिट्टी और पत्थर की चोरी का सवाल है, यह गलत है और इसके लिए जवाब देना पड़ेगा। जो लोग इसमें शामिल हैं, उन्हें न्यायालय में जवाब देना होगा।

# टीम इंडिया ने जीता टी20 सीरीज

## पुणे में भारत की जीत के साथ टूटा इंग्लैंड का सपना



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम एक बार फिर से भारत में टी20 सीरीज जीतने से चूक गई है। टीम इंडिया ने पुणे के मैदान पर खेला गया चौथा टी20 मुकाबला 15 रन से जीत लिया और टी20 सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। भारत ने इसी के साथ टी20 फार्मेट में अपना शानदार रिकॉर्ड जारी रखा। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन शिवम दुबे और हार्दिक पांड्या ने फिफ्टी लगाकर टीम इंडिया को 181 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत मिली। लेकिन भारतीय स्पिनरों ने दबदबा कायम करते हुए इंग्लैंड को 166 रन पर रोक लिया।

**भारत : 181-9 (20 ओवर)**

साकिब ने निकाले 3 विकेट : टीम इंडिया की ओर से ओपनिंग पर संजू सैमसन के साथ जायसवाल आए। जयसवाल ने पहले ही ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाया। लेकिन दूसरे ओवर की पहली दो गेंदों पर संजू सैमसन और तिलक वर्मा के विकेट गिर गए। इनकी विकेट साकिब महमूद को मिली जिन्हें विशेष तौर पर प्लेइंग 11 में लिया गया था। साकिब ने ओवर की आखिरी गेंद पर सूर्यकुमार की विकेट निकालकर टीम इंडिया का स्कोर 12 रन पर तीन विकेट कर दिया।

अभिषेक ने बनाए 29 रन : टीम इंडिया को यहां अभिषेक शर्मा और रिंकू सिंह ने सहारा दिया। दोनों ने कुछ अच्छे शॉट लगाए। लेकिन 8वें ओवर में आदिल राशिद ने एक खूबसूरत गेंद के साथ अभिषेक का विकेट निकाल लिया। अभिषेक ने 19 गेंदों पर 29 रन बनाए। इसके बाद रिंकू सिंह ने एक छोर संभाल लिया। रिंकू ने अच्छे शॉट लगाए और भारत को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाल दिया। रिंकू ने 26 गेंदों पर 4 चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाए। हार्दिक-शिवम की पार्टनरशिप : टीम इंडिया को असली सपोर्ट हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे ने दी। स्कोर जब 79 रन पर पांच विकेट था तो दोनों ने ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिए। इस बीच शिवम दुबे ने महज 27 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसकी मदद से टीम इंडिया 150 का स्कोर पार करने में सफल रही। शिवम दुबे ने 53 रन बनाए : इस दौरान हार्दिक पांड्या ने गेयर बदला और 30 गेंदों पर 4 चौके और 4 छक्कों की मदद से 53 रन बनाए। अक्षर पटेल 5 तो अर्शदीप सिंह 0 पर आऊट हुए तो शिवम दुबे ने दूसरे छोर से हिटिंग जारी रखी। दुबे ने 34 गेंदों पर 7 चौके और दो छक्कों की मदद से 53 रन बनाए और टीम स्कोर 181 तक पहुंचा दिया। वह आखिरी गेंद पर रन आऊट हुए।

**इंग्लैंड : 166-10 (19.4 ओवर)**

डकेट ने बनाए 39 रन : टीम इंडिया को शुरूआती विकेट चाहिए थे लेकिन इंग्लैंड के ओपनर बेन डकेट और फिल सॉल्ट ने भारतीय गेंदबाजों को जमकर धोया और छह ओवर में स्कोर 62 तक पहुंचा दिया। इस दौरान रवि बिश्नोई डकेट की विकेट निकालने में सफल रहे जिन्होंने 19 गेंदों पर 39 रन बनाए। डकेट का विकेट गिरते ही फिल सॉल्ट भी दबाव में आ गए। वह सातवें ओवर में अक्षर पटेल की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 21 गेंदों पर 23 रन बनाए।



# अंडर-19 विश्व कप

# इंग्लैंड को नौ विकेट से रौंदकर फाइनल में पहुंचा भारत

दक्षिण अफ्रीका से होगा अगला मुकबला

इंग्लैंड को 20 ओवर में 113/8 रन ही बना पाई।

**कुआलालंपुर (आईएएनएस)।** गत विजेता भारत ने शुक्रवार को ब्यूमास ओवल में आईसीसी महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 9 विकेट से रौंदकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद, डेविना पेरिन और कप्तान एबिगेल नॉरग्रोव की अगुआई में इंग्लैंड ने मजबूत शुरुआत की। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने दूसरे हाफ में खेल का रुख पलट दिया और इंग्लैंड को 20 ओवर में 113/8 पर रोक दिया। जवाब में, जी कामिलिनी की 56 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ने 15 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया और फाइनल में जगह बना ली, जो रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला जाएगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने सेमीफाइनल में शानदार शुरुआत की, डेविना पेरिन ने 40 गेंदों पर दो बड़े छक्कों और चार चौकों की मदद से 45 रन बनाए, और कप्तान अबी नॉरग्रोव ने 25 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड ने हाफवे पर 73-2 का स्कोर बनाया। हालांकि, दूसरे हाफ में भारत के गेंदबाजों ने खेल को पलट दिया, जिसमें परुनिका सिसोदिया (3-21) और आयुषी शुक्ला (2-21) ने वापसी की। आयुषी ने महत्वपूर्ण झटके दिए, पेरिन और नॉरग्रोव दोनों को आउट किया, जिससे इंग्लैंड की स्कोरिंग गति धीमी हो गई। वैष्णवी शर्मा (3-23) ने शानदार 16वें ओवर में तीन विकेट चटकाए, जिससे इंग्लैंड का स्कोर 92-8 हो गया। अमृता सुरेनकुमार के आखिरी ओवर में किए गए जोरदार प्रयास से इंग्लैंड 20 ओवर में 113 रन तक पहुंच पाया। भारत ने रन चेज की शानदार शुरुआत की और पावरप्ले में बिना कोई विकेट खोए 44 रन बनाए। त्रिशा गोंगडी ने 29 गेंदों में 35 रन बनाए, जिसके बाद फोबे ने महत्वपूर्ण विकेट लिया। कमलिनी जी और सनिल्का चाल्के ने 10वें ओवर में भारत को 70-1 के स्कोर पर पहुंचाया और फिर चार ओवर शेष रहते जीत दर्ज की। मैच के बाद भारत की कप्तान निकी प्रसाद ने कहा, "एक कप्तान के तौर पर, मुझे वाकई गर्व है। एक खिलाड़ी के तौर पर, मुझे वाकई खुशी है कि हम ट्रॉफी उठाने के एक कदम और करीब आ गए हैं। हम आज तक कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हम एक कदम और करीब आ गए हैं। सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले, हम जानते थे कि इंग्लैंड हमें कड़ी टक्कर देगा।



"मुझे लगता है कि हम सभी अपनी भूमिकाओं के बारे में स्पष्ट हैं। हर दिन कोई न कोई टीम की जिम्मेदारी लेता है। फाइनल के लिए पूरी तरह तैयार। कोई घबराहट नहीं। हम वाकई उत्साहित हैं और वहां जाकर हावी होना चाहते हैं।"

*कप्तान निकी प्रसाद*

## दिल्ली के प्रशंसकों की उम्मीदें टूटीं, कोहली छह रन पर बोल्ड



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** हॉलीवुड फिल्म द शॉशैंक रिडेम्पशन में रेड का किरदार निभा रहे मॉर्गन फ्रीमैन कहते हैं, "उम्मीद एक खतरनाक चीज है। उम्मीद किसी व्यक्ति को पागल कर सकती है।" जवाब में, टिम रॉबिंस द्वारा निभाए गए एंडी डुफ्रेसने ने कहा, "उम्मीद एक अच्छी चीज है, शायद सबसे अच्छी चीज, और कोई भी अच्छी चीज कभी नहीं मरती।"

यही थीम थी जिसने अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली और रेलवे के बीच रणजी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन के खेल में प्रशंसकों को आकर्षित किया। अपने गृहनगर के खिलाड़ी विराट कोहली की बड़ी पारी की उम्मीद में वे जल्दी ही अपनी सीटों पर बैठ गए। लेकिन यह आशाजनक उम्मीद हकीकत में तब्दील नहीं हुई क्योंकि कोहली का ऑफ-स्टंप रेलवे के तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने उड़ा दिया, जो पिछले घरेलू सीजन तक दिल्ली के सेट-अप में थे, जिससे उनका क्रीज पर 23 मिनट का समय खत्म हो गया।

जैसे ही बल्लेबाजी के दिग्गज ने 15 गेंदों पर छह रन बनाकर अपने नाम के अनुसार पवेलियन की ओर वापसी की, सुबह 6 बजे से ही मैदान के बाहर लाइन में खड़े दर्शक जल्दी से जल्दी स्टैंड छोड़कर जाने लगे, क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि कोहली की बल्ले से कुछ बड़ा निकलेगा और उन्हें वह नहीं मिला जो वे चाहते थे।

अगर पहले दिन का खेल कोहली की घर वापसी के लिए लोगों की भारी भीड़ के 'महल' बनाने के बारे में था, तो दूसरे दिन की सुबह दर्शकों की उम्मीद थी कि वह मैदान पर उतरेंगे और बड़ा स्कोर बनाएंगे।

## अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज शापूर जादरान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज शापूर जादरान ने 10 साल से अधिक समय तक चले अपने शानदार करियर के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। अफगानिस्तान क्रिकेट ने एक्स पर पोस्ट किया, "एसीबी ने अफगानिस्तान क्रिकेट के उत्थान में उनके योगदान के लिए शापूर जादरान को धन्यवाद दिया और भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।" जादरान ने 80 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व किया और उनके नाम पर इतने ही अंतरराष्ट्रीय विकेट, वनडे में 43 विकेट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 37 विकेट दर्ज हैं। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में लिखा, "आज वह दिन है जिसका मैं कभी सामना नहीं करना चाहता था।

## ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर बारिश का कहर

**गाले (श्रीलंका)(आईएएनएस)।** श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले ढाई दिन में दबदबा बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को एक अप्रत्याशित प्रतिद्वंद्वी से जूझना पड़ा - गाले का अप्रत्याशित उपोष्णकटिबंधीय मौसम। 518 रन की शानदार बढ़त हासिल करने के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया की जल्दी जीत की उम्मीदें धराशायी हो गईं, क्योंकि लगातार बारिश ने तीसरे दिन का अधिकांश समय धो दिया।

शुक्रवार को लंच से कुछ समय पहले भारी बारिश के कारण खेल रोक दिया गया, जिससे ऑस्ट्रेलिया के 654/6 (पारी घोषित) के जवाब में श्रीलंका का स्कोर 136/5 हो गया। मुकाबले की एकतरफा प्रकृति के बावजूद, लगातार बारिश ने मैच के नतीजे को संदेह में डाल दिया है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को 15 और विकेट चाहिए थे, लेकिन खेल का समय खत्म हो रहा था। शुक्रवार को केवल 27 ओवर का खेल संभव था, जिससे ऑस्ट्रेलिया को मैच के शेष भाग के लिए अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर





होना पड़ा। हालांकि, 6 फरवरी को दूसरे टेस्ट से पहले कम समय के लिए फॉलो-ऑन लागू करने का विचार शुरू में असंभव था - लेकिन अब यह एक यथार्थवादी विकल्प लगता है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया जो भी खेल बचा है उसका लाभ उठाना चाहता है। चौथे दिन और बारिश की उम्मीद के साथ, ऑस्ट्रेलिया को परिणाम के लिए जल्दी से कार्य करना होगा, हालांकि पांचवें दिन का पूर्वानुमान अधिक अनुकूल प्रतीत होता है। मेहमान टीम ने गेंद के साथ अथक प्रदर्शन किया, जो श्रीलंका के गेंदबाजी आक्रमण के बिल्कुल विपरीत था, जिसने पहले दो दिनों में 153 ओवर में छह विकेट खो दिए थे। मिशेल स्टार्क ने सुबह के लिए एक मेडन ओवर के साथ टोन सेट किया, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण ने श्रीलंका की स्कोरिंग दर को रोक दिया। लेकिन जल्द ही किस्मत ने साथ नहीं दिया, क्योंकि स्टार्क ने कामिंडू मेंडिस को अच्छी तरह से छुपाकर रखी गई डाउन-द-लेग डिलीवरी से आउट कर दिया, जिसे उन्होंने स्टंप के पीछे कैरी के हाथों में थमा दिया। चांडीमल ने आक्रामक जवाबी हमले के साथ जवाब दिया, लियोन को लगातार चौके लगाए, जबकि श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डी सिल्वा ने टॉड मर्फी की गेंद पर लगातार दो चौके लगाए। हालांकि, उनके आक्रामक इरादे ने उन्हें बर्बाद कर दिया।

## चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कप्तानों का फोटोशूट आयोजित नहीं किया जाएगा

**दुबई(आईएएनएस)।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफ़ी से पहले कप्तानों का कोई आधिकारिक आईसीसी फोटोशूट आयोजित नहीं किया जाएगा। यह कार्यक्रम परंपरागत रूप से आईसीसी टूर्नामेंट के मेज़बान देश में होता था। लेकिन यह पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफ़ी के पहले आयोजित नहीं किया जाएगा। 1996 के बाद से पहली बार पाकिस्तान में किसी आईसीसी टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। 2017 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफ़ी यूनाइटेड किंगडम में आयोजित की गयी थी। उस दौरान कोई उद्घाटन समारोह आयोजित नहीं किया गया था। हालांकि उस वक़्त कप्तानों का एक कार्यक्रम और आधिकारिक फोटोशूट हुआ था।

## दूसरे दिन के खेल के लिए अरुण जेटली स्टेडियम में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी लगाए गए

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** दिल्ली और रेलवे के बीच रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन अरुण जेटली स्टेडियम में 15,000 से अधिक लोगों की भीड़ उमड़ी। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने न्यूज एजेंसी आईएएनएस को बताया कि शुक्रवार को दूसरे दिन के खेल के लिए अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की बल्लेबाजी को देखने के लिए प्रशंसक सुबह 6 बजे से स्टेडियम के बाहर लाइन में खड़े थे। सुरक्षा कर्मियों ने आईएएनएस को बताया कि सुबह 8 बजे से सभी गेट खोल दिए गए थे। दिल्ली पुलिस ने स्टेडियम के आसपास सुरक्षा उपायों पर कल शाम डीडीसीए के लोगों के साथ एक बैठक की और दूसरे दिन के खेल के लिए और अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात करने का फैसला किया। डीडीसीए के वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को बताया, "यह सुनिश्चित करने के लिए कि खेल के दौरान कोई क्रिकेट फैंस मैदान पर न भागे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### एनएचएआई के एक हितधारक परामर्श कार्यशाला को केंद्रीय मंत्री ने किया संबोधित

## राष्ट्रीय राजमार्गों की निर्माण गुणवत्ता बढ़ाने व ठेकेदारों की जिम्मेदारी तय करने का काम किया : गडकरी

● "प्रौद्योगिकी एक महान सक्षमकर्ता है और स्वचालित और बुद्धिमान मशीन-सहायता प्राप्त निर्माण को अपनाना सही दिशा में एक कदम है।"



**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग हमारी राष्ट्रीय संपत्ति हैं। हमने उनकी गुणवत्ता और सुरक्षा बढ़ाने पर बहुत जोर दिया है। हमने निर्माण की गुणवत्ता बढ़ाने और कार्य प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए ठेकेदारों की ज़िम्मेदारी तय करने के उपाय किए हैं।

यह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के नई दिल्ली में आयोजित एक हितधारक परामर्श कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यशाला गुरुवार को हुई थी।

केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा, "प्रौद्योगिकी एक महान सक्षमकर्ता है और स्वचालित और बुद्धिमान मशीन-सहायता प्राप्त निर्माण को अपनाना सही दिशा में एक कदम है।" उन्होंने कहा कि हमने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पायलट परियोजना में सफलता हासिल की है और जल्द ही हम इस तकनीक को अन्य परियोजनाओं में भी लागू करेंगे।

इस अवसर पर सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने कहा कि भारत ने विश्व स्तरीय सड़कों और राजमार्गों के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे हमारे बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस परिवर्तन में प्रत्येक हितधारक की अहम भूमिका है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, सेंसर, उपग्रह और वास्तविक समय की निगरानी जैसी उन्नत तकनीक का लाभ उठाना प्रगति को गति देने के लिए महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि निरंतर तकनीकी प्रगति के साथ हम भारत के सड़क बुनियादी ढांचे को विजन 2047 के साथ संरेखित करने और हमारे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को विश्व स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### एचएम एलेक्ट्रो मेक की फीकी लिस्टिंग से निवेशक निराश

**नई दिल्ली(हि.स.)।** इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में काम करने वाली कंपनी एचएम इलेक्ट्रो मेक ने आज घरेलू शेयर बाजार में मामूली बढ़त के साथ एंट्री की। कंपनी के शेयर आज 8 प्रतिशत प्रीमियम के साथ बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण ये शेयर लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। आईपीओ के तहत कंपनी ने 75 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे। आज इसकी लिस्टिंग 81 रुपये के स्तर पर हुई, लेकिन थोड़ी देर बाद ही ये शेयर टूट कर 76.95 के लोअर सर्किट लेवल पर आ गया।

### भारत की जीडीपी 6.3 से बढ़कर 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान : अश्विनी कुमार

**लखनऊ(हि.स.)।** फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 स्वागत योग्य है, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत के बाह्य क्षेत्र के लचीलेपन को रेखांकित करता है। वित्तीय वर्ष 2026 में भारत की जीडीपी 6.3 प्रतिशत से बढ़कर 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। वैश्विक प्रतिकूलताओं और बढ़ते संरक्षणवाद पर काबू पाने के लिए निर्यात में छह प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। फियो अध्यक्ष ने चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिदृश्य से निपटने में सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता तथा सतत विकास पर निरंतर नीतिगत फोकस की आवश्यकता पर बल दिया है जो निर्यात क्षेत्र के लिए एक उत्साहजनक संकेत है। उन्होंने आगे कहा कि एक स्थिर और बढ़ती अर्थव्यवस्था निर्यात-उन्मुख उद्योगों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करती है। भू-राजनीतिक तनाव, मुद्रा स्फीति और वैश्विक मंदी जैसी चुनौतियों पर सर्वेक्षण की अंतर्दृष्टि को स्वीकार करती है।

## बजट से पहले हरे निशान में बंद हुआ शेयर बाजार

सेंसेक्स 740 अंक बढ़ा

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** बजट से पहले भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 740.76 अंक या 0.97 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,500.57 और निफ्टी 258.90 अंक या 1.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,508.40 पर था।

आम बजट 2025-26 वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शनिवार को 11 बजे पेश किया जाएगा। आज वित्त मंत्री द्वारा संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया गया, जिसमें अनुमान जताया गया कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था 6.3 से लेकर 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 997.95 अंक या 1.89 प्रतिशत की तेजी के साथ 53,172 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 350 अंक या 2.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,910.50 पर था।

ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया और एनर्जी समेत सभी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए।

सेंसेक्स पैक में एलएंडटी, नेस्ले इंडिया, इंडसइंड बैंक, टाइटन, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, अदाणी पोर्ट्स, एसबीआई, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स थे। सनफार्मा, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और आईटीसी होटल्स टॉप लूजर्स थे।

कैपिटलमाइंड रिसर्च में सीनियर रिसर्च एनालिस्ट, कृष्णा अप्पला ने कहा, "इस कारोबारी हफ्ते की समाप्ति मिलीजुली हुई है।

## घट गई नौकरीपेशा और खुद का बिजनेस करने वालों की कमाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद में पेश हुए आर्थिक सर्वे 2024-25 ने एक बड़ी सच्चाई सामने रखी है। बीते कुछ सालों में जहां महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी, वहीं आम लोगों की वास्तविक मासिक कमाई में कमी दर्ज की गई है। खासतौर पर स्व-रोजगार करने वालों और वेतनभोगी कर्मचारियों की आय पर इसका गहरा असर पड़ा है।

**स्व-रोजगार में बड़ा झटका**

अगर आप खुद का काम कर रहे हैं, तो यह खबर आपको चौंका सकती है। पुरुषों की औसत मासिक कमाई 2017-18 में 9,454 थी, लेकिन अब 2023-24 में यह 9% गिरकर 8,591 पर आ गई है। महिलाओं की हालत और भी खराब रही। उनकी मासिक कमाई में 32% की गिरावट आई और यह 4,338 से घटकर 2,950 रह गई।

जो लोग कंपनियों में नौकरी करते हैं, उनके लिए भी स्थिति कुछ बेहतर नहीं रही। पुरुष सैलरीड की मासिक आय 12,665 से घटकर 11,858 रह गई है। वहीं, महिला सैलरीड को सबसे ज्यादा झटका लगा है, जिनकी आय 10,116 से घटकर 8,855 हो गई। हालांकि, महिला श्रम बल भागीदारी दर में बड़ी छलांग देखी गई है। 2017-18 में यह जहां 23.3% थी, वहीं अब यह 2023-24 में 41.7% हो गई।

## बजट और निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस कल करेगी परिचर्चा

**रांची।** झारखंड कांग्रेस की ओर से दो फरवरी को वार्षिक बजट पूर्व और आगामी निकाय चुनाव पर परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भाग लेने के लिए प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सह प्रभारी डॉ सिरीबेला प्रसाद एक फरवरी की शाम रांची आएंगे। दो फरवरी को केंद्रीय बागवानी सभागार पलांडू रामपुर में और चाय बागान गेस्ट हाउस रामपुर में परिचर्चा में भाग लेंगे। वहीं, तीन फरवरी को भूसूर ओरमांझी में पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक होगी। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि दो फरवरी की बैठक राज्य के अहम मुद्दों को सामने रखकर बुलाई गई है। विधानसभा चुनाव के पूर्व सरकार के स्तर पर कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई थीं। कांग्रेस और महागठबंधन द्वारा जन कल्याण की कई योजनाओं को लागू करने का वादा जनता से किया गया है। वर्तमान में सरकार द्वारा जनता के हित के लिए एक समावेशी बजट बनाने का लक्ष्य रखा गया है। आगामी बजट में आम लोगों के हितों की झलक मिले, इसे लेकर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा लगातार लोगों से सुझाव आमंत्रित किया जा रहा है। इस कड़ी में कांग्रेस नेता और कार्यकताओं के सुझावों से रूबरू होने और राज्य के विकास में आगामी बजट के स्वरूप पर मंथन करने के लिए कार्यकताओं- नेताओं के साथ बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में आगामी महीनो में निकाय चुनाव संभावित है। लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहली सीढ़ी ही स्थानीय निकाय चुनाव है और इस चुनाव को कांग्रेस पूरी संजीदगी से ले रही है। बैठक में निकाय चुनाव पर भी चर्चा होगी। निकाय चुनाव में संगठन के समर्थन से सर्वमान्य सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा। दलगत आधार पर चुनाव नहीं होने के बावजूद संगठन चाहता है।

# सड़क सुरक्षा और ड्राइविंग की जानकारियां स्कूली पाठ्यक्रम में होंगी शामिल : दीपक बिरुआ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय सेमिनार सड़क सुरक्षा 2025 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि एमवीआई फिटनेस देने में सावधानी बरतें। साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस देने की सभी प्रक्रियाओं को भी सही तरीके से फॉलो किया जाए। जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए।

मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस देने की प्रक्रिया को सही तरीके से फॉलो नहीं करने से बहुत सारे लोग ड्राइविंग सीट पर तो बैठ जाते हैं लेकिन वाहन चलाने की तकनीकी चीजों को नहीं जानने और समझते, जिससे सड़क दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। इसलिए सड़क दुर्घटना और ड्राइविंग संबंधित बातों को अब छात्रों के सिलेबस में शामिल किया जाएगा। ताकि भविष्य में हमारे बच्चें ड्राइविंग संबंधित महत्वपूर्ण बातों को आत्मसात कर आनेवाले समय में सुरक्षित और बेहतर तरीके से वाहन चला सकेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से बात करेंगे। लोग सड़क सुरक्षा की बातों को अपनी आदत में डालेंगे तो दुर्घटनाओं में कमी आएगी। मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि एमवीआई जिस तरह बिना सोचे समझे

**एमवीआई बिना जांच किए नहीं दें फिटनेसं**



या बिना जाँच किए या फिर अन्य कारणों से फिटनेस दे देते हैं वह नहीं होना चाहिए। यह दुर्घटनाओं को आमंत्रित करता है। और सड़क दुर्घटना होने का बहुत बड़ा कारण है। मंत्री ने कहा कि बहुत सारी खामियां है, जिसपर विभाग ध्यान दें। ताकि झारखण्ड में होनेवाले सड़क दुर्घटना में कमी लाई जा सके।

**सड़क सुरक्षा पर विभाग करें व्यापक प्रचार प्रसार**

मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है। सामूहिक जिम्मेवारी के तहत इसपर काम किया जाए।

**● सड़क दुर्घटना पर आए मन्तव्यों को करेंगे आत्मसात**

मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में होने वाले प्रयासों को देखा जाए तो आंकड़ों के हिसाब से सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संख्या अधिक है और घायलों की संख्या कम है। तो इसपर निश्चित तौर पर स्वास्थ्य विभाग, इंजीनियरिंग सेल समेत अन्य सेक्टर को बहुत ध्यान देने की आवश्यकता है। हम प्रयास करेंगे सड़क सुरक्षा संबंधित चीजों को लेकर आज जिस तरह से चर्चा होगी। एक्सपर्ट के तमाम राय आदि महत्वपूर्ण सुझावों व मंतव्य पर विभाग इसमें नए तरीके अपनाते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों को सार्थक बनाएं। आप सबों के सुझाव को सरकार आत्मसात कर बेहतर काम करेगी। ताकि सड़क सुरक्षा पर व्यापक काम किया जा सके।

**●रेस्क्यू पार्ट को न करें नजर अंदाज : सचिव**

मौके पर विभागीय सचिव कृष्णानंद झा ने कहा कि सड़क दुर्घटना में रेस्क्यू पार्ट को कभी भी नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिए। सड़क हादसे के साथ ही एंबुलेंस, ट्रॉमा सेंटर तैयार है या नहीं ध्यान दें। पलटी हुई वाहन को यदि गैस कटर आदि से काटने की नौबत आए तो तत्काल संबंधित सामग्री कैसे मिले। ताकि लोगों की जानें बचाई जा सके। इनपर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इंश्योरेंस क्लेम करने में वकीलों की अधिक चार्ज होने के कारण लोगों को परेशानी होती है।

# राष्ट्रपति को अपमानित करने वाली कांग्रेस जनता से माफी मांगे : संजय सेठ

## विकसित भारत की मजबूत नींव है राष्ट्रपति का अभिभाषण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पुअर लेडी कहने पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे संविधान विरोधी, राष्ट्र विरोधी, महिला विरोधी और आदिवासी विरोधी करार दिया है। रक्षा राज्य मंत्री ने एक बयान में कहा कि बजट से पूर्व राष्ट्रपति का अभिभाषण हमारे भविष्य के सपनों की नींव होता है।

आज भी अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति ने विकसित भारत की मजबूत नींव रखने का कार्य किया है परंतु संसद को मनोरंजन स्थल समझने वाले कांग्रेसी नेताओं ने इनका उपहास उड़ाया। राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को बोरिंग बताया। सोनिया गांधी ने पुअर महिला और बेचारी महिला कहकर उन्हें अपमानित किया। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि संवैधानिक तरीके से चुनी गई राष्ट्रपति का अपमान नकली गांधी परिवार के लोग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के लक्ष्य के साथ सभी देशवासियों को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इस कड़ी में भाजपा ने ही एक आदिवासी महिला को देश के सर्वोच्च पद पर आसीन कर देश का गौरव बढ़ाया। आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाया। सोनिया गांधी का यह बयान आदिवासियों का भी अपमान करने वाला है और देश की सशक्त नारी शक्ति का अपमान है। श्री सेठ ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि एक महिला एक महिला के बारे में ऐसा कैसे सोच सकती है। परंतु जिन्हें तानाशाही करने की आदत लग गई हो, वह किसी को भी बर्दाश्त नहीं कर सकते। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में लोकतंत्र और संसद को सिर्फ मनोरंजन स्थल बनाकर रखा था। आज भी वह ऐसा ही करना चाहते हैं। परंतु देश की जनता मोदी जी के नेतृत्व में मजबूती से इनका प्रतिवाद करने को खड़ी है। श्री संजय सिंह ने सोनिया गांधी और पूरे कांग्रेस परिवार को देश से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की है।

# झारखंड अब भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बन चुका है : भाजपा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा है कि झारखंड अब भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बन चुका है। यह एक ऐसा राज्य बन गया है, जहां हर दिन नए-नए घोटालों के इनोवेटिव तरीके अपनाए जा रहे हैं। भाजपा नेता ने शुक्रवार को एक प्रेस बयान जारी कर इस घोटाले के लिए स्वास्थ्य विभाग की ऑडिट रिपोर्ट का हवाला दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जननी सुरक्षा योजना और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसी योजनाओं के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति लाने का प्रयास कर रही है। लेकिन झारखंड की भ्रष्ट व्यवस्था इन योजनाओं की राशि का दुरुपयोग कर रही है, जिससे आम जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य विभाग में हुए घोटालों में योजनाओं के नाम पर भ्रष्टाचार के अनोखे तरीके अपनाए जा रहे हैं। मोतियाबिंद के नाम पर फर्जी कैंप लगाकर करोड़ों रुपये का गबन किया गया। एक ऐसी कंपनी को जीएसटी का भुगतान किया गया, जिसका रजिस्ट्रेशन पहले ही रद्द हो चुका था। फिर भी उसे देवघर में लाखों रुपये का भुगतान किया गया। यह एक बड़ा वित्तीय घोटाला है, जो सरकारी तंत्र में गहरी अनियमितताओं को दशार्ता है। ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, 50 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का कोई हिसाब नहीं मिल रहा है।

## मंईयां सम्मान योजना का बंगाल कनेक्शन क्या है : बिजय चौरसिया

**रांची।** मंईयां सम्मान योजना को लेकर प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बिजय चौरसिया ने कहा है कि राज्य सरकार बताए कि उक्त योजना में बंगाल कनेक्शन क्या है। उन्होंने कहा है कि पश्चिम बंगाल के यूसुफ खान और सूफनी खातून के द्वारा फजीर्वाड़ा करने की बात सामने आई है। उन्होंने आशंका जताई है कि जांच होने पर यह पता भी फर्जी ही निकल सकता है। उन्होंने घोटाले और फर्जीवाड़े का तार देश के बाहर से भी जुड़ने की आशंका जताई है।

## डॉ इरफान अंसारी ने केसी बेनुगोपाल को सौंपी विभागों की रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात कर अपने स्वास्थ्य विभाग, खाद्य सार्वजनिक वितरण विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। उन्होंने विभागीय कार्यों, प्रगति और चुनौतियों की जानकारी साझा की। मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को अत्याधुनिक, सुचारू और प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में विभाग में व्यापक सुधार देखने को मिल रहा है। इससे झारखंड की जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। राज्य के हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इसके लिए वे दिन-रात कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंत्री डॉ. अंसारी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि उन्हें पार्टी की ओर से एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। इसे बेहतरीन प्रदर्शन के साथ निभाना होगा।

### समीक्षा प्लेटफॉर्म की 24वीं बैठक संपन्न

# ऊर्जा दक्षता में सुधार करना अत्यंत आवश्यक : टेरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में समीक्षा प्लेटफॉर्म की 24वीं बैठक की मेजबानी की गई, जिसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के कई प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में भारत सरकार और झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें झारखंड अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी, एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची, जिला उद्योग केंद्र, रांची और अन्य एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। जरेडा के निदेशक केके वर्मा ने झारखंड में ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। बीईई के निदेशक श्याम सुंदर ने भारत में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने की योजनाओं का विस्तृत विवरण दिया, जिसमें एमएसएमई को स्वच्छ तकनीकों को अपनाने के लिए ब्याज अनुदान प्रदान करने की नई योजना भी शामिल है।

एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची के संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख इंद्रजीत यादव ने इस क्षेत्र के समग्र प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए उनके विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्व बैंक समर्थित रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के बारे में बताया, जो 2022 में शुरू की गई थी और 2026 तक संचालित रहेगी।

# ग्रामीण विकास विभाग ने बेनेफिशियरी लेवल जीयो टैग एप किया तैयार

- ग्रामीण विकास विभाग का एक अनूठा प्रयास जिससे भ्रष्टाचार पर लगेगी रोक
- सुपात्र लाभुक ही होंगे अबुआ आवास योजना की लाभ से आच्छादित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के निर्देश पर विभाग ने अबुआ आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्य में लाभुकों को ससमय किस्त की राशि देने की अनूठी पहल के तहत बेनेफिशियरी लेवल जीयो टैग एप तैयार किया है। इस ऐप के माध्यम से आवास निर्माण प्रगति के अनुसार लाभुक खुद अपने निर्माणाधीन आवास का जीयो टैग कर सकेंगे। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बताया कि लाभुकों को आवास देने संबंधित कार्य के दौरान कई तरह की बातें सामने आती है। इसलिए लाभुकों को ससमय किस्त राशि भुगतान करने संबंधित प्रक्रियाओं को पारदर्शिता बनाने के उद्देश्य से एप को तैयार किया गया है। जिसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। इससे लाभुकों को किस्तों के बंटवारे में होनेवाली गड़बड़ियों पर भी रोक लगेगी। हर हाल में लाभुकों को दिए जाने वाले सहयोग राशि की किस्तों की भुगतान में लाई जाए पारदर्शिता

विभाग के अनुसार अबुआ आवास योजना के तहत आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध स्वीकृत लाभुकों को 2 लाख रुपये की सहयोग राशि चार किस्तों में विमुक्त करने का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण विकास सचिव श्री के श्रीनिवासन ने सभी उपायुक्त और उप विकास आयुक्त को पत्र लिखकर योजना के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर अबुआ आवास योजना के लाभुकों को आवास निर्माण में सहायता प्रदान करने के लिए जेएसएलपीएस द्वारा गठित एवं संचालित ग्राम संगठन (वीओ) की सहायता लेने का निर्देश दिया है। सचिव ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हर हाल में लाभुकों को दिए जाने वाले सहयोग राशि की किस्तों की भुगतान में पारदर्शी लाई जाए। इसके लिए प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में लाभुकों को चार-चार के समूह में विभाजित किया जाए साथ ही लाभुकों को लंबित किस्तों का भुगतान माह के किसी एक सप्ताह निर्धारित के बुधवार के दिन ही भुगतान किए जाने समेत अन्य महत्वपूर्ण निर्देश शामिल है।

## पृष्ठ एक के शेष

**जीबीएस के मरीजों के इलाज...**

गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से बचाव के लिए आम जनमानस को जागरूक करने की आवश्यकता है। यह बीमारी दूषित जल और कच्चा भोजन सेवन करने से फैलता है। लोगों में इस बीमारी को लेकर कोई भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो, यह सुनिश्चित किए जाएं। यह बीमारी कोरोना संक्रमण की तरह एक-दूसरे से नहीं फैलता है, इस बीमारी को लेकर बहुत घबराने की जरूरत नहीं है, लोगों के बीच यह संदेश पहुंचाएं। जागरूकता ही इस बीमारी से बचने का सबसे बेहतर माध्यम है। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिस राज्य, शहर या जगहों पर गुइलेन-बैरे सिंड्रोम बीमारी के मरीज ज्यादा पाए गए हैं, उन क्षेत्रों से झारखंड पहुंचने वाले व्यक्तियों की जांच की व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर के किसी स्थान पर गुइलेन-बैरे सिंड्रोम जांच की एक निःशुल्क सेंटर स्थापित करें। समीक्षा के क्रम में रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने सभी जिलों के सिविल सर्जनों को वर्चुअल माध्यम से गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी के मरीज की पहचान तथा उनके समुचित इलाज किस प्रकार की जाए, इसकी विस्तृत जानकारी साझा की। साथ ही, इस बीमारी से बचाव की गाइडलाइन शीघ्र सभी सिविल सर्जन सहित संबंधित तक उपलब्ध कराए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए रिम्स पूरी तरह तैयार है। कोई भी संदिग्ध केस मिलने पर मरीज तुरंत रिम्स रेफर किए जाएं। रिम्स जेबीएस को लेकर हाई अलर्ट मोड में है। रिम्स निदेशक ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में सभी लोग इस बीमारी से बचाव के लिए आमजनों को अधिक से अधिक जागरूक करें।

**आर्थिक वृद्धि दर...**

क्षमता 7.2 प्रतिशत (वर्ष दर वर्ष) बढ़कर 456.7 गीगावाट हो गई। कुल नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में 15.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में बताया है कि मार्च 2024 तक देश में 7.75 करोड़ चालू किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) खाते थे, जिन पर 9.81 लाख करोड़ रुपये का ऋण बकाया है। 31 मार्च 2024 तक मत्स्य पालन और पशुपालन गतिविधियों के लिए क्रमशः 1.24 लाख केसीसी और 44.40 लाख केसीसी जारी किए गए। आर्थिक सर्वे के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में सब्जियों की कीमतों और खरीफ फसल के आवक से खाद्य महंगाई में कमी आने की उम्मीद है। बेहतर रबी फसल के चलते वित्त वर्ष 2025-26 में खाद्य वस्तुओं की महंगाई पर लगाम लग सकती है।

**क्या है आर्थिक सर्वेक्षण :** आर्थिक सर्वेक्षण चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन के आकलन के साथ देश के समक्ष चुनौतियों को बयां करती है। आर्थिक समीक्षा एक वार्षिक दस्तावेज है, जिसे सरकार केंद्रीय बजट से पहले अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए पेश करती है। यह सुधारों और विकास का खाका भी प्रदान करती है। यह सर्वेक्षण मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंथा नागेश्वरन के नेतृत्व में आर्थिक मामलों के विभाग के आर्थिक प्रभाग ने तैयार किया है। पहला आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 1950-51 में पेश किया गया था। उस समय यह बजट दस्तावेज का हिस्सा होता था, जिसे वर्ष 1960 के दशक में केंद्रीय बजट से अलग करके बजट से एक दिन पहले पेश किया जाने लगा।

**आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के मुख्य बिंदु :**

1. विकसित भारत के लक्ष्य के लिए दो दशक तक आठ फीसदी की वृद्धि दर की जरूरत।
2. विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए निजी निवेश बढ़ाने की जरूरत।
3. नए हवाई अड्डों, उड़ान योजना से हवाई संपर्क में काफी हुआ सुधार।
4. जीडीपी में विदेशी कर्ज का अनुपात सितंबर, 2024 में मामूली बढ़कर 19.4 फीसदी।
5. एमएसएमई क्षेत्र के लिए नियमनों को कम करने की जरूरत।
6. अमेरिकी बाजार में 'महत्वपूर्ण' गिरावट आने का भारत पर व्यापक प्रभाव संभव।
7. इलेक्ट्रिक वाहन पर कर छूट, नवीकरणीय ऊर्जा पर सब्सिडी देने का सुझाव।
8. भारत को अगले दो दशक में बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की जरूरत।
9. अनाज उत्पादन घटाने तथा दलहन, खाद्य तेल उत्पादन बढ़ाने का सुझाव।
10. भारतीय डेटा सेंटर बाजार 2032 तक 11.6 अरब यूएस डॉलर तक पहुंचने का अनुमान :-
11. भारत को विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सभी के समन्वित प्रयासों की जरूरत।
12. आर्थिक मोर्चे पर अनुकूल स्थिति, बुनियादी ढांचा विकास से देश में मकानों की मांग बढ़ी।
13. भारत का फार्मा क्षेत्र शोध एवं विकास के मामले में अन्य अग्रणी देशों से पीछे।
14. नवीकरणीय ऊर्जा के लिए ग्रिड अवसंरचना, महत्वपूर्ण खनिजों में निवेश जरूरी।
15. अधिसंख्य जिलों में 5जी की शुरूआत से डिजिटल संपर्क को बढ़ावा।
16. पीएमएवाई-शहरी के तहत 1.18 करोड़ घरों को मंजूरी।
17. वर्ष 2025 में सोने की कीमतें नीचे आएंगी, चांदी होगी मजबूत।

## न्यूज | बॉक्स



### मुख्यमंत्री से मिले आरके मल्लिक

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आईपीएस अधिकारी आरके मल्लिक ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आरके मल्लिक को उनके उज्जवल भविष्य एवं मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं दी। मालूम हो कि भापुसे के अधिकारी आरके मल्लिक सेवानिवृत हो रहे है।



### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले एमएस भाटिया

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आईपीएस अधिकारी एमएस भाटिया ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### सुदेश से मिला आजसू छात्र संघ



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के विशाल महतो ने आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो से मिले। श्री महतो ने उन्हें संगठन एवं छात्र हित में कार्य करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव रामचंद्र सहीस, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, छात्र संघ प्रभारी हरीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### अलग भोजपुरी राज्य के गठन की मांग

**रांची।** राष्ट्रीय जयहिन्द पाटी के केंद्रीय अध्यक्ष बबन चौबे ने राष्ट्रपति के नाम पत्र प्रेषित किया है। पत्र में अलग भोजपुरी राज्य के गठन की मांग की है। वहीं कहा है कि भारत में भोजपुरी भाषा बोलने वाले 11 करोड़ लोग रहते हैं। बिहार के भोजपुर, रोहतास, छपरा, आरा, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, बेतिया, कैमूर, सीवान, गोपालगंज, बक्सर, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, देवरिया, वाराणासी, बुन्देलखण्ड, बस्ती, आजमगढ़, बलिया और झारखण्ड के गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा, लातेहार जिलों में भोजपुरी भाषायी रहते हैं। ऐसे में भोजपुरी राज्य का गठन औचित्यपूर्ण है।

### विधानसभा के तीन कर्मी सेवानिवृत, दी गई विदाई



**रांची।** झारखंड विधानसभा सचिवालय में सभा सचिवालय के तीन कर्मियों के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा सचिवालय के तीन कर्मियों विक्रम कुमार पासवान वाहन पर्यवेक्षक, मणिराम मांझी वाहन पर्यवेक्षक एवं शिवशम्भु राम अवधायक को विदाई दी गई। विदाई समारोह के अवसर पर अधिकारियों/सहकर्मियों ने उनके सम्मान में अपने उद्गार व्यक्त किए। झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव मणिक लाल हेमब्रम ने अपने संबोधन में कहा कि आज सेवानिवृत्त होने वाले तीनों विधानसभा सचिवालय के कर्मचारी अपने कार्यक्षमता,सौहार्दपूर्ण व्यवहार के लिए हमेशा जाने गए। वे सम्पूर्ण सेवाकाल में अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण रूप से किए हैं। हम सभी उनके सेवानिवृत्ति के उपरांत अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

### सिरासीता मेला को सफल बनाने की दिशा में ठोस पहल की जाए : विजय नायक



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री, मुख्यसचिव व पुलिस महानिदेशक को ईमेल भेजा है। वहीं मांग किया है कि सिरासीता मेला को सफल बनाने की दिशा में ठोस पहल की जाए। श्रद्धालुओं के लिए सुगम आवागमन, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सेवाएं, यातायात भीड़ प्रबंधन और विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा मे ठोस कदम सरकार उठाए। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं को मेला में आते हैं। उन्हें कोई असुविधा ना हो। श्री नायक ने भेजे ईमेल में कहा है कि गुमला जिले के डुमरी प्रखंड स्थित सिरसी गांव में तीन फरवरी को आदिवासी समाज के सुविख्यात एतिहासिक पवित्र सिरासीता मेला लग रहा है। इस मेले में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सेवाएं, यातायात एवं भीड़ प्रबंधन, विश्राम गृह और विधि-व्यवस्था तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं और आधारभूत संरचना जिससे कि देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं को मेला में कोई असुविधा ना हो।

### पुलिस प्रशासन के हाथों में हेमंत सरकार ने डाला हथकड़ी : अमित मंडल

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रांची के ग्रामीण एसपी ने विभिन्न कांडों का निष्पादन करने में लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। रांची के ग्रामीण इलाकों के थानों में पदस्थापित 72 अनुसंधान पदाधिकारियों (आईओ) को चिन्हित किया गया है, जिन्होंने पांच महीने से कांडों का निष्पादन करने में लापरवाही बरती है। कहा कि मामला पुलिस प्रशासन पर राजनीतिक दवाब का प्रतीत होता है जिसमे पुलिस पर हेमंत सरकार के मंत्री विधायक हावी दिखाई दे रहे है। कहा कि मामले को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के बयान से जोड़ कर देखने पर साफ हो जाता है - जिनमें उन्होंने थानेदार बनने के लिए जुगाड़ तकनीक का इस्तेमाल करने वाले इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर 24 घंटे के अंदर सस्पेंड करने की बात कही थी, की पुलिस प्रशासन पर राज्य सरकार ट्रांसफर पोस्टिंग को ले कर दवाब बना रही है।

# अमेरिका ने सीरिया में आतंकी कमांडर अल-जबीर को मारा

**टाम्पा (फ्लोरिडा)/ दमिश्क (सीरिया) (हि.स.)।** अमेरिका ने गुरुवार को उत्तर-पश्चिमी सीरिया के इदलिब गवर्नरेट में एक ड्रोन हवाई हमले में अलकायदा से संबद्ध आतंकी समूह के कमांडर मोहम्मद सलाह अल-जबीर को मार गिराया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) और अरबी न्यूज बेवसाइट '+963' ने इसकी पुष्टि की। '+963' ने स्थानीय सूत्र के हवाले से कहा कि हमले में मारा गया मोहम्मद सलाह अल-जबीर हयात तहरीर अल-शाम का पूर्व नेता है। वह एक जीप में अपने एक विदेशी साथी के साथ था। ड्रोन ने इस जीप को निशाना बनाया। हमले में दोनों की मौत हो गई।

# संभल हिंसा मामले में एक युवक गिरफ्तार

**संभल (आईएएनएस)।** उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा भड़काने के उद्देश्य से पाकिस्तानी मौलाना से बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। इसी महीने उसका वीडियो वायरल हुआ था।
संभल के एएसपी श्रीशचंद्र ने बताया कि 24 नवंबर को थाना कोतवाली संभल में जामा मस्जिद के पास हुई हिंसा की घटना के सिलसिले में एक युवक द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पाकिस्तानी मौलवी से की गई बातचीत का एक झूठा वीडियो वायरल किया गया था। जांच में पाया गया कि युवक ने पाकिस्तान के मौलवी इंजीनियर मोहम्मद अली मिर्जा से की गई बातचीत में संभल हिंसा में मरने वाले लोगों को शहीद का दर्जा देने की बात कही थी। एएसपी ने कहा कि इससे आम लोगों की भावनाएं आहत हुईं। आरोपी अकील, पुत्र आलम, निवासी ग्राम मिजार्पुर को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। उसके मोबाइल से महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई है।

# नेपाल चुनाव में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का प्रस्ताव

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल निर्वाचन आयोग ने संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का प्रस्ताव किया है। यदि आयोग का यह प्रस्ताव पारित होता है, तो अगले आम चुनाव से महिलाओं के लिए देश में 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित हो जाएंगी। प्रमुख निर्वाचन आयुक्त दिनेश थपलिया ने गृह मंत्रालय को भेजे प्रस्ताव में महिलाओं के लिए प्रत्यक्ष निर्वाचन में ही 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का प्रस्ताव किया है। थपलिया का कहना है नेपाल के संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक नेपाल की महिलाओं को प्रत्यक्ष राजनीति में भागीदारी बढ़ाने के लिए यह प्रस्ताव किया गया है। संसद में वैसे तो अभी भी 33 प्रतिशत आरक्षित सीट हैं, लेकिन यह प्रत्यक्ष चुनाव के बदले समानुपातिक सीटों से पूरा किया जाता है।

# रामल्लाह पहुंचे रिहा किए गए फिलिस्तीनी कैदी

**रामल्लाह/यरूशलेम (आईएएनएस)।** इजरायल की ओर से रिहा किए गए फिलिस्तीनी कैदियों को लेकर दो बसें पश्चिमी तट के रामल्लाह पहुंचीं। कैदियों के इसे 'खुशी और दर्द दोनों का लम्हा' बताया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरुवार को फिलिस्तीनी बंदियों का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा हुए। वे लोग जश्न में नारे लगा रहे थे और झंडे लहरा रहे थे। रिहा किए गए कैंदियों के परिवार उनका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और उनमें से कई अपनों से मिलकर फूट-फूट कर रोने लगे। एक कैदी के रिश्तेदार समाह अबेद ने कहा, यह खुशी और दर्द दोनों का लम्हा है। उन्होंने रिहाई पर राहत व्यक्त की, लेकिन इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष पर निराशा भी जाहिर की।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

# सेना ने दो आतंकवादियों को किया ढेर

- *स्थानीय लोगों की सूचना पर सेना ने की कार्रवाई*



**एजेंसी। पुंछ (आईएएनएस)**
सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और दो आतंकवादियों को मार गिराया। नगरोटा स्थित व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने बताया कि गुरुवार रात एलओसी पर आतंकवादी गतिविधि का पता चला। सतर्क सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों को घेर लिया। इसके बाद मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। सेना ने बाद में इलाके में तलाशी अभियान चलाया और हथियार व युद्ध सामग्री बरामद की। सेना ने कहा कि ऑपरेशन अभी जारी है।

व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने एक पोस्ट में कहा, कल रात पुंछ सेक्टर में लाइन ऑफ कंट्रोल पर आतंकवादी गतिविधि का पता चला। सतर्क सैनिकों ने तत्परता दिखाते हुए घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को घेर लिया। इसके बाद जबरदस्त गोलाबारी हुई। ऑपरेशन पूरे दिन चलता रहा।

स्थानीय लोगों ने इलाके में कुछ संदिग्ध लोगों को देखे जाने की सूचना दी थी, जिसके बाद गुरुवार को सुरक्षा बलों ने जम्मू संभाग के डोडा जिले में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। डोडा ऑपरेशन से एक दिन पहले, सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के ओवर-ग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए राजौरी जिले के 25 स्थानों पर तलाशी ली। ओजीडब्ल्यू आतंकवादियों के लिए आंख और कान का काम करते हैं। वे उन्हें रसद सहायता प्रदान करते हैं, हथियार पहुंचाते हैं और सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नजर रखते हैं। खुफिया एजेंसियों ने यह भी बताया कि ओजीडब्ल्यू आतंकवादियों के लिए उन इलाकों में आतंक फैलाने के लिए आसान और निहत्थे ठिकानों की पहचान करते हैं।

वर्ष 2024 में आतंकवादियों द्वारा कुछ कायराना हमलों के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ आक्रामक अभियान शुरू किया था। 20 अक्टूबर, 2024 को दो आतंकवादियों ने गांदरबल जिले के गगनगीर में एक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के श्रमिकों के शिविर में घुसकर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इस हमले में इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के छह गैर-स्थानीय कर्मचारियों और एक स्थानीय डॉक्टर सहित सात नागरिक मारे गए थे। 2 नवंबर, 2024 को आतंकवादियों ने व्यस्त संडे मार्केट में एक ग्रेनेड फेंका था। इस हमले में तीन बच्चों की 42 वर्षीय मां की मौत हो गई थी और 11 अन्य नागरिक घायल हो गए थे।

# फिरोजपुर-फजिल्का हाइवे पर भीषण हादसा, सात की मौत, कई घायल

### 8 की हालत गंभीर, खड़े कैंटर से टकरा गई थी पिकअप वैन

**एजेंसी। चंडीगढ़ (आईएएनएस)**
पंजाब के फिरोजपुर-फाजिल्का हाइवे पर शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। इनमें से आठ की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया गया कि गांव गोलुका मोड़ के पास एक खड़े कैंटर ट्रक को पीछे से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप वैन ने टक्कर मार दी। पिकअप में करीब 15 से ज्यादा वेटर सवार थे, जो जलालाबाद की ओर जा रहे थे।

घटनास्थल से आई तस्वीरों को देख कर हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। पिकअप वैन का आगे का भाग पूरी तरह से चकनाचूर हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के बाद चीख पुकार मच गई थी। उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। लोगों के मुताबिक जिस कैंटर को टक्कर मारी गई, वह खराब पड़ा था।



घटना की सूचना मिलते ही सदर पुलिस और सड़क सुरक्षा बल की टीमें मौके पर पहुंची। घायलों को तुरंत गुरुहरसहाय, जलालाबाद और फिरोजपुर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जबकि कुछ गंभीर रूप से घायलों को फरीदकोट के गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के शवों को जलालाबाद सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। पुलिस के मुताबिक मृतकों के परिजनों को सूचित किया जा रहा है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। इससे पहले, 27 दिसंबर को पंजाब के बठिंडा में एक भीषण सड़क हादसा हो गया था। इस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 18 लोग घायल हो गए थे।

### भारत समेत ब्रिक्स के अन्य देशों को ट्रंप की धमकी

# डॉलर को करना होगा स्वीकार

**बोले अमेरिकी राष्ट्रपति**

- *ऐसा नहीं हुआ, तो 100 प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ेगा*
- *यह पहली बार नहीं है, जब ट्रंप ने इस तरह की चेतावनी दी है*

**एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को डी-डॉलराइजेशन के खिलाफ अपना रुख स्पष्ट करते हुए ब्रिक्स देशों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर ब्रिक्स ने वैश्विक व्यापार में मुख्य मुद्रा के रूप में अमेरिकी डॉलर को हटाने की कोशिश की, तो उनके निर्यात पर 100 फीसदी शुल्क लगा दिया जाएगा।

एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार कहा कि ब्रिक्स देशों को वैश्विक व्यापार में अमेरिकी डॉलर की भूमिका को स्वीकार करना होगा, या फिर आर्थिक नतीजे भुगतने पड़ेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक यह पहली बार नहीं है, जब राष्ट्रपति ट्रंप ने इस तरह की चेतावनी दी है। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने के कुछ सप्ताह बाद 30 नवंबर को उन्होंने यही धमकी दी थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने एक पोस्ट में लिखा, यह विचार कि ब्रिक्स देश डॉलर से दूर जाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि हम खड़े होकर देख रहे हैं, खत्म हो चुका है। एनडीटीवी ने अमेरिकी राष्ट्रपति की एक पोस्ट का हवाला देते हुए कहा, हमें इन शत्रुतापूर्ण देशों से यह प्रतिबद्धता चाहिए कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर की जगह पर किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे, अन्यथा उन्हें 100 प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ेगा, उन्हें अद्भुत अमेरिकी अर्थव्यवस्था को अपना सामान बेचने से मना करना पड़ेगा।

ट्रंप ने शुक्रवार को अपने पोस्ट में लिखा, वे किसी दूसरे बेवकूफ देश को खोज सकते हैं। इस बात की कोई संभावना नहीं है कि ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय व्यापार में या कहीं और अमेरिकी डॉलर की जगह ले लेगा, और जो भी देश ऐसा करने की कोशिश करेगा, उसे टैरिफ को नमस्ते और अमेरिका को अलविदा कहना चाहिए। कई सालों से ब्रिक्स समूह के देश अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भले ही समूह के पास अभी तक एक आम मुद्रा नहीं है, लेकिन इसके सदस्य देश, जिनमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं, हाल ही में अपनी स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा दे रहे हैं।

## आप चाहते हैं, मैं तैराकी करूं : डोनाल्ड ट्रंप


**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** वाशिंगटन डीसी में बुधवार को हुए भीषण विमान हादसे के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से दुर्घटना स्थल पर जाने को लेकर जब सवाल किया गया, तो उन्होंने हैरान करने वाला जवाब दिया। उनका यह बयान अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक पत्रकार ने जब ट्रंप से पूछा कि क्या उनकी क्रैश साइट पर जाने की कोई योजना है तो उन्होंने कहा, मेरे पास घूमने की योजना है, लेकिन साइट की नहीं, क्योंकि आप मुझे बताइए, साइट क्या है पानी? आप चाहते हैं कि मैं



तैराकी करूं? यह दुर्घटना बुधवार की रात को हुई, जब रीगन वाशिंगटन नेशनल एयरपोर्ट के पास एक अमेरिकन एयरलाइंस जेट ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। विमान में 64 लोग और हेलीकॉप्टर में तीन सैन्यकर्मी सवार थे, जिनमें से सभी के मृत होने की आशंका है। विजुअल्स में दिखाया गया कि हेलीकॉप्टर से टकराने के बाद विमान आग के गोले में बदल गया और दोनों पोटोमैक नदी में गिर गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि किसी के बचने की उम्मीद नहीं है और गुरुवार शाम (स्थानीय समय) तक नदी के ठंडे पानी से 40 शव बरामद किए गए थे।

# सूक्ष्म भेदभाव महिलाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने



शुक्रवार को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के 33वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यस्थल, राजनीति या किसी अन्य स्थान पर सूक्ष्म भेदभाव महिलाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने महिला आयोग को इस विषय पर मंथन कर राष्ट्रीय दावा तैयार करने की सलाह दी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण हमारे पास पहली बार एक संवैधानिक नुस्खा है। महिलाएं हर सीमा को पार कर रही हैं और वे रक्षा बलों में युद्धक पदों पर हैं। चारों ओर एक ऐसा इकोसिस्टम है, जो उनके लिए सकारात्मक है। उन्होंने कहा कि आयोग को सूचना के प्रसार और रचनात्मक अनुनय का चलन शुरू करना चाहिए। सनसनी पैदा करना या सुर्खियों में आने के लिए दबावपूर्ण तंत्र का उपयोग करना अंतिम प्राथमिकता होनी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने मीडिया से बेहद संवेदनशील होने का आग्रह किया।

उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा देश का बजट पेश करने को ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि कल वित्त मंत्री एक और इतिहास रचेंगी। सबसे अधिक बजट पेश करने वाली पहली महिला वित्त मंत्री बन जाएंगी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हावी होने की पुरुष की इच्छा, उत्कृष्ट मानवीय प्रवृत्ति नहीं है।

यह हमारी मानवीय आत्मा में फिट नहीं बैठता है, लेकिन हम इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि पुरुष हमेशा हावी होने के लिए इच्छुक होते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रभुत्व को समाप्त करना होगा। इसलिए हम व्यापार, उद्योग, वाणिज्य, व्यवसाय, राजनीति, शिक्षा और इस तरह के अन्य क्षेत्रों में ऐसी व्यवस्था बनाएं कि वित्तीय लाभ में महिलाओं को समान दर्जा मिले। आयोग को इस मुद्दे से निपटना होगा।

# कांकेर में महिला समेत 7 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण




- *अब तक कई मुठभेड़, आगजनी व आईईडी विस्फोट में रह चुके हैं शामिल*

**एजेंसी। कांकेर (हि.स.)**
छत्तीसगढ़ के उत्तर बस्तर के कांकेर जिले में शुक्रवार को नक्सली गतिविधि में सक्रिय 32 लाख रुपए के 7 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। सभी नक्सली उत्तर बस्तर के रावघाट, परतापुर एरिया कमेटी और गढ़चिरौली डिवीजन में सक्रिय थे। ये नक्सली अब तक कई वारदातों मुठभेड़, आगजनी और आईईडी विस्फोट में शामिल रह चुके हैं। कांकेर डीआईजी ने बताया कि आत्मसमर्पित सात इनामी नक्सलियों में सीनियर डीवीसीएम महिला नक्सली ममता भी शामिल है, जो कई बड़ी नक्सल घटनाओं में शामिल रह चुकी है। साल 2025 में जनवरी महीने में अभी तक कांकेर में 18 नक्सली ने आत्मसमर्पण कर चुके हैं।
आत्मसमर्पण करने वाले इन सातों नक्सलियों में ममता उर्फ शांता, दिनेश मट्टामी, आयतु राम पोटाई, इतवारीन पद्दा, संजय नरेटी, सगनु राम आंचला और जमुना नेताम उर्फ नीरा शामिल हैं। इन्होंने डीआईजी अमित तुकाराम काम्बले, डीआईजी विपुल मोहन बाला (बीएसएफ सेक्टर कन्हारगांव, भानुप्रतापपुर), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आईके एलेसेला, भानुप्रतापपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल, कांकेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा और अन्य पुलिस अधिकारी के समक्ष आज आत्म समर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित करने वाले नक्सलियों में डीवीसीएम कैडर के ममता सहित 3 नक्सलियों पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। एक नक्सली पर 5 लाख रुपए और 3 अन्य पर 1-1 लाख रुपये का इनाम था। आत्मसमर्पण के बाद पुनर्वास नीति के तहत उन्हें प्रोत्साहन राशि के रूप में 25-25 हजार रुपए प्रदान किए गए हैं।

# किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर पद से ममता कुलकर्णी को हटाया गया

### लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को भी अध्यक्ष पद से हटा दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता**
**प्रयागराज।** ममता कुलकर्णी ने महाकुंभ में जाकर संन्यास ले लिया और साथ ही वे किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर भी बन गई थीं। मगर, वे ये पद खो चुकी हैं। उनके महामंडलेश्वर बनने को लेकर काफी विवाद हो रहा था और तमाम लोगों ने इस पर आपत्ति जताई थी। अब किन्नर अखाड़े के संस्थापक अजय दास ने ममता कुलकर्णी को इस पद से हटा दिया है, साथ ही, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को भी अखाड़े से हटा दिया है।

बताया जा रहा है कि अजय दास ने लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी पर नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को अजय दास ने अखाड़े के पुनर्गठन की योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा, जल्द ही नए आचार्य महामंडलेश्वर की नियुक्ति की जाएगी।



**ममता कुलकर्णी ने किया था पिंडदान**

24 जनवरी 2025 को ममता कुलकर्णी ने अपना पिंडदान कर संन्यास लिया था। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि उर्फ टीना मां ने पीटीआई-भाषा को बताया कि ममता कुलकर्णी ने शुक्रवार को गंगा नदी के तट पर अपना पिंड दान किया। रात करीब आठ बजे किन्नर अखाड़े में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनका महामंडलेश्वर पद पर अभिषेक किया गया। इस प्रेरण के साथ, ममता कुलकर्णी श्रद्धेय महामंडलेश्वरों की श्रेणी में शामिल हो गई हैं। यह उपाधि उन आध्यात्मिक नेताओं को दी जाती है, जो धार्मिक प्रवचन और सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत ने उठाए सवाल

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने इसके बारे में कहा, मैं पूछना चाहता हूं कि लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को निष्कासित करने वाले वह (ऋषि अजय दास) कौन हैं। सभी 13 अखाड़ों ने उनका समर्थन क्या है। जिन्होंने उन्हें निष्कासित किया है, मैं उनसे पूछना चाहता हूं। वह कौन हैं? मैंने पहली बार उनका नाम सुना है, जो किन्नर अखाड़े के संस्थापक होने का दावा कर रहे हैं, हम लक्ष्मी नारायण के साथ हैं, क्योंकि हम उन्हें ही जानते हैं। वैराग्य (तपस्या) किसी भी स्तर पर हो सकता है जीवन की। अगर ममता कुलकर्णी स्वेच्छा से किन्नर अखाड़े में शामिल होना चाहती हैं, तो इसमें किसी को कोई आपत्ति क्यों होनी चाहिए? हम ममता कुलकर्णी के साथ हैं। वे दोनों बसंत पंचमी पर जूना अखाड़े के साथ पवित्र स्नान करेंगे।

## श्रीलंका की इशादी मिसेज वर्ल्ड प्रतियोगिता में बनीं फर्स्ट रनरअप

**कोलंबो (हि.स.)।** श्रीलंका की इशादी अमांडा ने अमेरिका के लास वेगास में



आयोजित 40वीं मिसेज वर्ल्ड प्रतियोगिता में फर्स्ट रनरअप (उप विजेता) का खिताब जीतकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। इशादी अमांडा ने पिछले महीने कोलंबो में आयोजित मिसेज श्रीलंका का ताज पहनना था। श्रीलंका के समाचार पत्र डेली न्यूज के अनुसार इसकी घोषणा अमेरिका के लास वेगास में स्थानीय समयानुसार आज सुबह की गई। 40वीं मिसेज वर्ल्ड का खिताब दक्षिण अफ्रीका की त्शेगो गेले ने अपने नाम किया। दूसरा स्थान श्रीलंका की इशानी अमांडा को मिला। इशादी अमांडा ने इस कामयाबी का श्रेय मिसेज श्रीलंका वर्ल्ड की राष्ट्रीय निदेशक चंडीमल जयसिंघे और कोच रुकमल सेनानायके को दिया है। इशादी अमांडा ने पिछले महीने कोलंबो में आयोजित मिसेज श्रीलंका का ताज पहनना था। वर्ष 1984 में मिसेज वर्ल्ड का ताज जीतने वाली रोजी सेनानायके भी इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। थाईलैंड की प्लॉय पैनपर्म को दूसरा रनरअप घोषित किया गया।

### अमेरिकी सीनेट में सनातन की 'गूंज'

# काश पटेल ने 'जय श्री कृष्ण' कहकर जीता दिल

**एजेंसी। वाशिंगटन (आईएएनएस)**
राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से एफबीआई प्रमुख के तौर पर नामित कश्यप 'काश' पटेल का दो वीडियो तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। दरअसल ये दोनों वीडियो गुरुवार को सीनेट न्यायपालिका समिति के समक्ष पटेल की 'कन्फर्मेशन' सुनवाई के हैं। एक वायरल वीडियो में, भारतीय मूल के वकील पटेल सीनेट में सुनवाई से पहले अपने माता-पिता के पैर छूने के लिए झुकते हुए दिखाई दे रहे हैं। दूसरे वीडियो में पटेल अपने माता-पिता का परिचय कराते हुए 'जय श्री कृष्ण' बोलते हैं। वह कहते हैं, मैं अपने पिता प्रमोद और अपनी मां अंजना का स्वागत करना चाहूंगा, जो आज यहां बैठे हैं। वे भारत से यहां आए हैं। मेरी बहन निशा भी यहां हैं। वह भी मेरे साथ रहने के लिए महासागर पार से आई हैं। आप लोगों का यहां होना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। जय श्री कृष्ण।



*एफबीआई प्रमुख के तौर पर नामित किए गए हैं कश्यप 'काश' पटेल*

पटेल कहते हैं कि वे न केवल अपने माता-पिता के सपनों को लेकर चल रहे हैं, बल्कि न्याय, निष्पक्षता और कानून के शासन के पक्ष में खड़े लाखों अमेरिकियों की उम्मीदों को भी आगे लेकर जा रहे हैं। पटेल ने बताया कि उनके पिता युगांडा में इदी अमीन की नरसंहारकारी तानाशाही से बचकर भाग गए थे, जहां तीन लाख पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को उनकी जातीयता के आधार पर मार दिया गया था 'सिर्फ इसलिए कि वे मेरे जैसे दिखते थे।'

पटेल का कानून और राष्ट्रीय सुरक्षा में लंबा करियर रहा है। उन्होंने एक सार्वजनिक वकील के रूप में शुरूआत की, राज्य और संघीय अदालतों में हत्या से लेकर वित्तीय अपराधों तक के जटिल मामलों की सुनवाई की। बाद में वे न्याय विभाग (डीओजे) में चले गए, जहां उन्होंने आतंकवाद के अभियोजक के रूप में काम किया। उनके पास अल-कायदा और आईएसआईएस से जुड़े अपराधियों के अभियोजन की जिम्मेदारी रही।

# मंदिरों में वीआईपी दर्शन को चुनौती वाली याचिका पर सुनवाई से एससी का इनकार

**एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)**
देशभर के मंदिरों में वीआईपी और पैसे देकर दर्शन व्यवस्था को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हम भी आपके विचार से सहमत हैं कि दर्शन और पूजन में किसी को कोई विशेष वरीयता नहीं दी जानी चाहिए, लेकिन अनुच्छेद 32 के तहत हम सुनवाई नहीं कर सकते हैं। यह याचिका विजय कुमार गोस्वामी ने दायर की थी।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था से कई जगहों पर मंदिर में भगदड़ की घटनाएं हो चुकी हैं। यह



सरकारों का संवैधानिक दायित्व है कि वह असमानता दूर करने के लिए कदम उठाएं। याचिका में कहा गया था कि मंदिरों में विशेष या जल्द दर्शन के लिए अतिरिक्त वीआईपी दर्शन शुल्क वसूलना मूल अधिकारों का उल्लंघन है। यह उन भक्तों के साथ भेदभाव होता है, जो ऐसे शुल्क नहीं दे सकते। यहां तक कि मंदिरों में वीआईपी के लिए अलग से सुविधा होने के चलते महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांग लोगों को भी दर्शन के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है।